हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक )

पेज : 08

तिलक को कोहली जैसी भूमिका निभानी ...



www.naisochlive.com | पटना, गुरुवार, 26 फरवरी 2026, वर्ष- 09, अंक- 05, पृष्ठ-12, मूल्य - 3:00 | naisochexpress@gmail.com

# पीएम मोदी 9 साल बाद इजराइल पहुंचे

## इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने पत्नी के साथ एयरपोर्ट पर रिसीव किया

**एजेंसी। तेल अवीव**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के इजराइल दौरे पर पहुंचे हैं। इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा नेतन्याहू ने एयरपोर्ट पर मोदी को रिसीव किया। इस दौरान राष्ट्रगान के साथ पीएम का स्वागत किया गया। पीएम मोदी और नेतन्याहू ने राजधानी तेल अवीव में प्राइवेट बातचीत भी की। मोदी 9 साल बाद इजराइल पहुंचे हैं। इससे पहले वे जुलाई 2017 में गए थे। मोदी आज इजराइल की संसद को भी संबोधित करेंगे। वे ऐसा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री होंगे। इसके अलावा वे भारतीय समुदाय के कार्यक्रम में भी शामिल होंगे और टेक्नोलॉजी प्रदर्शनी का दौरा करेंगे।

**भारत-इजराइल में हथियारों की डील पर बातचीत संभव** : मोदी के इस दौरे पर भारत और इजराइल के हथियारों से जुड़ी डील पर बातचीत की संभावना है। इनमें ड्रोन और एंटी बैलिस्टिक मिसाइल सिस्टम शामिल हैं। इजराइली अखबार, द जेरूसलम पोस्ट ने पीएम मोदी के दौरे पर उनके स्वागत के लिए एक खास फ्रंट पेज छापा। फ्रंट पेज पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर के साथ हिंदी में लिखा 'नमस्ते' नजर आ रहा है। वहीं उसके बगल में हिब्रू भाषा में भी 'शालोम' लिखा है, जिसका मतलब हेलो या नमस्ते है। इसका दूसरा अर्थ शांति भी होता है। आधिकारिक प्रवक्ता के अनुसार, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25-26 फरवरी को इजराइल की राजकीय यात्रा पर रवाना हुए हैं। यह प्रधानमंत्री की इजराइल की दूसरी यात्रा है। इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी इजराइल में नेतन्याहू से मुलाकात करेंगे। दोनों नेता भारत-इजराइल रणनीतिक साझेदारी में हुई महत्वपूर्ण प्रगति की समीक्षा करेंगे और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, नवाचार, रक्षा एवं सुरक्षा, कृषि, जल प्रबंधन, व्यापार एवं अर्थव्यवस्था तथा जन-समुदाय के आदान-प्रदान सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के अवसरों पर चर्चा करेंगे। दोनों नेताओं के बीच पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान होने की उम्मीद है।

## चुनाव आयोग के सम्मेलन में 'राष्ट्रीय घोषणा' को अपनाया गया

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) और राज्य चुनाव आयुक्तों (एसईसी) के मंगलवार को आयोजित राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन में 'राष्ट्रीय घोषणा 2026' को सर्वसम्मति से अपनाया गया। साथ ही यह संकल्प लिया गया कि इस प्रकार की बैठक अब हर वर्ष आयोजित की जाएगी। चुनाव आयोग के मुताबिक 27 वर्षों के अंतराल के बाद आयोजित इस सम्मेलन में 30 राज्यों के राज्य निर्वाचन आयुक्तों ने भाग लिया। सम्मेलन की अध्यक्षता मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने की। इस अवसर पर निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी भी उपस्थित रहे। सम्मेलन में चुनावी प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने पर विस्तृत चर्चा हुई। इसमें ईसीआईनेट, ईवीएम, मतदाता सूची प्रबंधन और प्रशिक्षण सुविधाओं को राज्यों के साथ साझा करने पर सहमति बनी। राज्य निर्वाचन आयुक्तों ने कहा कि शुद्ध और अद्यतन मतदाता सूची लोकतंत्र की बुनियाद है तथा पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया लोकतांत्रिक संस्थाओं को सुदृढ़ करती है। राष्ट्रीय घोषणा 2026 में यह भी तय किया गया कि पंचायत और नगर निकाय चुनावों से संबंधित कानूनों को संसद और विधानसभा चुनावों से जुड़े प्रावधानों के साथ समन्वय में लाया जाएगा, ताकि चुनावी प्रक्रिया में एकरूपता सुनिश्चित हो सके। निर्वाचन आयोग ने राज्यों से अपने अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी का आग्रह भी किया। सम्मेलन में राज्यों से प्राप्त सुझावों की समीक्षा के लिए कानूनी और तकनीकी अधिकारियों की एक संयुक्त टीम गठित करने का निर्णय लिया गया। यह टीम तीन महीने के भीतर राज्यवार कार्ययोजना तैयार कर आयोग को सौंपेगी।

## राष्ट्र निर्माण में स्वस्थ नागरिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्णः राष्ट्रपति


**एजेंसी। बुलढाणा**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले के शिरगांव में आयोजित राष्ट्रीय आरोग्य मेला 2026 का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि संत गजानन महाराज की पावन भूमि पर स्वास्थ्य और जनकल्याण को समर्पित कार्यक्रम का उद्घाटन करना उनके लिए हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा कि हमारी परंपरा में "आरोग्यं परमं सुखम्" कहा गया है अर्थात अच्छा स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा सुख है। राष्ट्र निर्माण में स्वस्थ नागरिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। राष्ट्रपति ने कहा कि आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, सोवा-रिग्पा और होम्योपैथी जैसी आयुष प्रणालियां केवल उपचार तक सीमित नहीं हैं बल्कि संतुलित आहार, दिनचर्या, ऋतुचर्या, योग और ध्यान पर आधारित समग्र जीवनशैली ढांचा प्रस्तुत करती हैं। उन्होंने कहा कि आज विश्व यह समझ रहा है कि वास्तविक स्वास्थ्य शरीर और मन के संतुलन से ही संभव है। महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने आयुर्वेद को प्रकृति पर आधारित कालातीत वैज्ञानिक परंपरा बताया। उन्होंने कहा कि हमारे ऋषि-मुनि प्रथम शोधकर्ता थे, जिन्होंने पंचमहाभूतों पर आधारित शरीर विज्ञान की गहरी समझ विकसित की। उन्होंने गुणवत्ता, प्रामाणिकता और अनुसंधान को सुदृढ़ करने पर बल दिया। केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव ने राष्ट्रीय आरोग्य मेले को भारतीय पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों का "महाकुंभ" बताया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल स्वास्थ्य शिविर नहीं बल्कि देश की समग्र स्वास्थ्य परंपरा को जन-जन तक पहुंचाने का राष्ट्रीय अभियान है। उन्होंने आयुष पर्यटन की अपार संभावनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत समग्र वेलनेस के क्षेत्र में "विश्व का मुकुट" बन सकता है। इससे रोजगार सृजन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और औषधीय पौधों की खेती को भी बढ़ावा मिलेगा। आयुष मंत्रालय के सचिव राजेश कोटेचा ने कहा कि आरोग्य मेले जन-जागरूकता और प्रामाणिक आयुष पद्धतियों के प्रदर्शन का प्रभावी मंच हैं। मंत्रालय गुणवत्ता, अनुसंधान और वैश्विक सहयोग को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने आयुर्वेद के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित चिकित्सकों को 'लाइफटाइम आयुर्वेदिक गौरव सम्मान' प्रदान किया। सम्मानित होने वालों में वैद्य देवेंद्र त्रिगुणा, वैद्य राकेश शर्मा, आशुतोष गुप्ता, मनीषा कोटकर, पीएम वैरियर और रामदास शामिल रहे। मेले में निःशुल्क परामर्श, औषधि वितरण, विशेषज्ञ व्याख्यान और औषधीय पौधों की खेती से जुड़े किसानों के लिए विशेष सत्र आयोजित किए गए। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री रक्षा खड़से सहित अनेक जनप्रतिनिधि और आयुष विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली के कश्मीरी गेट पर लॉरेंस बिश्नोई की लीगल टीम की कार पर ताबड़तोड़ फायरिंग, एक घायल



**नई दिल्ली**। देश की राजधानी दिल्ली का कश्मीरी गेट इलाका मंगलवार रात गोलियों की तड़तड़ाहट से थर्रा उठा। आईएसबीटी के पास स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर के सामने बेखौफ बदमाशों ने एक कार को निशाना बनाते हुए अंधाधुंध फायरिंग की। कार में सवार पांच लोगों में से एक ने खुद को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की लीगल टीम का वकील होने का दावा किया है। इस जानलेवा हमले में कार सवार एक युवक को दो गोलियां लगी हैं, जिसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद इलाके में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और हमलावरों की तलाश तेज कर दी गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, यह वारदात रात करीब 10:30 बजे की है। कार में सवार अधिवक्ता दीपक खत्री अपने सहयोगियों और संदीप नामक शख्स के साथ हनुमान मंदिर में दर्शन करने आए थे। जैसे ही दर्शन करने के बाद सभी लोग कार में बैठे और ड्राइवर ने गाड़ी आगे बढ़ानी शुरू की, तभी अज्ञात बदमाशों ने कार पर पीछे से धावा बोल दिया। बदमाशों ने ताबड़तोड़ चार राउंड फायरिंग की, जिससे कार का पिछला शीशा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। इस हमले में पीछे की सीट पर बैठे संदीप को कंधे के पास दो गोलियां लगीं। गोलियां चलने से मौके पर भगदड़ मच गई, जिसका फायदा उठाकर हमलावर फरार होने में कामयाब रहे। वारदात के समय कार के ड्राइवर ने सूझबूझ का परिचय दिया और घबराने के बजाय कार की रफ्तार बढ़ाकर उसे सुरक्षित स्थान की ओर ले गया।

### अमेरिकी सैनिक टॉयलेट रोककर करेंगे जंग! क्या यूएसएस गेराल्ड आर फोर्ड जाएगा वापस?



**वाशिंगटन**। अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध जैसे हालात हैं। ईरान ने दशकों में पहली बार इस इलाके में अपनी सबसे बड़ी सैन्य ताकत झोंक दी है। जवाब में अमेरिका ने परमाणु ऊर्जा से चलने वाले अपने सबसे शक्तिशाली एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस गेराल्ड आर फोर्ड को मोर्चे पर लगा दिया है, लेकिन इस 13 बिलियन डॉर् की लागत वाले जहाज के अंदर एक गंभीर मानवीय संकट खड़ा हो गया है। जहाज के 650 टॉयलेट में से ज्यादातर काम करना बंद कर चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यूएस ने इस इलाके में यूएसएस गेराल्ड आर फोर्ड को भी तैनात किया है, जिसे दुनिया का सबसे बड़ा एयरक्राफ्ट कैरियर माना जाता है, लेकिन इन सबके बीच यूएसएस गेराल्ड आर फोर्ड पर विदेश में तैनात नाविकों को एक अलग समस्या का सामना करना पड़ रहा है जो है टॉयलेट संकट। यह एयरक्राफ्ट कैरियर पिछले साल जून से समुद्र में है। इसने जनवरी में वेनेजुएला के पूर्व प्रेसिडेंट निकोलस मादुरो को पकड़ने में अहम भूमिका निभाई थी, लेकिन फोर्ड की तैनाती को और बढ़ाने के अमेरिकी प्रेसिडेंट के फैसले ने इसके लिए कई समस्याएं खड़ी कर दी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक लंबे समय तक तैनाती के कारण फोर्ड का सीवेज सिस्टम खराब हो गया है।

## मुख्यमंत्री ने अपनी धर्मपत्नी एवं समाजसेवी स्व0 मंजू सिन्हा की जयंती के अवसर पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी

**नई सोच एक्सप्रेस। पटना**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी धर्मपत्नी एवं समाजसेवी स्व० मंजू सिन्हा की जयंती के अवसर पर कंकड़बाग स्थित स्व० मंजू सिन्हा स्मृति पार्क में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

## त्सोमगो झील के पास फंसे 2,700 से अधिक पर्यटकों को सुरक्षित बचाया गया

**एजेंसी। गंगटोक**



पूर्वी सिक्किम में मौजूद त्सोमगो झील (चांगू झील) के पास भारी बर्फबारी के कारण फंसे 2,700 से अधिक पर्यटकों को सुरक्षित बचाया गया है। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि शेराथांग और आसपास के ऊंचाई वाले इलाकों में तेज हिमपात से सड़कें पूरी तरह अवरुद्ध हुई थीं। हालात इतने खराब थे कि '15वें मील' से त्सोमगो झील के बीच का संपर्क कट गया और कुल 541 पर्यटक वाहन बर्फ में फंस गए। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, इन वाहनों में सवार 2,736 पर्यटक कठिन परिस्थितियों में फंसे हुए थे। शून्य से नीचे तापमान (सब-ज़ीरो) और कम दृश्यता के बीच राहत एवं बचाव दलों ने समन्वित अभियान चलाया। यह रेस्क्यू ऑपरेशन मंगलवार देर रात तक जारी रहा। प्रशासन, पुलिस और अन्य संबंधित एजेंसियों के संयुक्त प्रयासों से सभी वाहनों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया गया और सभी पर्यटकों को सकुशल बाहर निकाल लिया गया। बर्फबारी इतनी तीव्र थी कि सड़क पर चलना तक मुश्किल हो गया था। कई स्थानों पर बर्फ की मोटी परत जमने से वाहन फिसल रहे थे और यातायात पूरी तरह ठप हो गया था। ऐसे में राहत दलों ने प्राथमिकता के आधार पर पर्यटकों को सुरक्षित निकालने का काम किया। घटना के बाद सिक्किम पर्यटन विभाग ने पर्यटकों और टूर ऑपरेटरों के लिए सख्त एडवाइजरी जारी की है। विभाग ने कहा है कि यात्रा से पहले मौसम विभाग के अलर्ट अवश्य जांचें। बर्फबारी वाले क्षेत्रों में टायरों पर 'स्नो चेन' का उपयोग अनिवार्य रूप से करें ताकि वाहन फिसलने से बचें। साथ ही, वाहनों में पर्याप्त भोजन, गर्म कपड़े और आपातकालीन किट रखना जरूरी है। यह घटना पहाड़ी क्षेत्रों में मौसम की अनिश्चितता और सावधानी की अहमियत को रेखांकित करती है।

## जल्द बांग्लादेश लौटेंगे और सड़कों पर संघर्ष भी करेंगेः शेख हसीना



**नई दिल्ली**। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने महीनों की खामोशी के बाद एक ऐसा कदम उठाया है जिसने ढाका के सियासी गलियारों में हलचल तेज कर दी है। जुलाई 2024 के तख्तापलट और हिंसक विद्रोह के बाद भारत में शरण लेने वाली शेख हसीना ने अब अपने वतन लौटने की तैयारी का स्पष्ट संकेत दे दिया है। दिल्ली से अपनी पार्टी, आवामी लीग के नेताओं के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संवाद करते हुए उन्होंने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से मानसिक और शारीरिक रूप से संघर्ष के लिए तैयार रहने को कहा है। उन्होंने दो-टूक शब्दों में कहा, बोरिया-बिस्तर बांध लो, अब देश लौटने और मैदान में उतरने का वक्त आ गया है। शेख हसीना का यह बयान ऐसे समय में आया है जब बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने उन पर कई गंभीर मुकदमे दर्ज किए हैं और उनकी पार्टी पर कई तरह की पाबंदियां लगा दी गई हैं। दिल्ली में हुई इस महत्वपूर्ण बैठक के दौरान हसीना ने न केवल अपनी वापसी का संकल्प दोहराया, बल्कि मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार की वैधता पर भी गंभीर सवाल खड़े किए।

## आईआरसीटीसी की 'ई-पेंट्री मील बुकिंग सर्विस' को मिले 65 हजार से ज्यादा आर्डर



**नई दिल्ली**। ट्रेन में सफर करने वाले यात्री अपना मील चुनते हैं। इन्हीं यात्रियों की पसंद को समझते हुए आईआरसीटीसी ने आंकड़े जारी किए हैं, जिसमें बताया गया है कि ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर में से यात्रियों को सबसे ज्यादा कौन सा मील पसंद आता है। वंदे भारत, शताब्दी और राजधानी जैसी प्रीमियम ट्रेनों में टिकट के साथ ही मील बुक करने का विकल्प दिया जाता है और इनमें पेंट्री कार नहीं होती। यहां आईआरसीटीसी के बेस किचन से खाना पहुंचाया जाता है। दूसरी ओर कई मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में पेंट्री कार मौजूद होती है, जहां से ऑर्डर पर यात्रियों को भोजन सर्व किया जाता है। हालांकि लंबी दूरी की उन ट्रेनों में समस्या आती है, जिनमें पेंट्री कार नहीं होती है। ऐसी परेशानी को दूर करने के लिए आईआरसीटीसी ने अप्रैल 2025 में 'ई-पेंट्री मील बुकिंग सर्विस' शुरू की थी, जिसने यात्रियों को काफी राहत दी है। यह सेवा सबसे पहले विवेक एक्सप्रेस में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू की गई थी और सफल परीक्षण के बाद इसे 25 मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में लागू किया गया। ई-पेंट्री के तहत यात्री अपनी पसंद का भोजन पहले से ऑनलाइन बुक कर सकते हैं, जो तय समय पर उनकी सीट तक पहुंचा जाता है।

## गांधी परिवार ने हमेशा देशहित से समझौता कियाः पीयूष गोयल



**नई दिल्ली**। केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता पीयूष गोयल ने आरोप लगाया कि गांधी परिवार ने हमेशा देशहित से समझौता किया और इसकी शुरुआत देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से हुई थी। भाजपा मुख्यालय में बुधवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में गोयल ने कहा कि गांधी परिवार समझौतावादी राजनीतिक परिवार रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इतिहास और वर्तमान दोनों इस बात के उदाहरण हैं कि किस प्रकार यह परिवार राष्ट्रहित से समझौता करता रहा है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए गोयल ने उन्हें नकारात्मक राजनीति का पोस्टर बॉय बताया। गोयल ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी विदेशी ताकतों के प्रभाव में देशहित के विरुद्ध बयान देते हैं और भारत की छवि को नुकसान पहुंचाने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का देश विरोधी ताकतों के साथ संबंध है। किस प्रकार से वो बॉर्डर सेंसेटिव एरिया लद्दाख में जाकर साकिर मिराली जैसे विदेशी लोग, जो भारत के हितों के खिलाफ काम करते हैं, उनके साथ संबंध रखते हैं। आज पूरा देश जानता है कि राहुल गांधी किस प्रकार से ओछी राजनीति कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के कार्यकाल में भी ऐसे कई फैसले लिए गए, जिन्हें वे देशहित के प्रतिकूल बताते हैं। गोयल ने 1971 के शिमला एग्रीमेंट का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय 93 हजार पाकिस्तानी युद्धबंदियों को रिहा किया गया लेकिन पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर वापस नहीं लिया गया। उन्होंने बोफोर्स मामले का जिक्र करते हुए कहा कि उस प्रकरण में निष्पक्ष जांच नहीं होने दी गई।

## केंद्र का हिस्सा सीधे किसान के खाते में जाएगाः शिवराज

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पूसा में आयोजित तीन दिवसीय पूसा कृषि विज्ञान मेले का उद्घाटन करते हुए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खेती-किसानी को "विकसित कृषि-आत्मनिर्भर भारत" की दिशा में ले जाने वाले कई बड़े कृषि सुधारों का रोडमैप सामने रखा। उन्होंने साफ संदेश दिया कि अब किसान का पैसा रोक कर रखने की पुरानी व्यवस्था नहीं चलेगी, एमएसपी खरीदी से लेकर केसीसी लोन, पेस्टिसाइड लाइसेंस और केवीके की भूमिका तक हर स्तर पर पारदर्शिता, समयबद्धता और जवाबदेही तय की जाएगी। बुधवार को पूसा स्थित आईसीएआर–आईएआरआई परिसर में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित पूसा कृषि विज्ञान मेले का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पौधारोपण कर किया। इस अवसर पर भारत सरकार के कृषि सचिव देवेश चतुर्वेदी, आईसीएआर के महानिदेशक और कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. एम. एल. जाट और आईएआरआई के निदेशक डॉ. सी. एच. श्रीनिवास राव सहित बड़ी संख्या में वैज्ञानिक, प्रगतिशील किसान और विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सात किसानों को आईएआरआई कृषि अध्येता पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिससे "किसान प्रथम" की भावना को और बल मिला। कृषि रिफॉर्म्स पर अपनी बात रखते हुए शिवराज चौहान ने सबसे पहले किसानों के बकाया भुगतान में देरी का मुद्दा उठाया। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि जो भी एजेंसी या राज्य सरकार किसानों का पैसा रोकेगी, उसे उस राशि पर 12 प्रतिशत ब्याज देना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि किसान को देर से भुगतान और सरकारी खातों में पैसा "पार्क" रखकर लाभ कमाने की प्रवृत्ति अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंत्री ने स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार अपनी ओर से देरी नहीं करेगी और यदि किसी योजना में राज्यों की ओर से भुगतान में विलंब होता है तो भी केंद्र का हिस्सा सीधे किसान के खाते में भेजने के विकल्प पर काम किया जा रहा है। उनका संदेश था कि किसान को कम से कम केंद्र की ओर से मिलने वाला लाभ समय पर और बिना अड़चन के पहुँचे। कृषि यंत्रीकरण, ड्रिप, स्प्रिंकलर, पाली हाउस और ग्रीन हाउस जैसी तकनीकों के लिए दी जा रही सहायता का ज़िक्र करते हुए केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार राज्यों को 18 से अधिक योजनाओं के तहत संसाधन उपलब्ध करा रही है लेकिन केवल पैसा भेज देना पर्याप्त नहीं है।

## कांग्रेस ने भारत के सोलर पैनलों पर 126 फीसदी अमेरिकी शुल्क लगाने की आलोचना की



**नई दिल्ली**। अमेरिकी वाणिज्य विभाग द्वारा भारत से आयातित सोलर सेल्स और पैनलों पर 125.87 प्रतिशत शुल्क लगाने के निर्णय की कांग्रेस ने आलोचना की है। महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि भारत पर अमेरिका का यह कदम बेहद अजीब है। इससे भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की वास्तविकता सामने आ गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस समझौते की सराहना की थी और कहा था कि इससे अमेरिका में भारत के निर्यात के लिए दरवाजे खुलेंगे, वह दरअसल पूरी तरह एकतरफा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि इस समझौते के तहत भारत को अमेरिका से आयात की अनुमति तो मिल जाएगी लेकिन भारत से अमेरिका को निर्यात वहां के राष्ट्रपति की इच्छा पर निर्भर रहेगा। उन्होंने कहा कि आगे बढ़ने का एक ही रास्ता है- भारत को साहस दिखाना होगा और इस समझौते को रोक देना चाहिए। रमेश ने दावा किया कि यह समझौता जैसी स्थिति में है, उससे देशभर के लाखों किसानों पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।

## एनसीईआरटी पढ़ाने जा रही न्यायपालिका में भ्रष्टाचार, सीजेआई हुए नाराज, कहा... बदनाम करने की किसी को इजाजत नहीं

**नई दिल्ली**। देश के सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने नेशनल कॉउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीईआरटी) की कक्षा 8 की नई सामाजिक विज्ञान की पुस्तक में 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' शीर्षक से जोड़े गए अध्याय पर कड़ी नाराजगी जताई है। बुधवार को सुनवाई के दौरान उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी को भी न्यायपालिका को बदनाम करने की अनुमति नहीं दी जाएगी और कानून अपना काम करेगा। मुख्य न्यायाधीश ने संकेत दिया कि वे इस पूरे मामले को स्वयं देखेंगे, क्योंकि यह कदम सोचा-समझा प्रतीत होता है। दरअसल, एनसीईआरटी की नई पाठ्यपुस्तक में न्यायपालिका से जुड़ी चुनौतियों, भ्रष्टाचार के आरोपों और लंबित मामलों की बड़ी संख्या का उल्लेख किया गया है। पुस्तक में दिए गए आंकड़ों के अनुसार सुप्रीम कोर्ट में लगभग 81 हजार, हाईकोर्टों में 62.40 लाख तथा जिला और अधीनस्थ अदालतों में 4.70 करोड़ मामले लंबित हैं। अध्याय में यह भी कहा गया है कि न्यायिक व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार में कानून का राज, निराधार आरोपों के सहारे राजनीतिक रोटी सेंक रहे तेजस्वी : उमेश

**पटना।** बिहार जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व में बिहार में पूरी सख्ती के साथ कानून का राज कायम है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव निराधार आरोपों के सहारे चाहे जितना भ्रम फैलाने की कोशिश कर लें, लेकिन इसका जनता के दिलों-दिमाग पर कोई प्रभाव नहीं पड़ने वाला है, क्योंकि बिहार की जनता सच्चाई से भली-भांति अवगत है। उन्होंने कहा कि लालू-राबड़ी के भ्रष्ट शासनकाल में प्रशासनिक व्यवस्था पंगु हो गई थी, जबकि आज जर्जर थाने आधुनिक एवं सुविधासंपन्न भवनों में परिवर्तित हो चुके हैं। वर्ष 2005 में पुलिस बल की संख्या तकरीबन 42 हजार थी, जो अब बढ़कर 1.10 लाख से अधिक हो चुकी है। पुलिसिंग को मजबूत करने के लिए आधारभूत संरचना का व्यापक विस्तार किया गया है। आधुनिक तकनीक के माध्यम से अनुसंधान की गुणवत्ता में सुधार हुआ है तथा संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। थानों को खटारा वाहनों की जगह अब एसयूवी एवं ऑफ-रोडिंग वाहन उपलब्ध कराए गए हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि डायल-112 सेवा आज कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में एक नई क्रांति के रूप में स्थापित हो चुकी है। बीते तीन वर्षों में डायल-112 के माध्यम से 50 लाख से अधिक लोगों को त्वरित सहायता प्रदान की जा चुकी है तथा इसका रिस्पॉन्स टाइम देशभर में दूसरे स्थान पर है। इन बदलावों के कारण न्याय प्रक्रिया में तेजी आई है और आम नागरिकों में सुरक्षा का भाव सुदृढ़ हुआ है। साथ ही, देश-दुनिया के निवेशक भी बिहार आ रहे हैं तथा नए उद्योग-धंधों की स्थापना हो रही है।

### अल्पसंख्यकों के नाम पर राजनीति, पर सदन में चुप्पी : अंजुम

**पटना।** जदयू प्रदेश प्रवक्ता अंजुम आरा ने मीडिया में जारी बयान में विपक्षी पार्टियों पर तंज कसते हुए कहा कि जब अल्पसंख्यक कल्याण विभाग का बजट सदन के पटल पर प्रस्तुत किया गया, तब यह अपेक्षा थी कि जो दल स्वयं को अल्पसंख्यकों का सबसे बड़ा हितैषी बताते हैं, वे शिक्षा, रोजगार, छात्रवृत्ति और सामाजिक सुरक्षा जैसे मुद्दों पर गंभीर बहस करेंगे। लेकिन आश्चर्यजनक रूप से न कोई प्रश्न उठाया गया, न कोई सुझाव दिया गया और न ही किसी प्रकार की सार्थक चर्चा की गई।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को 896 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 26 करोड़ रुपये अधिक है। यदि वर्ष 2005 के 3.53 करोड़ रुपये के शुरूआती बजट से तुलना की जाए तो आज यह राशि बढ़कर 1,041 करोड़ रुपये (2025-26) तक पहुंच चुकी है, जो 300 गुना से अधिक वृद्धि को दशार्ती है। यह वृद्धि केवल आंकड़ों का विस्तार नहीं, बल्कि नीति-स्तर पर प्राथमिकता और प्रतिबद्धता का संकेत है। सरकार ने 534 प्रखंडों में ब्लॉक अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों की नियुक्ति का लक्ष्य निर्धारित किया है और 1,076 नए पद सृजित किए हैं, जिससे योजनाओं का क्रियान्वयन और अधिक प्रभावी हो सके। मदरसों में स्मार्ट क्लास की व्यवस्था, अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालयों का विस्तार, तलाकशुदा महिलाओं के लिए आर्थिक सहायता तथा 9,000 से अधिक कब्रिस्तानों की घेराबंदी जैसी पहलें इस दिशा में ठोस कदम मानी जा सकती हैं। ये प्रयास दशार्ते हैं कि योजनाएं केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उन्हें जमीन पर उतारने की मंशा भी स्पष्ट है।

### खजाना खाली है इसलिए किसानों को पैसा नहीं मिल रहा पैसा : सुनील

**पटना।** बजट सत्र के दौरान बुधवार सदन में विपक्ष ने बड़ा दावा किया। विधान परिषद में विपक्ष ने दावा किया कि नीतीश सरकार का सरकारी खनाजा खाली है और इसलिए सरकार किसानों को पैसे नहीं दे पा रही है। सदन में सौरभ कुमार ने किसानों को मिलने वाली फसल बीमा योजना को लेकर सवाल किया। उन्होंने दावा किया कि किसानों को अब तक पैसे नहीं मिले हैं। उन्होंने ये भी कहा कि, सरकार का खजाना खाली है तो सरकार किसानों को पैसा कहां से देगी। एमएलसी सौरभ कुमार के सवाल पर सरकार की ओर से सहकारिता मंत्री प्रमोद कुमार ने कहा कि, सरकार चरणबद्ध तरीके से किसानों को पैसा भेज रही है। किसानों के खाते में पैसे जा रहे हैं। सरकार के इतना कहते ही राजद एमएलसी सुनील कुमार खड़े हो गए और उन्होंने कहा कि सरकार के पैसे देने की रफ्तार का आलम यह है कि 23-24 के पैसे 26 तक नहीं मिले हैं। राजद एमएलसी ने कहा कि, 23-24, 24-25 और 25-26 अब सरकार ही बताएं कि वो किसानों को कैसे पैसे भेज रही है। बता दें कि, बिहार सरकार किसानों के फसल बर्बाद होने पर उन्हें सहायता राशि देती है। लेकिन विपक्ष का दावा है कि सरकार ने अब कर 23-24 की राशि ही किसानों को नहीं भेजी है वहीं दूसरी ओर सरकार का दावा है कि चरणबद्ध तरीके से पैसे जा रहे हैं।

### मठ-मंदिरों को सामाजिक केंद्र बनाया जाएगा: प्रो.रणवीर नंदन

**बिहारशरीफ/पटना।** भाजपा कार्यालय,बिहारशरीफ, के अटल सभागार में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाशिविर में शामिल बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणवीर नंदन ने मीडिया से बात करते हुए बिहार के लगभग 4500 मठ-मंदिरों के संरक्षण और विकास को लेकर बड़ा खाका पेश किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि धार्मिक स्थल केवल पूजा-अर्चना तक सीमित न रहकर सामाजिक और शैक्षणिक एवं शारीरिक सौष्ठव,विकास ,गतिविधियों के भी केंद्र बनेंगे।मीडिया के संबोधन में प्रोफेसर रणवीर नंदन ने कहा कि धार्मिक न्यास बोर्ड सूचीबद्ध और गैर-सूचीबद्ध दोनों तरह के मठ-मंदिरों की स्थिति की समीक्षा कर व्यापक योजना तैयार कर रहा है। उन्होंने बताया कि जरूरतमंद बेटियों की शादी में सहयोग, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन और पारंपरिक अखाड़ों के पुनर्जीवन की दिशा में ठोस पहल की जाएगी।उन्होंने विशेष रूप से बाबा मणिराम अखाड़ा में कुश्ती की परंपरा को फिर से बढ़ावा देने की बात कही। साथ ही, विभिन्न धर्मशालाओं के जीर्णोद्धार का आश्वासन दिया, ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्णिमा और अमावस्या के अवसर पर हर घर में सत्यनारायण भगवान की कथा और मां दुर्गा पूजन की परंपरा को प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे आध्यात्मिक ,सांस्कृतिक, परंपराओं को मजबूती मिले। रणवीर नंदन ने जानकारी दी, कि निकट भविष्य में अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान वे नालंदा जिले के प्रमुख मंदिरों का अवलोकन करेंगे और उसी आधार पर आगे की नीति तैयार की जाएगी।उन्होंने कहा कि धार्मिक न्यास पर्षद प्रत्येक जिले में प्रत्येक मंगलवार को प्रमुख स्थानों पर हनुमान चालीसा पाठ प्रारंभ कराने की योजना बना रहा है,जिसमें 18से25वर्ष के युवाओं को जोड़ा जाएगा।

### विभिन्न थाना क्षेत्र से फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**दानापुर।** स्थानीय पुलिस द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्र से अपराध कर कर फरार अभियुक्तों के ऊपर कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया गया है। जानकारी देते हुए टीएसपी पश्चिम भानु प्रताप सिंह ने बताया कि दानापुर थाना क्षेत्र से साइबर ठगी करने के आरोप में खरंजा रोड दानापुर के रहने वाले राकेश कुमार को गिरफ्तार किया गया है। रूपसपुर थाना क्षेत्र से बीएनएस के अभियुक्त बेलवा कैमूर के रहने वालेवेद प्रकाश पांडे एवं मनेर का रहने वाला साहिल कुमार को गिरफ्तार किया गया है। खगौल थाना क्षेत्र से लूट से संबंधित मामले में हथियाकांद शाहपुर से अभियुक्त बिट्टू कुमार एवं विधि विरुद्ध बालक आनंद कुमार एवं रामजी कुमार उर्फ सनी को गिरफ्तार किया गया है इसके अलावा बेटा थाना क्षेत्र से वारंटी राजेश कुमार को तुरा टोली शाहपुर से गिरफ्तार किया गया है।

# भिक्षावृत्ति निवारण अभियान में बिहार का मजबूत कदम

नई सोच एक्सप्रेस

» राज्य स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम, पटना के सक्षम सभागार में सर्वेक्षकों को मिली विशेष प्रशिक्षण

**पटना।**मुख्यमंत्री भिक्षावृति निवारण योजना एवं स्माईल योजना के तहत बुधवार को पटना स्थित सक्षम सभागार में राज्य स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य भिक्षावृत्ति में संलिप्त व्यक्तियों के सर्वेक्षण को प्रभावी और संवेदनशील बनाने के लिए सर्वेक्षकों को तैयार करना था। कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से आए सर्वेक्षकों ने भाग लिया, जहां उन्हें भिक्षावृत्ति के विभिन्न रूपों, इसके कारणों और पुनर्वास प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। सर्वेक्षण का कार्य मोबाइल ऐप के माध्यम से किया जायेगा।

- भिक्षावृत्ति में लिप्त व्यक्तियों (बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग, दिव्यांगजन आदि) की सटीक पहचान एवं वर्गीकरण
- सर्वे के दौरान गोपनीयता, मानवीय संवेदनशीलता और नैतिक आचरण
- डेटा संग्रह, फॉर्म भरना, फोटोग्राफी और डिजिटल रिपोर्टिंग की तकनीक
- भिक्षावृत्ति के पीछे छिपे कारणों (गरीबी, नशा, पारिवारिक त्याग, मानसिक स्वास्थ्य आदि) का आकलन
- मुख्यमंत्री भिक्षावृत्ति निवारण योजना तथा केंद्र की स्माईल योजना के अंतर्गत उपलब्ध पुनर्वास, कौशल विकास, आर्थिक सहायता और स्वरोजगार के विकल्प
- कानूनी प्रावधान, बचाव दल गठन और तत्काल सहायता प्रक्रिया

प्रशिक्षण कार्यक्रम में वरीय प्रशासी पदाधिकारी सक्षम पिंकी कुमारी, उप मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सुनील कुमार, अविनाश कुमार, सुशिल कुमार श्रीवास्तव, शाहनवाज़ अहमद मौजूद थे।

# घुसपैठियों की अब खैर नहीं : प्रभाकर मिश्र

नई सोच एक्सप्रेस

» एक-एक घुसपैठिये की पहचान कर देश से बाहर किया जाएगा

» केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जी के आगमन से बिहार में हर्ष का माहौल

**पटना।**भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने कहा कि अब घुसपैठियों की खैर नहीं है। एक-एक घुसपैठिए की पहचान कर उसे देश से बाहर खदेड़ा जायेगा। साथ ही, सीमा पर इतना सख्त पहरा होगा कि कोई घुसपैठिया भारत की जमीन पर पैर रखने की दुस्साहस नहीं करेगा। श्री मिश्र ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री माननीय अमित शाह जी तीन दिवसीय यात्रा पर बिहार आ चुके हैं। वे नेपाल सीमा से सटे चयनित वाइब्रेंट विलेज गांवों का दौरा करेंगे सीमा पर सुरक्षा बलों की तैनाती का जायजा लेंगे। श्री मिश्र ने कहा कि एनडीए की सरकार में देश की सीमा पूरी तरह सुरक्षित है। देश की सुरक्षा को लेकर सरकार सजग और सुरक्षा बल पूरी तरह मुस्तैद हैं। अवैध रूप से भारत की सीमा में घुसने की बात कोई सोच भी नहीं सकता। श्री मिश्र ने कहा कि देश की सुरक्षा के लिए सीमा को सुरक्षित करना बेहद जरूरी है। गृह मंत्री मल्टीलेवल सिक्योरिटी कोऑर्डिनेशन बैठक भी करेंगे। पड़ोसी देश चिकन नेक की ओर भी गलत नजर डालते हैं, इस मसले को लेकर भी गृह मंत्री रणनीति बनाएंगे। अंतर्राष्ट्रीय सीमा के जरिए अवैध रूप से नशे का कारोबार होता है। पड़ोसी देशों से नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए भी रणनीति बनायी जायेगी। श्री मिश्र ने कहा कि माननीय गृहमंत्री जी के बिहार आगमन पर पूरे प्रदेश में हर्ष का माहौल है। लोगों को भरोसा है कि मोदी सरकार के रहते देश का कोई बाल भी बांका नहीं कर सकता।

# राज्य में 14 हजार नए स्थानों पर जेब्रा क्रॉसिंग का होगा निर्माण

नई सोच एक्सप्रेस

» 30 अप्रैल तक सड़कों पर सभी चिन्हित जेब्रा कॉसिंग निर्माण का निर्देश

» जेब्रा क्रॉसिंग का निर्माण एवं पेंटिंग का कार्य पूर्ण कराने के लिए विकास आयुक्त ने तय की समय सीमा

» निर्धारित समय सीमा में कार्य कराने के लिए पथ संबंधी विभाग/प्राधिकरण को दिया निर्देश

**पटना।**राज्य में पैदल यात्रियों की सुरक्षा के लिए पथ एवं अन्य विभागों द्वारा जेब्रा क्रॉसिंग निर्माण के लगभग 14 हजार नए स्थल चिन्हित किये गए हैं। इन चिन्हित स्थलों पर 30 अप्रैल 2026 तक जेब्रा क्रॉसिंग निर्माण एवं पेंटिंग का कार्य पूर्ण कराया जाएगा। इस संबंध में विकास आयुक्त, बिहार द्वारा सभी पथ संबंधित विभागों एवं प्राधिकरणों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी चयनित स्थलों पर मानक अनुरूप एवं दृष्टिगोचर जेब्रा क्रॉसिंग का निर्माण सुनिश्चित किया जाए। गौरतलब है कि परिवहन विभाग, बिहार सड़क सुरक्षा परिषद द्वारा जेब्रा क्रॉसिंग निर्माण हेतु विभिन्न विभागों से चयनित स्थलों की सूची मांगी गई थी। पथ निर्माण विभाग 342, ग्रामीण कार्य विभाग- 12858 तथा एनएचआई द्वारा 88 स्थलों पर जेब्रा क्रॉसिंग का निर्माण प्रस्तावित है। पूर्व से पथ निर्माण, ग्रामीण कार्य एवं एनएचआई द्वारा लगभग 9500 जेब्रा क्रॉसिंग निर्मित हैं। सड़क सुरक्षा, यातायात प्रबंधन एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक में राज्यभर में जेब्रा क्रॉसिंग निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण की प्रगति की समीक्षा की गई। बताया गया कि राज्य में चिन्हित दुर्घटना संभावित स्थलों, विद्यालयों, अस्पतालों, बाजार क्षेत्रों, तथा अधिक यातायात वाले प्रमुख चौराहों के निकट जेब्रा क्रॉसिंग का निर्माण पैदल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि सड़क पर सबसे पहला अधिकार पैदल यात्रियों का है। सुरक्षित, व्यवस्थित यातायात व्यवस्था स्थापित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। पैदल यात्रियों, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों एवं स्कूली बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जेब्रा क्रॉसिंग का निर्माण कराया जाना आवश्यक है। स्पष्ट, चौड़ी एवं मानक के अनुरूप पेंट की गई जेब्रा क्रॉसिंग सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने का प्रभावी माध्यम है। इससे पैदल यात्रियों को सुरक्षित रूप से सड़क पार करने की सुविधा मिलेगी तथा वाहन चालकों को निर्धारित स्थान पर रुकने और यातायात नियमों का पालन करने की प्रेरणा मिलेगी। जेब्रा क्रॉसिंग निर्माण/पेंटिंग का कार्य प्रतिवेदन हर सप्ताह उपलब्ध कराने के लिए पथ संबंधी विभागों को निर्देश दिया गया है। वहीं सभी जिला पदाधिकारियों को निदेशित किया गया है कि जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठकों में जेब्रा क्रॉसिंग निर्माण की नियमित समीक्षा करें तथा कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करें। परिवहन विभाग ने अपील की है कि वे जेब्रा क्रॉसिंग पर वाहन रोकें, पैदल यात्रियों को प्राथमिकता दें और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कर एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाएं। सामूहिक सहभागिता से ही सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा सकती है।

# कम कीमत में धान बिक्री को लेकर विधान परिषद जबरदस्त हंगामा

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**धान खरीद को लेकर विधानसभा परिषद में जोरदार बहस देखने को मिली। वर्ष 2025 में सरकार द्वारा 2300 रुपये प्रति क्विंटल की दर घोषित किए जाने के बावजूद किसानों को 1800 रुपये प्रति क्विंटल पर धान बेचने की मजबूरी का मुद्दा विपक्ष ने प्रमुखता से उठाया। सौरभ कुमार और सुनील सिंह ने सहकारिता विभाग से सीधा सवाल किया कि जब समर्थन मूल्य तय है, तो किसानों को कम दाम पर धान क्यों बेचना पड़ रहा है? सदन में यह भी आरोप लगाया गया कि केवल 11 प्रतिशत किसानों का ही पंजीकरण हो पाया, जिससे अधिकांश किसान सरकारी खरीद प्रक्रिया से बाहर रह गए।विपक्षी सदस्यों ने वर्ष 2026 में धान अधिप्राप्ति लक्ष्य बढ़ाने की मांग की। इस पर सहकारिता मंत्री प्रमोद कुमार ने जवाब देते हुए कहा कि राज्य सरकार ने 90 प्रतिशत किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की खरीद की है। उन्होंने बताया कि धान खरीद की अंतिम तिथि 31 मार्च तक बढ़ा दी गई है और लक्ष्य बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है। राजद के सुनील सिंह ने सवाल उठाया कि पिछले वर्ष 45 लाख मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य था, जिसे इस बार घटाकर 36 लाख मीट्रिक टन क्यों कर दिया गया। उन्होंने खाली बोरों की कीमत को लेकर भी विभाग को घेरा। उनका कहना था कि विभाग दो बोरे की कीमत 25 रुपये तय करता है, जबकि बाजार में यह कीमत 40 रुपये तक है। चर्चा के दौरान बीजेपी के विधान परिषद सदस्य दिलीप कुमार सिंह ने ऋफङ (फोर्टिफाइड राइस कर्नेल) का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि जब धान खरीद, वितरण और गुणवत्ता पर चर्चा हो रही है, तो ऋफङ से जुड़े सवालों पर सरकार स्पष्ट जवाब क्यों नहीं दे रही है। यह किसानों और उपभोक्ताओं दोनों से जुड़ा गंभीर विषय है। वहीं जेडीयू की विधान परिषद सदस्य रेखा कुमारी ने कहा कि उनका सवाल पूछने का अवसर नहीं मिला और सभापति ने समय समाप्त होने की बात कहकर चर्चा समाप्त कर दी। धान खरीद, समर्थन मूल्य, लक्ष्य में कटौती और ऋफङ जैसे मुद्दों पर सदन में तीखी नोकझोंक के बीच सरकार और विपक्ष आमने-सामने नजर आए।

# राहुल गांधी के निर्देश पर संगठन सृजन अभियान तेज :अशोक

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**कांग्रेस राज्यसभा सांसद और पटना जिला संगठन सृजन अभियान के प्रभारी अशोक सिंह ने पटना में संगठन सृजन अभियान और केंद्र सरकार की नीतियों को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के निर्देश पर संगठन को मजबूत करने की दिशा में व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। अशोक सिंह ने बताया कि राहुल गांधी का स्पष्ट निर्देश है कि संगठन को नीचे से ऊपर तक मजबूत किया जाए। इसके लिए हर एक कार्यकर्ता की राय ली जा रही है। बूथ स्तर से लेकर जिला और प्रदेश स्तर तक सुझाव जुटाए जा रहे हैं, ताकि कांग्रेस को जमीनी स्तर पर नई ऊर्जा दी जा सके। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल संगठनात्मक ढांचा मजबूत करने तक सीमित नहीं है, बल्कि कार्यकतार्ओं को सक्रिय भूमिका में लाने और जनता से सीधे जुड़ने का प्रयास है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में अशोक सिंह ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सरकार लगातार किसानों की आय दोगुनी करने की बात करती रही है, लेकिन आज किसानों की हालत बदतर होती जा रही है।उन्होंने कहा कि महंगाई बढ़ रही है, खाद और बीज की कीमतें आसमान छू रही हैं और किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में सरकार के दावे खोखले साबित हो रहे हैं।अशोक सिंह ने यूथ कांग्रेस के हालिया प्रदर्शन का जिक्र करते हुए कहा कि जिन मुद्दों को लेकर यूथ कांग्रेस के कार्यकतार्ओं ने आवाज उठाई, उन पर राष्ट्रद्रोह जैसे गंभीर आरोप लगाने की बातें की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सवाल पूछना और विरोध करना हर नागरिक का अधिकार है। इस तरह की कार्रवाई लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला है।अशोक सिंह ने कहा कि जब कॉमनवेल्थ गेम्स के समय कांग्रेस ने भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन किया था, तब भी भाजपा ने विरोध किया था। लेकिन आज वही लोग लोकतांत्रिक आंदोलन को कुचलने का प्रयास कर रहे हैं। यह दोहरा चरित्र जनता देख रही है। अशोक सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश के लिए ऐतिहासिक योगदान दिया है। आजादी की लड़ाई से लेकर लोकतंत्र को मजबूत करने तक कांग्रेस की भूमिका किसी से छिपी नहीं है। किसानों के अधिकारों, युवाओं के भविष्य और सामाजिक न्याय के लिए कांग्रेस हमेशा संघर्ष करती रही है।उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लगातार किसानों के हित में आवाज उठा रहे हैं और सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार इस दिशा में कोई गंभीर पहल नहीं कर रही है।

# बिहार में बांस क्लस्टर विकसित होंगे, किसानों की बढ़ेगी आय: रामकृपाल

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**बिहार में बांस आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के उद्देश्य से कृषि भवन में बिहार बांस अर्थव्यवस्था शिखर सम्मेलन 2026 का आयोजन किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन बिहार सरकार के कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने किया।सम्मेलन में राज्य के विभिन्न जिलों से आए किसान, बांस उत्पादक समूहों के प्रतिनिधि, उद्यमी, उद्योग विशेषज्ञ और सरकारी अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान बांस उत्पादन, वैज्ञानिक प्रसंस्करण, विपणन, स्टार्टअप की संभावनाएं और रोजगार सृजन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।कृषि मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि बांस बिहार की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन है। इसके वैज्ञानिक और व्यावसायिक उपयोग से किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि की जा सकती है।उन्होंने बताया कि बांस अब केवल पारंपरिक उपयोग तक सीमित नहीं है। इससे फर्नीचर, अगरबत्ती, हस्तशिल्प, निर्माण सामग्री, सजावटी वस्तुएं और बायो-एनर्जी जैसे विभिन्न उत्पाद तैयार किए जा सकते हैं।मंत्री ने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार बांस आधारित उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता और वित्तीय सहयोग उपलब्ध कराएगी। इसके लिए विशेष योजनाएं तैयार की जा रही हैं, ताकि ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जा सके।सम्मेलन में उपस्थित विशेषज्ञों ने बांस की उन्नत खेती, आधुनिक मशीनों के माध्यम से प्रसंस्करण और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय बाजार से जुड़ने की रणनीतियों पर अपने विचार रखे।विशेषज्ञों का कहना था कि यदि किसान समूह बनाकर बांस उत्पादन करें और प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करें, तो यह क्षेत्र एक बड़े उद्योग के रूप में विकसित हो सकता है।कार्यक्रम के दौरान बांस आधारित स्टार्टअप की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि बांस उद्योग न केवल किसानों की आय बढ़ाएगा, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार और उद्यमिता के नए अवसर भी सृजित करेगा।सरकारी अधिकारियों ने जानकारी दी कि आने वाले समय में बांस क्लस्टर विकसित किए जाएंगे, जहां उत्पादन से लेकर प्रसंस्करण और विपणन तक की सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी। सम्मेलन में यह भी कहा गया कि बांस उद्योग के विकास से ग्रामीण क्षेत्रों में पलायन पर रोक लगेगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और आत्मनिर्भर बिहार की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

# विधान परिषद में सत्ता-विपक्ष के सदस्यों ने कहा, भूमि माफिया खुलेआम डाल रहे प्रशासनिक प्रक्रिया में बाधा

नई सोच एक्सप्रेस

» पूरे मामले की जांच प्रधान सचिव के माध्यम से कराई जाएगी : उपमुख्यमंत्री

**पटना।** बिहार विधान परिषद में बुधवार को मुंगेर जिले के टेटिया बंबर अंचल में जमीन मापी को लेकर हो रहे विवाद पर जोरदार हंगामा देखने को मिला। सत्ता पक्ष और विपक्ष के कुल 18 सदस्यों ने इस मामले को सदन में उठाते हुए भूमि माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की और सरकार का ध्यान जमीनी हकीकत की ओर दिलाया।मामले को उठाते हुए भाजपा के विधान पार्षद अनिल कुमार और कांग्रेस के एमएलसी समीर कुमार ने आरोप लगाया कि इलाके में भूमि माफिया का मनोबल इस कदर बढ़ चुका है कि वे खुलेआम प्रशासनिक प्रक्रिया में बाधा डाल रहे हैं। सदस्यों ने कहा कि जमीन की वैध मापी कराने पहुंचे अमीन के जरिए संबंधित परिवार को धमकियां दी गईं और यह कहा गया कि इसमें हृबड़े नेताओं का हाथह्व है। यहां तक कि गोली मारने तक की धमकी दिए जाने के आरोप भी सदन में लगाए गए।पीड़ित परिवार का हवाला देते हुए सदस्यों ने बताया कि मामले की जांच बार-बार शुरू होती है, जरूरी कागजात भी जमा किए जा चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद जमीन मापी की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही है। सदन में यह भी कहा गया कि यदि समय रहते ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो ऐसे भूमि विवाद और अधिक बढ़ेंगे और सामाजिक तनाव की स्थिति पैदा होगी।मामले पर जवाब देते हुए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री विजय सिन्हा ने सदन को भरोसा दिलाया कि राज्य में कानून का राज हर हाल में स्थापित किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि चाहे आरोपी कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, कानून तोड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। मंत्री ने सदन को बताया कि इस पूरे मामले की जांच प्रधान सचिव के माध्यम से कराई जाएगी। इसके साथ ही मुंगेर के जिलाधिकारी और प्रमंडलीय आयुक्त से 10 दिनों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट तलब की गई है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि 14 दिनों के अंदर जमीन मापी का कार्य हर हाल में पूरा कराया जाएगा। इसके लिए 15 सदस्यीय टीम गठित कर स्थल जांच कर प्रतिवेदन सौंपने का निर्देश दिया गया है। साथ ही, जान से मारने की धमकी से जुड़े मामलों में लिखित आवेदन मिलने पर पुलिस सुरक्षा उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दिया गया। मंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि भूमि विवाद की आड़ में सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की किसी भी कोशिश को सरकार बर्दाश्त नहीं करेगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# विधान परिषद में उठा सन्मार्ग के संपादक को धमकी देने का मामला

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** बिहार विधान परिषद में बुधवार को विपक्षी दल के सदस्यों ने विधि व्यवस्था से जुड़े मामले को सदन में उठाकर सरकार से जवाब मामला। बुधवार को भोजनावकाश के बाद राजद के सदस्य डॉ सुनील कुमार सिंह ने सभापति से कहा कि महोदय हम सूचना पर खड़े हैं। जब सभापति ने कारण पूछा तो डॉ सुनील कुमार सिंह ने कहा कि बिहार व झारखड के प्रतृष्ठित पत्रकार सन्मार्ग हिन्दी दैनिक समाचार पत्र के निदेशक सह संपादक प्रेम शंकर जी को अपराधी खुलेआम गोली मारने की धमकी दे रहे हैं जो दुखद है सरकार को इस मामले पर संज्ञान लेना चाहिए। सन्मार्ग के संपादक के द्वारा इस मामले एसएसपी को प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है मगर पटना पुलिस इसपर कुछ नहीं कर रही। आसन की ओर से संज्ञान लेना चाहिए। इस सभापति ने कहा कि मामला सरकार के संज्ञान में आ गया है सरकार इसको गांभीरता से देखकर कार्रवाई करेगी। इस दौरान सदन में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी भी मौजूद थे। इस पर सुनील कुमार सिंह ने कहा कि जब बिहार में लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहे जानेवाले पत्रकार सुरक्षित नहीं हैं तो जनता क्या सुरक्षित क्या रहेगी। सरकार को इस मामले पर गंभीरता दिखानी चााहिए और दोषियों पर कार्रवाई करनी चाहिए। इस मामले पर सदन के कई अन्य सदस्य जैसे धनश्यााम ठाकुर, संजय मयूख, अनामिका सिंह, अशोक पांडेय ने भी सरकार से कार्रवाई की मांग की है। बतातें चलें कि बीते रविवार को पटना के बोरिंग रोड चौराहा स्थित मां भगवती कॉम्प्लेक्श के जमीन मालिक बिटPटू यादव ने सम्मार्ग के संपादक प्रेम शंकर को अपशब्द कहकर गोली मारने की धमकी दी थी। बाद इस मामले में एसएसपी पटना को इमेल के माध्यम से भेजे आवेदन के द्वारा प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई करने के लिए कहा गया था।

## संक्षिप्त समाचार

## बच्चा चोरी की अफवाह से बचें, पुलिस को दें सूचनाः एडीजी

**पटना।** अपर पुलिस महानिदेशक (कमजोर वर्ग) अमित कुमार जैन ने कहा कि बच्चा चोरी होने की शिकायत तुरंत पुलिस से करें। पुलिस जांच कर कार्रवाई करेगी। उन्होंने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि बच्चा चोरी के अफवाह पर ध्यान नहीं दें। एडीजी बुधवार को पटेल भवन में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा कि दो दिनों में बच्चा चोरी के पांच मामले सामने आए थे, जिसमें जमुई जिले से एक, पूर्णिया से एक, नालंदा से एक और मुजफ्फरपुर जिले के दो मामले शामिल हैं। बिहार पुलिस मुख्यालय ने जब इसकी जांच कराई तो सभी मामले अफवाह निकलें। उन्होंने कहा कि बच्चा चोरी के मामले में तेजी से अफवाह फैलायी जाती है और वहां भीड़ एकत्रित हो जाती है, जिसके वजह से वहां मॉब लिंचिंग का माहौल हो जाता है। इसमें निर्दोष व्यक्ति भीड़ के शिकार हो जाते हैं। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कानून को अपने हाथ में नहीं लें और इस तरह के मामले में डायल 112 और स्थानीय थाने को इसकी सूचना दें। एडीजी ने कहा कि वर्ष 2025 में 14699 गुमशुदगी के मामले दर्ज किए गए थे, जिसमें 12526 बालिकाएं और 2173 बालक थे। पुलिस ने जांच करने के बाद 7772 बालक और बालिकाओं को बरामद कर लिया है। वहीं 6927 बच्चे अभी भी गुमशुदा हैं। उन्होंने कहा कि बच्चा गुम होने के मामलों में सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि अगर सूचना मिलती है तो तुरंत जांच कर कार्रवाई करना सुनिश्चत करें। अगर कोई बच्चा 24 घंटे तक गुम रहता है तो उस मामले में केस दर्ज करना अनिवार्य है। चार माह तक बच्चा गुमशुदा रहता है तो वह मामला एंटी ह्यूमैन ट्रैफकिंग यूनिट (एएसटीवी) को स्थानांतरित हो जाती है। यह यूनिट सभी जिलों में कार्यरत है। उन्होंने कहा कि बच्चा गायब होने की शिकायतों में वृद्धि हुई है। बच्चा चोरी के मामलों में कई गिरोह को भी गिरफ्तार किया गया है और कई बच्चों को भी बरामद किया गया है। बिहार पुलिस एसओपी का पालन करती है। भारत सरकार का वात्सल्य पोर्टल है जिससे सभी राज्य के थाने जुड़े हुए हैं। बिहार से गुम हुआ बच्चा अगर किसी दूसरे राज्य में बरामद होता है तो उसकी जानकारी पुलिस को मिल जाती है और पुलिस उसे वहां से वापस लेकर परिजनों को सौंप देती है।

## टेबल टॉप एक्सरसाइज में तैयार हुई आपदा प्रबंधन पर मजबूत रणनीति

» आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से आयोजित अभ्यास कार्यक्रम में कमियों की पहचान के साथ की गई संसाधनों की समीक्षा

**पटना।** राज्य के चयनित जिलों में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय भौतिक अर्धक्विक मॉक एक्सरसाइज (एमई) के सफल संचालन के लिए बुधवार को बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (बीएसडीएमए), पटना में टेबल टॉप एक्सरसाइज का आयोजन हुआ। यह अभ्यास बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. उदय कांत मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया। अभ्यास के सूत्रधार के रूप में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के रिटायर्ड मेजर जनरल सुधीर बहल ने आगामी भौतिक मॉक अभ्यास की रणनीति, तैयारियों, समन्वय तंत्र एवं मानक संचालन प्रक्रियाओं की समीक्षा की। उन्होंने कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि टेबल टॉप एक्सरसाइज भौतिक अभ्यास पूर्व संभावित कमियों की पहचान, संसाधनों की समीक्षा और सुधारात्मक कदम सुनिश्चित करने का एक महत्वपूर्ण प्लेटफॉर्म है। आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से संयुक्त सचिव नदीमुल गफ्फार सिद्दीकी ने पूर्व बाढ़ आपदाओं से प्राप्त अनुभवों के आधार पर भूकंप मॉक अभ्यास से संबंधित तैयारियों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण (पीपीटी) दिया। इस टेबल टॉप एक्सरसाइज में आपदा प्रबंधन से जुड़े सभी प्रमुख विभागों एवं एजेंसियों के अधिकारियों ने भाग लिया। अभ्यास के दौरान सर्च एंड रिसर्च, फायर फाइटिंग, मेडिकल रिस्पांस, संचार व्यवस्था की बहाली, विधि व्यवस्था संधारण, डैमेज एसेसमेंट और राहत शिविर संचालन जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर रणनीतियों को अंतिम रूप दिया गया। राज्य एवं जिला स्तर पर स्टेट इमर्जेंसी ऑपरेशंस सेंटर (एसइओसी) एवं डिस्ट्रिक्ट इमर्जेंसी ऑपरेशंस सेंटर (डीइओसी) की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने पर बल दिया गया। इस अवसर पर बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सचिव मोहम्मद वारिस खान, संयुक्त सचिव अविनाश कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी संदीप कुमार सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं हितधारक उपस्थित थे। कार्यक्रम में पटना, सुपौल, मधुबनी, सीतामढ़ी, पश्चिम चंपारण, दरभंगा, पूर्वी चंपारण, सीवान, सारण, गोपालगंज, मुजफ्फरपुर, वैशाली आदि जिलों के प्रशासनिक एवं तकनीकी अधिकारियों ने सक्रिय सहभागिता की।

## गन्ना यंत्रिकरण योजना के तहत यंत्र खरीदने को सभी चीनी मिलों में लगेंगे कैंप

» 27 फरवरी को लगने वाले कैंप के लिए गन्ना अधिकारियों की हुई तैनाती

**पटना।** गन्ना यंत्रिकरण योजना के तहत चयनित किसानों के लिए 27 फरवरी को राज्य के सभी कार्यरत चीनी मिलों में यंत्र कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए गन्ना उद्योग विभाग ने एक दर्जन अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति किया है। विदित हो कि राज्य सरकार ने गन्ना किसानों को अनुदानित दर पर यंत्र खरीदने के लिए गन्ना यंत्रिकरण योजना शुरू किया है। ताकि किसान गन्ना की खेती में प्रयोग होने वाले आधुनिक यंत्रों की खरीद कर सके। बताया जाता है कि इस योजना के तहत यंत्र खरीदने के लिए राज्य के सभी चीनी मिलों में कैंप आयोजित किए जाएंगे, जिसमें चयनित किसान अधिकृत विक्रेताओं से यंत्रों की खरीद करेंगे। चीनी मिलों में लगने वाले कैंप के लिए गन्ना विभाग के अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिसमें सिधवलिया गोपालगंज मिल के लिए सहायक निदेशक (शष्य) पल्लवी बिष्ट, बगहा में सहायक निदेशक (शष्य) राहुल त्रिपाठी, लौरिया में सहायक निदेशक (शष्य) राहुल वर्मा, नरकटियागंज में सहायक निदेशक (शष्य) बलबीर कुमार, सुगौली में गौतम कुमार पटेल, विष्णु चीनी मिल में सहायक निदेशक (शष्य) श्रेया सिंह, हरिनगर में सहायक निदेशक (शष्य) कमलकांत यादव, प्रतापपुर में ईख अधिकारी, हसनपुर में सहायक निदेशक (शष्य) बांकेबिहारी और रीगा चीनी मिल में सहायक निदेशक (शष्य) मनोज कुमार चौधरी को प्रतिनियुक्त किया गया है। गन्ना उद्योग विभाग ने पत्र जारी कर कहा है कि गन्ना यंत्रिकरण कैंप में केवल विभाग से सूचीबद्ध विक्रेताओं का ही स्टॉल लगाए जाएंगे और चयनित किसान उन्हीं विक्रेताओं के स्टॉल से यंत्रों की खरीद करेंगे। इसके बाद यंत्रों की सत्यापन कर लाभुक किसानों को तीन दिनों के अंदर अनुदान राशि का भुगतान किया जाएगा।

## अखिल भारतीय बाभन समाज का होली मिलन समारोह आयोजित



**पटना।** अखिल भारतीय बाभन समाज के द्वारा अदिति कम्युनिटी हॉल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। बाभन समाज के लोगों ने एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की खुशियां आपस में साझा किया। सबों ने साथ मिलकर होली गीत गाएं और गीत के धुन पर जमकर मस्ती की और एक दूसरे को पर्व की बधाई दी।अरवल विधायक मनोज शर्मा ,राजद एम एक सी कार्तिक मास्टर ,एम एक सी अजय सिंह ,एम एल सी इंजीनियर सौरव सहित कई लोग मौजूद थे। होली खेले रघुवीरा अवध मा,होली खेले रघुवीरा, गाने पर सभी लोग झूमते नजर आए। मौके पर कौशलेंद्र प्रियदर्शी ,गोपाल शर्मा,धीरेंद्र कुमार,राहुल कुमार ,विकास सिंह बरहियावाले,मधुकर शर्मा ,अभिषेक शर्मा ,बाउंडिल सिंह,अनंत कुमार ,आकाश कुमार ,अमित कुमार ,मतेंद्र कुमार सहित हजारों लोग मौजूद थे।

# बिहार बाँस अर्थव्यवस्था शिखर सम्मेलन 2026 का आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** बिहार में पहली बार आयोजित 'बिहार बाँस अर्थव्यवस्था शिखर सम्मेलन 2026' का उद्घाटन मंगलवार को कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कृषि भवन, पटना में किया। सम्मेलन का उद्देश्य बाँस क्षेत्र को ग्रामीण आजीविका, स्वरोजगार, मूल्य संवर्धन और बाजार से जोड़कर हरित एवं समावेशी आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। मंत्री ने कहा कि बाँस गरीब और छोटे किसानों के लिए "हरा बचत खाता" है तथा राज्य सरकार इसे संगठित, वैज्ञानिक और बाजार-उन्मुख उद्योग के रूप में विकसित करने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने बताया कि अब बिहार केवल कच्चा बाँस उपलब्ध कराने वाला राज्य नहीं रहेगा, बल्कि नर्सरी, रोपण, प्रसंस्करण, हस्तशिल्प, फर्नीचर, अगरबत्ती स्टिक, पैकेजिंग और विपणन तक पूरी मूल्य-श्रृंखला विकसित की जाएगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। सरकार ने इस क्षेत्र के लिए तीन वर्षीय रोडमैप भी प्रस्तुत किया, जिसमें क्लस्टर आधारित रोपण, उच्च गुणवत्ता वाली पौध सामग्री, कॉमन फैसिलिटी सेंटर, कौशल प्रशिक्षण और एफपीओ, सहकारी समितियों व स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिला उद्यमों को बढ़ावा देने जैसे कदम शामिल हैं। सम्मेलन में आईसीएआर, राष्ट्रीय बाँस मिशन, केरल वन अनुसंधान संस्थान सहित विभिन्न संस्थानों के विशेषज्ञ, किसान, उद्यमी, स्टार्ट-अप और स्वयं सहायता समूहों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। विशेषज्ञों ने कहा कि उपचारित और प्रसंस्कृत बाँस उत्पाद कच्चे बाँस की तुलना में कई गुना अधिक आय दे सकते हैं और यह क्षेत्र महिलाओं के लिए विशेष रूप से उपयुक्त है। मंत्री ने कहा कि अगले तीन वर्षों में बाँस के उपचार, प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन की पूरी व्यवस्था विकसित कर इसे राज्य में रोजगार, महिला उद्यम और ग्रामीण समृद्धि का मजबूत आधार बनाया जाएगा।

# दादीजी होली मिलन में उड़ा अबीर-गुलाल, भक्ति और उल्लास का संगम

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** शक्तिधाम राणीसती मंदिर में दादीजी होली मिलन महोत्सव का भव्य आयोजन हर्षोल्लास एवं भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। मंदिर के मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने बताया कि चार दिवसीय श्याम फाल्गुन महोत्सव के प्रथम दिन परंपरानुसार दादीजी होली मिलन महोत्सव आयोजित किया जाता है।इस अवसर पर दादीजी का श्रृंगार देशी-विदेशी पुष्पों से अत्यंत आकर्षक ढंग से किया गया, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। भक्तगण दादीजी के दिव्य स्वरूप का दर्शन कर भाव-विभोर हो उठे। कार्यक्रम में शक्तिधाम महिला मंडल की शकुन्तला अग्रवाल, चंदा पोद्दार, सरिता बंका, रेखा मोदी, प्रीति अग्रवाल, सरोज बंका, रिमझिम सर्राफ, इंदिरा खंडेलवाल, अनुसुइया खेतान, रेणु बजाज, प्रेम लता गोयल, सरिता चौधरी, सीमा माखरिया, आदि दादीजी से होली मिलन में भाग ले रही थी। मंदिर परिसर में महिलाओं ने सामूहिक भजन-कीर्तन कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। ह्लदादी फागुन की आयो बहारङ्खह्व, ह्लउत्सव में उड़े गुलालङ्खह्व एवं ह्लमैयाजी थ्हारी बेटी हूँङ्खह्व जैसे भजनों पर श्रद्धालु महिलाएं झूम उठीं और अबीर-गुलाल अर्पित कर होली का आनंद लिया। होली खेलने से पूर्व श्रद्धालुओं ने दादीजी के चरणों में अबीर-गुलाल अर्पित कर मंगल कामनाएं कीं। इस अवसर पर दादीजी को विशेष छप्पन भोग अर्पित किया गया तथा 51 बत्तियों के दीपों से भव्य महाआरती संपन्न हुई। तत्पश्चात भक्तों के बीच मालपुआ, खीर एवं समोसा का प्रसाद वितरित किया गया। मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने बताया कि श्याम फाल्गुन महोत्सव भक्तों के जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली का संदेश देता है। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में अमर अग्रवाल, ओम पोद्दार, रमेश मोदी, अक्षय अग्रवाल, विकास पोद्दार सहित अन्य लगे हुए थे। एम पी जैन ने बताया कि महोत्सव के दूसरे दिन 26 फरवरी (गुरुवार) को प्रातः 10 बजे निशान शोभायात्रा पुष्प विहार अपार्टमेंट, एक्जीविशन रोड से प्रारंभ होकर भट्टाचार्या रोड, पीरमुहानी, कदमकुआं, जहाजी कोठी, हथुआ मार्केट, बाकरगंज, गांधी मैदान, होटल मौर्या एवं विस्कोमान भवन होते हुए महाराजा अग्रसेन मार्ग स्थित शक्तिधाम मंदिर पहुंचेगी।कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति से मंदिर परिसर भक्तिरस और उत्सव के रंग में सराबोर रहा।

# एम्स पटना में अग्नि सुरक्षा, अस्पताल निकासी और आपदा लॉजिस्टिक्स पर विमर्श

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** जब बात अस्पताल की हो तो हर निर्णय के केंद्र में होता है जीवन की सुरक्षा। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए एम्स पटना के अस्पताल प्रशासन विभाग ने बुधवार को अग्नि सुरक्षा, अस्पताल निकासी योजना एवं आपदा लॉजिस्टिक्स प्रबंधन पर एक विशेष व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ द्वारा हेल्थ सेक्टर डिजास्टर प्रिपेयर्डनेस प्रोग्राम के अंतर्गत वित्तपोषित था। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य संस्थानों को आपदा की किसी भी स्थिति में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया के लिए सक्षम बनाना है। अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा और अस्पताल निकासी योजना पर आयोजित इस विस्तृत व्याख्यान के मुख्य वक्ता थे राष्ट्रीय अग्नि सेवा महाविद्यालय के निदेशक नागेश सिंघाने। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा केवल तकनीकी विषय नहीं बल्कि संवेदनशील मानवीय जिम्मेदारी है। आईसीयू, नवजात यूनिट्स, ऑपरेशन थिएटर, ऑक्सीजन आपूर्ति प्रणाली और जटिल विद्युत नेटवर्क जैसे क्षेत्रों में जोखिम की संभावना अधिक होती है इसलिए तैयारी भी उतनी ही मजबूत होनी चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि अग्नि सुरक्षा को "चेकलिस्ट" से आगे बढ़ाकर "संस्थान की संस्कृति" बनाना होगा। जोखिम क्षेत्रों की पहचान, उपकरणों की नियमित जांच, फायर अलार्म और अग्निशमन तंत्र की सक्रियता, स्पष्ट कमांड सिस्टम और नियमित मॉक ड्रिल को उन्होंने जीवन रक्षक उपाय बताया। विशेष रूप से उन्होंने यह रेखांकित किया कि अस्पताल की निकासी योजना विभागवार, समयबद्ध और निरंतर अद्यतन होनी चाहिए ताकि आपातकाल में भ्रम की स्थिति न बने। कार्यक्रम में आपदा लॉजिस्टिक्स प्रबंधन पर भी गंभीर चर्चा हुई। ग्रुप कैप्टन (डॉ.) इन्नायथ कबीर, एयर फोर्स मुख्यालय, नई दिल्ली ने संसाधनों की पूर्व योजना, आपातकालीन भंडारण, अतिरिक्त बेड क्षमता (सर्ज कैपेसिटी), स्पष्ट संचार व्यवस्था और जिम्मेदारियों के स्पष्ट निर्धारण को प्रभावी आपदा प्रबंधन की रीढ़ बताया। उन्होंने कहा कि आपदा के समय सबसे बड़ा हथियार है समन्वित तैयारी और त्वरित निर्णय। कार्यक्रम में बढ़ती आपदा प्रबंधन आवश्यकताओं, कानूनी प्रावधानों और आधुनिक आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणालियों पर भी प्रकाश डाला गया। प्रतिभागियों को यह संदेश दिया गया कि प्रशिक्षण और अभ्यास ही वास्तविक आपदा के समय आत्मविश्वास और दक्षता प्रदान करते हैं। इस अवसर पर प्रो. (ब्रिग.) डॉ. राजू अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक; प्रो. डॉ. अनूप कुमार, चिकित्सा अधीक्षक; प्रो. (डॉ.) रुचि सिन्हा, डीन (स्टूडेंट्स अफेयर्स); तथा डॉ. सुजीत सिन्हा, पाठ्यक्रम समन्वयक एवं विभागाध्यक्ष, अस्पताल प्रशासन सहित तीन राज्यों के स्वास्थ्य प्रशासक, फैकल्टी सदस्य, रेजिडेंट डॉक्टर, नर्सिंग अधिकारी, इंजीनियर, सुरक्षा कर्मी और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। संवादात्मक सत्र में प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए आपातकालीन परिस्थितियों में अपनी भूमिकाओं को स्पष्ट किया और व्यावहारिक सुझाव साझा किए। यह पहल दर्शाती है कि एम्स पटना केवल उपचार का केंद्र नहीं बल्कि एक ऐसी सुदृढ़ और सजग स्वास्थ्य प्रणाली का निर्माण कर रहा है जहाँ सतर्कता संस्कृति है, तैयारी निरंतर है और हर जीवन की सुरक्षा सर्वोच्च प्रतिबद्धता है।

## महिलाओं ने खेली फूलों की होली, नाच-गाने से सराबोर रहा कार्यक्रम



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** होली के अवसर पर भारती अंकन द्वारा राजीव नगर में आयोजित होली बैश कार्यक्रम में महिलाओं ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ फूलों की होली खेली। रंग-बिरंगे फूलों की खुशबू और पारंपरिक गीत-संगीत के बीच कार्यक्रम का माहौल पूरी तरह होलीमय हो गया । कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर और फूल बरसाकर होली की शुभकामनाएं दीं। पारंपरिक होली गीतों पर महिलाओं ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया, जिससे पूरा परिसर नाच-गाने से सराबोर हो उठा। इस अवसर पर अतिथि के रूप में अनुराग गोयल, सतीश के दास, कौशल झा उपस्थित रहे। कार्यक्रम आयोजक वंदना भारती ने बताया कि इस होली बैश का उद्देश्य महिलाओं को एक सुरक्षित और सकारात्मक मंच प्रदान करना है, जहां वे आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ पर्व का आनंद उठा सकें। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, खेल प्रतियोगिताएं और आकर्षक पुरस्कार वितरण भी किया गया। समापन अवसर पर सभी उपस्थित महिलाओं ने इस तरह के आयोजन को हर वर्ष और भी बड़े स्तर पर आयोजित करने की इच्छा व्यक्त की। होली के रंग, फूलों की महक और संगीत की धुनों ने इस कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

## हत्या, बलात्कार की बढ़ती रफ्तार, पुलिस घायल फीर भी जीरो टॉलरेंस का नारा

नई सोच एक्सप्रेस



अपराधियों के गोली से घायल एसआई

**फतुहा।** भाजपा मीडिया प्रभारी डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने कहा किया जनता को अंधा, बहरा, गुंगा न समझे सरकार, कानून का भय समाप्त हो गया बावजूद जीरो टॉलरेंस का नारा परोसा जा रहा है।

**मुजफ्फरपुर।** 9 वर्षीय बच्चे की हत्या कर शव को बोरे में भर कर बांसबाडी में फेंका।

**बरुराज** थाना क्षेत्र के कमालपुर बिथरौल गांव में 9 वर्षीय मोहम्मद फरमान की हत्या कर दी गई और शव को हाथ पैर बांधकर बोरे में बंद कर घर के पास बासवारी में फेंक दिया।

**मसौढ़ी** थाना क्षेत्र के महादेव गाँव के समीप सड़क किनारे बोरे में बंद कर फेंक दिया। मृतक की पहचान धनरुआ थाना क्षेत्र के शिवचंद सिंह के पुत्र विक्की कुमार के रूप में की गई।

**बाढ़** कोर्ट के मुंशी शव मिला। सकसोहरा थाना क्षेत्र के अंदौली पथ पर पईन में बाढ़ कोर्ट के मुंशी श्रवण कुमार (55) शव मिला। फुलवारीशरीफ़ । पैंट - शर्ट खुलवाकर कर हत्या कर दिया। गोपालपुर थाने शाहपुर गाँव के समारोह में बताया जाता है कि मनीष को पैंट शर्ट खुलवाकर चार पांच गोली मारकर हत्या कर दिया।

**मुजफ्फरपुर।** बेखौफ बदमाशों ने बेला थाना के चंद कदम दुरी पर एएसआई विकास कुमार सिंह को गोली मारकर घायल कर दिया। कटिहार। सेमापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोहना चांदपुर बार्ड संख्या एक में आधी रात कांग्रेस नेता अकमल की 30 वर्षीय पत्नी शरीफ खातून की गोली मारकर हत्या कर दी । बताया जाता है कि उस दिन पति के स्थान पर पत्नी सोई हुई थी पत्नी का नाम शरीफ खातून है। इसे आकड़ा न समझे यह सिर्फ उदाहरण है।

# होली के रंग से सावधानी वरतनी चाहिए : डॉ आर के गुप्ता

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** होली रंगों, खुशियों और मेल-जोल का पर्व है। लेकिन रंगों का चुनाव यदि सोच-समझकर न किया जाए, तो यही खुशी त्वचा, आंखों और सांस से जुड़ी समस्याओं में बदल सकती है। इसलिए होली खेलने से पहले रंगों के उपयोग से जुड़ी चुनौतियों और सावधानियों को जानना बेहद जरूरी है। उक्त जानकारी चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ सुनील आर के गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि बाजार में मिलने वाले कई सिंथेटिक रंगों में भारी धातुएं और रसायन होते हैं। ये त्वचा पर लगते ही जलन (Burning), खुजली (Itching), चकत्ते (Urticaria), एलर्जी (Allergy) और त्वचाशोथ पैदा कर सकता है। डॉ गुप्ता ने बताया कि लंबे समय तक त्वचा पर रंग लगे रहने से नुकसान और बढ़ जाता है। आंखों में जलन और दृष्टि को नुकसान होता है। बालों का रूखापन, टूटना, नाखूनों का भंगुर होना, प्रकाश संवेदनशीलता, श्वसन संबंधी विकार और लंबे समय में गंभीर बीमारियों का जोखिम बना रहता है। उन्होंने बताया है कि फूलों, पत्तियों और जड़ी-बूटियों से बने प्राकृतिक रंग त्वचा के लिए सुरक्षित होता हैं। ये न केवल एलर्जी का जोखिम कम करता है, बल्कि त्वचा को नुकसान भी नहीं पहुंचाते। होली का असली आनंद तभी है जब सेहत भी सुरक्षित रहे। डॉ गुप्ता ने बताया कि जिन्हें एटोपिक डर्माटाइटिस (Atopic Dermatitis), संवेदनशील या शुष्क त्वचा (Sensitive/Dry Skin), रोसैसिया, सोरायसिस (Psoriasis), ब्रोंकाइटिस और अन्य एलर्जी संबंधी रोग हैं, उन्हें अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए। तीव्र या क्रॉनिक एक्जीमा के मरीजों को होली खेलने से बचना चाहिए, क्योंकि स्थिति गंभीर हो सकती है। उन्होंने बताया कि होली खेलने से पहले त्वचा पर मॉइश्चराइजर या नारियल तेल लगाना चाहिए। होंठों (Lips) पर भी बाम या तेल लगाना चाहिए। खूब पानी पिना चाहिए ताकि त्वचा हाइड्रेटेड रहे और आंखों में रंग जाने से बचें, चश्मा उपयोगी हो सकता है। होली से कम से कम एक सप्ताह पहले फेशियल, वैक्सिंग या थ्रेडिंग, लेजर हेयर रिमूवल या कोई भी कॉस्मेटिक ट्रीटमेंट प्रक्रियाएं न कराना चाहिए। ये त्वचा को संवेदनशील बना सकती हैं और रंगों से रिएक्शन का खतरा बढ़ा देती हैं।

# मुजफ्फरपुर स्टेशन पर माइक्रोटनलिंग कार्य की रूपरेखा तैयार,डीआरएम, समस्तीपुर ने बुलाई बैठक

नई सोच एक्सप्रेस



» बैठक में पूमरे के प्रमुख मुख्य इंजीनियर शैलेश वर्मा सहित मुख्यालय के इंजीनियरों मुख्य परियोजना प्रबंधक RLDA/पटना ने भाग लिया

» इस संबंध में देश के जानेमाने अर्किटेक्ट्स तथा प्रतिष्ठित निर्माण एजेंसियों से भी लिया

**पटना।** मुजफ्फरपुर स्टेशन यार्ड में जलजमाव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए माइक्रो टनलिंग कार्य की रूपरेखा तैयार की जा रही है। इस परियोजना के माध्यम से यार्ड में एकत्रित वर्षा जल को सुरक्षित रूप से बड़े नाले में प्रवाहित किया जाएगा, जिससे मानसून के दौरान होने वाली जलभराव की समस्या का दीर्घकालिक समाधान संभव होगा। विदित हो कि पूर्व मे इस परियोजना की मॉनिटरिंग सोनपुर मंडल द्वारा की जाती थी। अब ये डायरेक्टली समस्तीपुर मंडल द्वारा मॉनिटर की जाएगी। इस संबंध में आज समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री ज्योति प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व मध्य रेल मुख्यालय से प्रमुख मुख्य इंजीनियर श्री शैलेश वर्मा तथा मुख्य परियोजना प्रबंधक/RLDA (रेल भूमि विकास प्राधिकरण)/पटना श्री आलोक कुमार झा उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि परियोजना को तकनीकी रूप से सुदृढ़ एवं सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से देश के जाने-माने आर्किटेक्ट तथा प्रतिष्ठित कंस्ट्रक्शन एजेंसियों से भी तकनीकी मार्गदर्शन लिया जाएगा, ताकि कार्य आधुनिक मानकों के अनुरूप संपन्न हो सके। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि माइक्रो टनलिंग कार्य रेलवे की सिग्नल एवं अन्य केबलों के नीचे से अत्यंत सावधानीपूर्वक किया जाएगा, जिससे किसी प्रकार की क्षति न हो और केबल प्रणाली पूर्णतः सुरक्षित रहे। इस संबंध में आरएलडीए के अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे मुजफ्फरपुर नगर निगम की मौजूदा ड्रेनेज योजना एवं संरेखण (Alignment) को ध्यान में रखते हुए नई समन्वित ड्रेनेज योजना तैयार करें, ताकि शहर एवं रेलवे क्षेत्र की जल निकासी व्यवस्था आपस में संतुलित और प्रभावी हो सके। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि माइक्रो टनलिंग पद्धति के लागू होने से मुजफ्फरपुर स्टेशन यार्ड में मानसून के दौरान उत्पन्न होने वाली जलजमाव की समस्या का स्थायी समाधान संभव होगा। इस अत्याधुनिक तकनीक से जल निकासी प्रणाली अधिक वैज्ञानिक एवं टिकाऊ बनेगी, जिससे परिचालन सुगमता तथा यात्रियों की सुविधा में उल्लेखनीय सुधार होगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि परियोजना की विस्तृत अंतिम योजना (Final Plan) मार्च 2026 तक तैयार कर ली जाएगी, जिसके उपरांत चरणबद्ध तरीके से कार्यान्वयन प्रारंभ किया जाएगा। समस्तीपुर मंडल द्वारा इस महत्वपूर्ण परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है, जिससे मुजफ्फरपुर स्टेशन परिसर में बेहतर आधारभूत संरचना विकसित की जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### मक्का–पत्ता गोभी अंतरवर्तीय मॉडल से बढ़ेगी आय: कम लागत में अधिक उत्पादन की राह दिखा रहा कृषि विज्ञान केंद्र माधोपुर



**मझौलिया।** कृषि विज्ञान केंद्र माधोपुर में बुधवार को किसानों को कम लागत में अधिक उपज प्राप्त करने की वैज्ञानिक तकनीकों की विशेष जानकारी दी गई। केंद्र के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ. अभिषेक प्रताप सिंह ने बताया कि खेती में बढ़ते कीट एवं रोग प्रकोप के कारण लागत बढ़ रही है और मुनाफा घट रहा है। ऐसे में तकनीक आधारित खेती समय की आवश्यकता है।उन्होंने किसानों को मक्का के साथ पत्ता गोभी, ब्रोकली और फूलगोभी की अंतरवर्तीय खेती अपनाने की सलाह दी। इस पद्धति में एक ही खेत में दो या अधिक फसलें निश्चित दूरी पर लगाई जाती हैं, जिससे भूमि, पोषक तत्व और प्रकाश का अधिकतम उपयोग संभव होता है। मक्का की ऊंचाई अधिक होने और पत्ता गोभी जैसी फसलों की कम ऊंचाई के कारण दोनों फसलें एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा नहीं करतीं।वैज्ञानिकों के अनुसार, इस मॉडल से कीट एवं रोग प्रबंधन में भी सहायता मिलती है। पत्ता गोभी की सघन वृद्धि से खरपतवार कम उगते हैं, वहीं फेरोमोन ट्रैप और नीम आधारित दवाओं से कीट नियंत्रण प्रभावी होता है। संतुलित उर्वरक प्रबंधन और उचित सिंचाई से मिट्टी की सेहत भी बेहतर रहती है।संभावित उत्पादन के तहत मक्का 45–55 क्विंटल प्रति हेक्टेयर और पत्ता गोभी 250–300 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तक उपज दे सकती है। इससे एकल फसल की तुलना में 25–40 प्रतिशत अधिक आय संभव है। दर्जनों किसानों ने केंद्र परिसर में लगे प्रत्यक्षण का अवलोकन कर संतोष व्यक्त किया। वैज्ञानिकों ने किसानों से इस उन्नत मॉडल को अपनाकर आय बढ़ाने का आह्वान किया।

### चैंबर ऑफ कॉमर्स की नई कमेटी का सम्मान समारोह, प्रदीप सर्राफ ने बढ़ाया उत्साह



**सुगौली।** चैंबर ऑफ कॉमर्स के लिए मंगलवार का दिन अत्यंत गौरवपूर्ण रहा। नई कमेटी के पदाधिकारियों के सम्मान समारोह में अभिभावकतुल्य एवं भाजपा सांसद प्रतिनिधि प्रदीप सर्राफ ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई और सभी पदाधिकारियों का उत्साहवर्धन किया।कार्यक्रम के दौरान श्री सर्राफ ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को माला पहनाकर एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सुगौली के व्यापारियों की एकजुटता ही क्षेत्र के आर्थिक विकास की आधारशिला है। व्यापारियों के हितों की रक्षा तथा क्षेत्र में व्यावसायिक गतिविधियों को सशक्त बनाने के लिए चैंबर को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने नई कमेटी से अपेक्षा जताई कि वे पारदर्शिता, सहयोग और समर्पण की भावना के साथ कार्य करते हुए व्यापारिक समस्याओं के समाधान की दिशा में ठोस पहल करें।इस अवसर पर चैंबर ऑफ कॉमर्स, सुगौली के अध्यक्ष प्रियांशु सर्राफ, उपाध्यक्ष द्वय राजन वर्णवाल एवं ओमप्रकाश शर्मा, सचिव अनुप अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संदीप अग्रवाल, सहकोषाध्यक्ष नवीन कुमार, कार्यकारी भाजपा अध्यक्ष अंकुर कुमार चौधरी तथा हर्षवर्धन सर्राफ सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में चैंबर के सदस्यों ने प्रदीप सर्राफ के स्नेह, मार्गदर्शन और सहयोग के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया तथा क्षेत्र के व्यापारिक विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प

### रामगढ़वा: ओवरलोडिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, गिट्टी लदे तीन ट्रैक्टर जब्त, भारी जुर्माना



**रामगढ़वा ।** स्थानीय पुलिस और परिवहन विभाग ने संयुक्त रूप से ओवरलोडिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। रैक पॉइंट से गिट्टी लादकर जा रहे ओवरलोड ट्रैक्टरों को सेमर के पास पकड़ा गया। यह कार्रवाई बिहार मोटर सेवा के अधिकारी विकास कुमार और रामगढ़वा थानाध्यक्ष राजीव कुमार साह के नेतृत्व में संयुक्त रूप से की गई। जांच के दौरान ट्रैक्टरों में ओवरलोडिंग के साथ-साथ निबंधन और कमर्शियल नियमों की भारी अनदेखी पाई गई। बिना निबंधन के चल रहे गैर-निबंधित ट्रैक्टर पर 21,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है, वहीं ट्रैक्टर संख्या BR05 GC 3642 पर नॉन-कमर्शियल होने के बावजूद व्यावसायिक कार्य में लिप्त पाए जाने पर 37,000 रुपये का जुर्माना ठोका गया है। इसके अलावा ट्रैक्टर संख्या BR 22Q7921 को भी जब्त कर कार्रवाई की जा रही है, जिस पर जुर्माने की राशि 44,500है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार साह ने बताया कि सड़कों पर ओवरलोडिंग और बिना निबंधन के वाहन परिचालन से दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है, इसलिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। परिवहन अधिकारी विकास कुमार ने स्पष्ट किया कि रैक पॉइंट से निकलने वाले हर वाहन के दस्तावेजों और लोड की सघन जांच की जाएगी। इस कार्रवाई से क्षेत्र के वाहन मालिकों और चालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

### पिपरा थाना द्वारा सड़क सुरक्षा कार्यक्रम एवं मद्य निषेध जागरूकता अभियान चलाया गया



**पुनपुन।**पिपरा थाना प्रभारी कालेंद्र कुमार ने कहा कि इस अवसर पर थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर लोगों को यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने के लिए जागरूक किया गया।साथ ही राज्य में लागू पूर्ण शराबबंदी कानून के बारे में जानकारी देते हुए मद्यपान के दुष्प्रभावों एवं कानूनी प्रावधानों से अवगत कराया गया। आमजन से अपील की गई कि वे कानून का पालन करें और समाज को नशामुक्त बनाने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।कार्यक्रम में पुलिस पदाधिकारियों एवं स्थानीय नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही, जिससे क्षेत्र में सकारात्मक संदेश प्रसारित हुआ।

# खामोशी से मुस्कान तक: एम्स पटना में मनाया गया कॉक्लियर इम्प्लांट दिवस

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**बुधवार को एम्स पटना के नर्सिंग कॉलेज भवन का माहौल कुछ अलग था। यहां सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं बल्कि सैकड़ों सपनों की नई शुरुआत का उत्सव मनाया गया। कान-नाक-गला (ईएनटी) विभाग, एम्स पटना ने विश्व कॉक्लियर इम्प्लांट दिवस को उन मुस्कुराहटों के नाम समर्पित किया जिन्होंने खामोशी से संवाद तक का सफर तय किया है। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रो. (ब्रिग.) डॉ. राजू अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक, एम्स पटना ने किया। उन्होंने कहा कि सुनने की क्षमता केवल ध्वनि सुनने का माध्यम नहीं बल्कि जीवन से जुड़ने का सेतु है। समय पर पहचान और उपचार बच्चों के भविष्य को नई दिशा दे सकता है। विभागाध्यक्ष डॉ. क्रांति भावना, प्रोफेसर एवं प्रमुख, ईएनटी विभाग ने भावुक शब्दों में कहा कि कॉक्लियर इम्प्लांट एक तकनीक से बढ़कर उम्मीद की किरण है। उन्होंने बताया कि एम्स पटना में सर्जरी के साथ नियमित मैपिंग, स्पीच थेरेपी और दीर्घकालिक पुनर्वास की संपूर्ण व्यवस्था है जिससे बच्चों का आत्मविश्वास लौटता है और परिवारों में खुशियां वापस आती हैं। कार्यक्रम में विशेषज्ञ व्याख्यान, लाभार्थियों की प्रेरक कहानियाँ और संवाद सत्र आयोजित किए गए। जिन बच्चों और वयस्कों की कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी एम्स पटना में हुई है, उनमें से कुछ इस अवसर पर उपस्थित रहे। उनके अनुभवों ने यह साबित किया कि सही समय पर इलाज जीवन बदल सकता है। इस अवसर पर गणमान्य अतिथियों ने बच्चों के साथ केक काटा, उन्हें केक खिलाया और उपहार देकर इस दिन को यादगार बना दिया। वर्ष 2014 से अब तक एम्स पटना में लगभग 400 कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी सफलतापूर्वक की जा चुकी हैं। आधुनिक ऑपरेशन थियेटर, उन्नत श्रवण जांच सुविधाएं और विशेषज्ञ डॉक्टरों, ऑडियोलॉजिस्ट व स्पीच थेरेपिस्ट की समर्पित टीम इस उपलब्धि की मजबूत नींव हैं। कॉक्लियर इम्प्लांट सुविधा MED-EL इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से रियायती दरों पर उपलब्ध है। साथ ही मुख्यमंत्री राहत कोष (बिहार), राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (RBSK) और ADIP योजना के माध्यम से आर्थिक सहायता भी दी जाती है ताकि कोई भी परिवार आर्थिक कारणों से इस उपचार से वंचित न रहे। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनूप कुमार, प्रो. (डॉ.) संजय पांडेय, डीन (रिसर्च), प्रो. (डॉ.) रुचि सिन्हा, डीन (स्टूडेंट्स अफेयर्स) सहित विभाग के सभी वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे। यह आयोजन एक संदेश के साथ संपन्न हुआ कि खामोशी कोई सीमा नहीं है। सही उपचार, सही समय और सही सहयोग से हर आवाज़ को पहचान मिल सकती है। एम्स पटना इसी संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है ताकि हर बच्चा अपनी दुनिया को सुन सके और अपनी आवाज़ से उसे सजा सके।

## हर कार्यकर्ता से रूबरू हुए कांग्रेस पश्चिम चंपारण प्रवेक्षक नीलांशु चतुर्वेदी



नई सोच एक्सप्रेस

**मझौलिया।**बुधवार के दिन पाण्डेय जी के मकान में प्रखंड मुख्यालय के सामने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस पार्टी ने कार्यकताओं का सृजन के तहत हर कार्यकताओं से रूबरू हुए पश्चिम चंपारण के प्रवेक्षक सह कांग्रेस के उतर प्रदेश के चित्रकुट विधानसभा से पूर्व विधायक नीलांशु चतुर्वेदी। उन्होंने बताया कि गांधीवादी कांग्रेस महात्मा गांधी के विचारों पर चलने वाली है। जो राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान सबसे निचले स्तर के नागरिकों से संवाद कर एक गांधीवादी विचार समाज में स्थापित करना है।यह गांधी की कर्मभूमि है ।संगठन सृजन कर जिलाध्यक्ष का चुनाव करना है तथा प्रखंड अध्यक्ष,मंडल अध्यक्ष तथा बूथ अध्यक्ष तक संगठन को धारदार बनाना है।गोडसे के विचार को उखाड़ फेंकना है और गांधी के विचारों को स्थापित करना मेरा लक्ष्य है।बैठक का संचालन कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष म.कलीमुल्लाह उर्फ कलीम भाई ने की ।इस मौके पर सहायक प्रवेक्षक मंजय लाल राय , सहायक प्रवेक्षक कुणाल किशोर सहनी ,पूर्व विधायक कांग्रेस मदन मोहन तिवारी,पूर्व जिलाध्यक्ष भारत भूषण दुबे, डॉ.शिखा चक्रवर्ती,ब्रह्मानंद पाण्डेय,मुना खा उर्फ जुबैर खा ,अनवारूल हक उर्फ पिंटू ,म.एजाज, म.वशिम ,नरेश यादव,विंदा तिवारी सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पीआरओ बनाए जाने पर विश्वविद्यालय अंग्रेजी विभाग ने कुलपति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए डॉ चौरसिया का किया सम्मान

नई सोच एक्सप्रेस



**दरभंगा।**ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के कुलपति प्रोफेसर संजय कुमार चौधरी के आदेश से पीआरओ का दायित्व ग्रहण करने वाले डॉ आर एन चौरसिया को स्नातकोत्तर अंग्रेजी विभाग द्वारा सम्मानित किया गया। मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो मंजू राय ने पाग एवं चादर से डॉ चौरसिया का सम्मान करते हुए कहा कि कुलपति द्वारा इनको पुनः पीआरओ का दायित्व देना हमारे लिए काफी हर्ष की बात है, क्योंकि ये पूरी क्षमता एवं कार्यकुशलता से अपने दायित्वों का निर्वहन करते रहे हैं। उन्होंने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कुलपति के कुशल निर्देशन में डॉ चौरसिया दूसरी पारी में और अधिक कुशलता से अपने दायित्वों को न केवल पूरा करेंगे, बल्कि विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को भी सुदृढ़ करेंगे। अंग्रेजी विभागाध्यक्ष प्रो पुनीता झा ने कहा कि डॉ चौरसिया छात्र-छात्राओं के बीच भी काफी लोकप्रिय हैं। इन्हें जो भी कार्य दिया जाता है, उसे पूरे मन एवं तत्परता से करते हैं। अंग्रेजी के पूर्व प्राध्यापक डॉ अमरेन्द्र शर्मा ने कुलपति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस कार्य हेतु डॉ चौरसिया सर्वाधिक उपयुक्त व्यक्ति हैं। इनका इस क्षेत्र में कार्यानुभव काफी लंबा रहा है तथा ये समाज से गहरे रूप से कनेक्टेड भी हैं। नये पीआरओ डॉ चौरसिया ने कहा कि कुलपति महोदय ने जिस विश्वास से मुझे नया दायित्व दिया है, उसका मैं अपनी पूरी निष्ठा एवं पूर्ण क्षमता से निर्वहन करने का प्रयास करूंगा। मैं मीडिया से संवाद स्थापित कर विश्वविद्यालय के सभी कार्यों, योजनाओं एवं उपलब्धियों से लोगों को अवगत कराकर समाज से अधिक से अधिक जोड़ने का काम करूंगा। इस अवसर पर डॉ शांभवी, डॉ तनीमा, डॉ आर्यिका पॉल, रवि आर्यन, दीपक कुमार, आशीष, अमित कुमार झा, अंजली कुमारी, श्वेता सिंह तथा गुड़िया कुमारी आदि ने भी डॉ चौरसिया को बधाई दी।

> » कुलपति के कुशल निर्देशन में डॉ चौरसिया दूसरी पारी में और अधिक कुशलता से नये दायित्व को पूरा करेंगे- प्रो मंजू राय

## इलाज के दौरान युवक की मौत, परिजनों ने की जांच की मांग

नई सोच एक्सप्रेस



**सुगौली।**थाना क्षेत्र के फुलवरिया पंचायत के वार्ड नंबर 8 में एक युवक की इलाज के दौरान बुधवार की सुबह मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सुगौली पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार फुलवरिया गांव निवासी नथुनी शाह के पुत्र राजन कुमार बीते 16 जनवरी को कोरिया के समीप घायल अवस्था में मिले थे। सूचना मिलने पर डायल 112 की पुलिस टीम ने उन्हें तत्काल इलाज के लिए सुगौली के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मोतिहारी रेफर कर दिया। बताया जाता है कि मोतिहारी में प्राथमिक उपचार के बाद भी उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ, जिसके बाद उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए अन्यत्र ले जाया गया। इसी दौरान बुधवार की सुबह इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई। घटना से परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों का कहना है कि युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। इस संबंध में सुगौली थाना के दरोगा शंभू साह ने परिजनों को आवेदन देने की सलाह देते हुए कहा कि आवेदन प्राप्त होने के बाद मामले की विधिवत जांच की जाएगी और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## IPR जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस



**बिहिया(भोजपुर)।**सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत MSME Development & Facilitation Office (MSME-DFO), पटना द्वारा बिहिया प्रखंड, भोजपुर में बौद्धिक संपदा अधिकार (IPR) जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती मोनालिसा प्रियदर्शिनी, प्रखंड विकास पदाधिकारी (BDO), बिहिया उपस्थित रहीं। अपने संबोधन में उन्होंने स्थानीय उद्यमियों एवं युवाओं को नवाचार को बढ़ावा देने तथा अपने उत्पादों एवं ब्रांड की कानूनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए IPR पंजीकरण कराने पर बल दिया। कार्यक्रम में जिला उद्योग केंद्र (DIC), भोजपुर से सुश्री श्वेता कुमारी (अधिकारी) अपनी गरिमामयी उपस्थिति के साथ शामिल हुईं। उनके साथ श्री आरविंद जी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने उद्यमियों को PMEGP (प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) एवं PMFME (प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना) के संबंध में विस्तार से जानकारी दी तथा योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। MSME-DFO, पटना से सहायक निदेशक डॉ. श्वेता देवतले ने MSME क्षेत्र में IPR के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पेटेंट, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट एवं औद्योगिक डिज़ाइन पंजीकरण की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में माधुबाला कुमारी, BPM बिहिया, श्री अरुण कुमार, एक्सिस बैंक, तथा अन्य गणमान्य अतिथिगण भी उपस्थित रहे। बैंक प्रतिनिधि के रूप में श्री अरुण कुमार ने उद्यमियों को वित्तीय सहायता एवं ऋण सुविधाओं के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया। IPR विषय पर तकनीकी सत्र रॉबिन विन्सेंट द्वारा लिया गया, जिसमें उन्होंने पेटेंट, ट्रेडमार्क एवं अन्य बौद्धिक संपदा अधिकारों की आवश्यकता, पंजीकरण प्रक्रिया तथा MSME इकाइयों को मिलने वाले लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं समन्वयन अंकेश कुमार (Coordinator) द्वारा किया गया। उन्होंने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर क्षेत्र के उद्यमियों, युवाओं एवं स्वयं सहायता समूहों के प्रतिनिधियों ने सक्रिय सहभागिता की तथा IPR एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय उद्यमियों को नवाचार की सुरक्षा, ब्रांड संरक्षण एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना था, जो सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## ग्लासेस फॉर लाइवलीहुड प्रोजेक्ट के तहत निःशुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया गया



नई सोच एक्सप्रेस

**जहानाबाद।**सदर प्रखंड अंतर्गत अमैन पंचायत के शाहपुर गांव में ग्लासेस फॉर लाइवलीहुड प्रोजेक्ट के तहत निःशुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर डीबीएस एवं पीसीआई के सहयोग से प्रयत्न नारी शक्ति महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष धर्मवीर पांडेय अध्यक्ष नीतू कुमारी एवं महिला प्रकोष्ठ कांग्रेस की जिला अध्यक्ष गायत्री देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में लगभग 500 महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर समिति के संतोष कुमार ने बताया कि 35 वर्ष से अधिक आयु की सभी महिलाओं की आंखों की जांच की गई। जांच के उपरांत उन्हें निःशुल्क चश्मा दिया गया। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की दृष्टि संबंधी समस्याओं को दूर कर उनके दैनिक जीवन एवं आजीविका को सुगम बनाना है ताकि वह आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त कदम बढ़ा सकें। इस अवसर पर समिति की रुक्मिणी देवी, चंद्रकांत, भोला प्रसाद, निक्की, जूली, आरती एवं निर्मला सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## सुगौली को अनुमंडल बनाने की मांग विधानसभा में उठी

नई सोच एक्सप्रेस



**सुगौली।**स्थानीय विधायक राजेश कुमार उर्फ बबलू गुप्ता ने 25 फरवरी 2026 को बिहार विधानसभा में सुगौली को अनुमंडल बनाने की मांग जोरदार तरीके से उठाई। उन्होंने सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि यह मांग क्षेत्र की जनता द्वारा कई वर्षों से लगातार की जा रही है। विधायक श्री गुप्ता ने कहा कि यदि सुगौली को अनुमंडल का दर्जा मिल जाता है तो दूर-दराज के गांवों के लोगों, विशेषकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के निवासियों को काफी सहूलियत मिलेगी। प्रशासनिक कार्यों के लिए उन्हें जिला मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी। विधानसभा में अपने प्रश्नों के माध्यम से विधायक ने तीन प्रमुख मांगें रखीं— सुगौली प्रखंड कार्यालय के बगल में अवस्थित पीडब्ल्यूडी की खाली पड़ी जमीन पर अतिक्रमण हो रहा है। उस जमीन पर निरीक्षण भवन का निर्माण कराया जाए, जिससे सरकारी कार्यों में सुविधा हो। सुगौली प्रखंड के दक्षिणी सुगांव पंचायत और हरसिद्धि प्रखंड के पानापुर पंचायत के बीच धनौती नदी पर पुल निर्माण कराया जाए, ताकि आवागमन सुगम हो सके।गैर सरकारी प्रश्न के माध्यम से सुगौली को अनुमंडल बनाने की औपचारिक मांग रखी गई।विधायक ने कहा कि सुगौली को अनुमंडल बनाने के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि रघुनाथपुर प्रखंड बनने के बाद सुगौली को भी अनुमंडल का दर्जा मिलने की संभावना प्रबल है। इस मुद्दे को लेकर विधानसभा में आवाज उठाई गई है और आगे भी जनहित में प्रयास जारी रहेंगे।

## जिला जलेवार सेवा समिति एवं वत्स आश्रम के सदस्य बेहतर कार्य कर मिसाल पेश कर रहे हैं: इं. रौशन कुमार

नई सोच एक्सप्रेस



**मंझौल, बेगूसराय।**आज जलेवार सेवा समिति वत्स आश्रम मंझौल में महत्वपूर्ण बैठक रखा गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष इं. रौशन कुमार, कमलाकान्त सिंह, विजयशंकर सिंह ने कहा कि वत्स आश्रम के बेहतर संरचना, आमजन से जुड़ी सुख-सुविधा को लेकर सेवा समिति के मुख्य उद्देश्यों को जन-जन तक पहुँचाने को लेकर संकल्पित होकर महत्वपूर्ण विचार रखे। मोहन सिंह, रामसखा सिंह, शिवशंभू सिंह, रामाज्ञा सिंह, अर्जुन सिंह ने कहा कि वत्स आश्रम क्षेत्र के लिए मूलभूत सुविधाओं से लैस होकर मुख्यधारा से जुड़े आमजन को अनुशासनपूर्वक चर्चा करते हुए बेहतर कार्य करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। अशोक सिंह, वीरेंद्र कुमार, सुधीर सिंह, मीडिया प्रभारी अमित कुमार सिंह गप्पू, कन्हैया कुमार, चंदन कुमार ने कहा कि जलेवार सेवा समिति आज जिला ही नहीं पूरे बिहार में बेहतर कार्य करने की दिशा में जगह-जगह बैठक कर आमजनों के सुख सुविधा को लेकर वत्स आश्रम को व्यवस्थित करने के लिए सामूहिक रूप से चर्चा करते हुए कार्य करने के लिए अग्रसर होंगे। रामनारायण सिंह, विद्यानंद सिंह, चंद्रचूड़ शर्मा ने कहा कि वत्स आश्रम से जुड़े सदस्य बेहतर कार्य करते हुए काफी आगे बढ़ रहे हैं, जिससे सदस्यों का मनोबल बढ़ा है। इस आश्रम को लेकर पूरे बिहार के वत्स समाज इसकी संरचना को ध्यान में रखते हुए बेहतर कार्य करने के लिए और समाज को बेहतर दिशा की ओर अग्रसर करने के लिए काम कर रहे हैं। यह काफी सराहनीय है। मौके पर रौशन सिंह, अर्जुन सिंह, रामसखा सिंह, वीरेंद्र कुमार, अमित कुमार सिंह गप्पू, कमलाकान्त सिंह, विजयशंकर सिंह, रामनारायण सिंह, रामशंकर सिंह, शिवशंभू सिंह, हेमन्त सिंह, चन्दन कुमार, अशोक सिंह, कन्हैया कुमार, सुधीर सिंह आदि सैकड़ों सदस्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### उदासी और खालीपन का आत्ममंथन है "डेढ इंच उपर"

» 3 स्वप्निल और स्मृतिपरक संसार में जीना दिखाता है "डेढ इंच उपर"



**पटना**। राजधानी पटना की प्रमुख नाट्य संस्था विश्वा, पटना जो पिछले 15 वर्षों से रंगकर्म के क्षेत्र में सक्रिय है, तीन दिवसीय नाट्य महोत्सव 'विश्वोत्सव 2025-26' का आयोजन कर रही है। जिसमे आज 25 फरवरी को संध्या 6:30 बजे, इमेजिनेशन स्कूल ऑफ़ ड्रामा एंड फिल्म मेकिंग, ई1, देश रतन पथ, SBI ऑफिसर्स कॉलोनी, कंकड़बाग़, विजय नगर, पटना, में निर्मल वर्मा लिखित नाटक "डेढ़ इंच ऊपर " की प्रस्तुति की गई, जिसका निर्देशन राजेश राजा ने किया है।कहानी का शीर्षक "डेढ़ इंच ऊपर" प्रतीकात्मक है। यह उस सूक्ष्म दूरी को दर्शाता है जो व्यक्ति और उसके वास्तविक जीवन के बीच आ जाती है ,जैसे वह ज़मीन से "डेढ़ इंच ऊपर" तैर रहा हो। यानी वह पूरी तरह वास्तविकता से जुड़ा नहीं है, बल्कि एक मानसिक, स्वप्निल या स्मृतिपरक संसार में जी रहा है।मुख्य पात्र का अकेलापन इतना गहरा है कि वह अपने ही अस्तित्व को प्रश्नों के घेरे में देखता है। उसे लगता है कि वह जीवन को सीधे नहीं, बल्कि थोड़ी दूरी से देख रहा है। इस दूरी में एक अजीब-सी उदासी, खालीपन और आत्ममंथन है।

मंच पर राजेश राजा जबकि मंच परे -प्रकाश परिकल्पना : राजीव रॉय पार्श्व ध्वनि : राहुल आर्यनरूप सज्जा : आदिल रशीद/आदित्य

वस्त्र विन्यास : पंकज कुमार मंच निर्माण : सुनील जी पूर्वाभ्यास प्रभारी : शशांक शेखर एवं अभिषेक मेहताप्रस्तुति : विश्वा, पटना

लेखक : निर्मल वर्मा निर्देशन : राजेश नाथ राम ने किया है।अंत में इमेजिनेशन पटना एवं कुंदन कुमार को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### एक्सिस बैंक ने अड्डा एजुकेशन के साथ की साझेदारी

» आरएम के लिए विशेष प्रशिक्षण व तैनाती कार्यक्रम होगा शुरू

AXIS BANK

**पटना**। एक्सिस बैंक ने अड्डा एजुकेशन के साथ मिलकर अपने वाणिज्यिक बैंकिंग समूह (सीबीजी) के लिए रिलेशनशिप मैनेजरों (आरएम) का विशिष्ट कैडर तैयार करने के लिए नियुक्ति-प्रशिक्षण-तैनाती (हायर-ट्रेन-डिप्लॉय-एचटीडी) कार्यक्रम लांच किया है। इस पहल का उद्देश्य है बैंक की तेजी से बढ़ती लघु एवं मध्यम उपक्रम (एसएमई) फ्रेंचाइजी को मजबूत करना, जो इसके रणनीतिक प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में से एक है। यह कार्यक्रम पारंपरिक उद्योग मॉडल से अलग तरीके से कौशल प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है, जो आरएम को एसएमई ग्राहकों की छोटी-छोटी जरूरतों के हिसाब से भूमिका विशेष के लिए आवश्यक क्षमता से लैस करता है। राजकमल वेम्पति, ग्रुप एग्जीक्यूटिव एंड ह्यूमन रिसोर्स हेड, एक्सिस बैंक ने कहा कि सेवा क्षेत्र भारत की वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, ऐसे में रोजगार के लिए तैयार और भविष्य की जरूरतों को पूरा करने वाले कर्मचारियों की जरूरत है। हायर-ट्रेन-डिप्लॉय कार्यक्रम वाणिज्यिक बैंकिंग कारोबार की बदलती जरूरतों के हिसाब से उच्च गुणवत्ता वाली, तुरंत तैनाती योग्य टैलेंट पाइपलाइन को बढ़ाने में मदद करता है।

### मित्सुबिशी इलेक्ट्रिक इंडिया ने आशियाना दीघा रोड में खोला नया एक्सक्लूसिव आउटलेट



**पटना**। विश्वस्तरीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं एयर-कंडीशनिंग समाधान उपलब्ध कराने वाली कंपनी मित्सुबिशी इलेक्ट्रिक इंडिया ने पटना के आशियाना–दीघा रोड क्षेत्र में अपना नया एक्सक्लूसिव आउटलेट शुरू किया। इस नए शोरूम के माध्यम से ग्राहकों को अत्याधुनिक और ऊर्जा-कुशल उत्पादों की विस्तृत रेंज उपलब्ध कराई जाएगी। इस एक्सक्लूसिव आउटलेट का शुभारंभ मित्सुबिशी इलेक्ट्रिक एसी के डिप्टी हेड नीरज गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर नेशनल सेल्स हेड अनूप गौतम, रीजनल सेल्स हेड कौस्तुभ डे, रीजनल सर्विस हेड सुमंता चक्रवर्ती, बिहार हेड विवेक कुमार एवं आउटलेट संचालक जीतेन्द्र कुमार शर्मा उपस्थित रहे। उद्घाटन अवसर पर मित्सुबिशी इलेक्ट्रिक एसी के डिप्टी हेड नीरज गुप्ता ने कहा कि कंपनी का उद्देश्य ग्राहकों को विश्वसनीय, टिकाऊ और उन्नत तकनीक से लैस उत्पाद उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि पटना जैसे तेजी से विकसित हो रहे शहर में बढ़ती मांग को देखते हुए इस नए आउटलेट की शुरुआत की गई है। नेशनल सेल्स हेड अनूप गौतम ने कहा कि इस एक्सक्लूसिव आउटलेट के माध्यम से ग्राहकों को कंपनी के प्रीमियम उत्पादों के साथ बेहतर सेवा और तकनीकी सहयोग भी मिलेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि यह शोरूम क्षेत्र के ग्राहकों के लिए एक भरोसेमंद केंद्र साबित होगा। वहीं रीजनल सेल्स हेड कौस्तुभ डे ने कहा कि नए आउटलेट में एयर कंडीशनर सहित कई आधुनिक और ऊर्जा-संरक्षण वाले उत्पाद उपलब्ध रहेंगे। कंपनी ने ग्राहकों को आकर्षक ऑफर और बेहतर आफ्टर-सेल्स सर्विस का भी आश्वासन दिया। मौके पर कंपनी के कर्मचारियों सहित शहर के गणमान्य लोगों की भी उपस्थिति रही।

### टेउसा बाजार में अतरी अंचलाधिकारी के मिलीभगत से जाम



अतरी प्रखण्ड के टेउसा बाजार में आए दिन रोजाना 4 से 5 घंटे जाम की समस्या से जूझना पड़ता हैं बुधवार को लगभग 5 घंटे तक जाम लगा रहा। नीमचक बथानी अतरी एवं मोहरा के phc से रेफर मरीज टेउसा बाजार से होकर ही अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज गया जाता हैं कई बार तो जाम में ही कई लोगों के मृत्यु हो गई है ग्रामीणों का कहना है कि टेम्पू और टोटो वाला गाड़ी बीच बाजार में ही खड़ी कर सवारी बैठते हैं जिससे काफी जाम लगा रहता हैं। अतरी पुलिस प्रशासन मौके पर पहुँच कर जाम को हटाएँ।

# पूर्व विधायक स्व.असगर हुसैन की 13 वीं तेरहवीं पुण्य तिथि मनायी गयी

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद**। पूर्व विधायक स्व. असगर हुसैन की 13 वीं तेरहवीं पुण्य तिथि स्थानीय होटल में मनायी गयी। इस अवसर पर एक प्रार्थना सभा का आयोजन असगर हुसैन मेमोरियल ट्रस्ट के तत्वाधान में किया गया। प्रार्थना सभा की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष मुन्ना हुसैन ने किया। सभा में आये हुए अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सभा में आपकी उपस्थिति ही सही मायने में उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उनके दिवंगत हुए तेरह साल बीत जाने के बावजूद उनके प्रति आपका स्नेह और सम्मान बना हुआ है। यह हमलोगों के लिये गर्व की बात है। स्व. असगर हुसैन आप सभी के थे और उन्होंने भी अपना संबंध और कर्तव्य हमेशा ईमानदारी और निष्ठा से निभाने का काम किया था। प्रार्थना सभा को संबोधित करते हुए मुफ्ती आसिफ नईमी ने कहा कि हरेक इंसान को इंसान के काम आना चाहिए। विशेषकर वैसे लोग जो समाज सेवा में सदैव लगे रहते हैं उनको बिना किसी भी भेदभाव के समाज सेवा में अग्रणी भूमिका निभाना चाहिए। स्व.असगर हुसैन इसी काम के लिए जाने जाते थे। इस श्रद्धांजलि सभा में आपलोगों की उपस्थिति को देखने से यह प्रमाणित होता है कि स्वर्गीय हुसैन कितने लोकप्रिय नेता थे। स्वर्गीय हुसैन ने अपने ज़िम्मदारी को ईमानदारी पूर्वक निभाने का काम किया था। प्रार्थना सभा में पूर्व मंत्री अभिराम शर्मा, जयप्रकाश नारायण चंद्रवंशी,वीरेंद्र कुमार सिंह, शमीम अख्तर, वसीमुल हक रुस्तम, अरविंद शर्मा, मनोरंजन कुमार, शैलेंद्र कुमार सिन्हा, शशिकांत प्रसाद सिन्हा, संजय सिंह,कुंदन कुमार,मो. अरमान गुड्डू मो.असलम गुडडू, कृष्णा सिंह, तिलेश्वर प्रसाद सिंह, मो.जब्बार अंसारी, मो.शफीक, मोबिन अंसारी, मो.सरवर, मो.अबू हंजला,गुलाम मुर्तुजा अंसारी, मो.रफी अहमद, आबिद मजीद एराकी, नाथून प्रसाद कुशवाहा, सुशांत कुमार, श्याम, संजय शर्मा, रंभू सिंह, मो.कमाल, मो.सेराज, प्रो. सुशील कुमार सिन्हा, मो.असलम, मो.खालिक जमा, मो.जावेद और परिवार के सभी सदस्य अंजर हुसैन बिट्टू,अफसर जमील,फिरोज, जमील और उमर सानी मुख्य रूप से शामिल हुए।

## एचडीएफसी बैंक ने गुवाहाटी में नई टेक और डिजिटल फैक्ट्री का शुभारंभ किया

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। एचडीएफसी बैंक ने गुवाहाटी में अपनी नई टेक और डिजिटल फैक्ट्री का शुभारंभ किया। यह सुविधा असम में एडवांस्ड टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट, इनोवेशन और टैलेंट इनक्यूबेशन के लिए कार्य करेगी। बैंक की यह असम में पहली और देश में चौथी टेक और डिजिटल फैक्ट्री है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने किया। एचडीएफसी बैंक के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर कैज़ाद भरूचा और चीफ इन्फॉर्मेशन ऑफिसर रमेश लक्ष्मीनारायण भी उपस्थित थे। इस सुविधा के माध्यम से राज्य के स्किल्ड प्रोफेशनल्स को करियर के अवसर मिलेंगे और वे अगली पीढ़ी की टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट में योगदान दे सकेंगे। बैंक असम और आसपास के राज्यों से लोकल टेक टैलेंट का लाभ उठाकर एआई, क्लाउड, डेटा और कोर इंजीनियरिंग ट्रैक में टेक्नोलॉजी को आगे बढ़ाएगा। एचडीएफसी बैंक ने असम सरकार के साथ 'एडवांटेज असम 2.0' के तहत साझेदारी की है। इसके तहत बैंक और सरकार बीएफएसआई और फिनटेक सेक्टर के लिए स्किल-बिल्डिंग प्रोग्राम चलाएंगे। इसमें स्टूडेंट्स को इंडस्ट्री नॉलेज और प्रैक्टिकल अनुभव मिलेगा। कैज़ाद भरूचा ने कहा कि गुवाहाटी की यह फैक्ट्री डिजिटल प्रोडक्ट और सर्विसेज लॉन्च करने में मदद करेगी और राज्य के इंजीनियरिंग टैलेंट को बैंकिंग सेक्टर में योगदान का अवसर देगी।

## धर्मनगरी रेजिडेंशियल एरिया में सरेआम चल रही कमर्शियल गतिविधियां

नई सोच एक्सप्रेस



**कुरुक्षेत्र**।धर्मनगरी एवं सी-एम. सिटी कुरुक्षेत्र के विभिन्न रेजिडेंशियल क्षेत्रों में इन दिनों नियमों को दरकिनार करते हुए खुलेआम कमर्शियल गतिविधियां संचालित हो रही हैं, जिससे रिहायशी इलाकों में शांतिपूर्ण तरीके से रहने वाले लोगों का जीना दूभर हो गया है। इन कॉलोनियों में जहां केवल आवासीय उपयोग की अनुमति है, वहीं कई स्थानों पर दुकानों, क्लीनिकों और निजी अस्पतालों का संचालन किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह से देर रात तक इन प्रतिष्ठानों पर आने-जाने वालों की भीड़ लगी रहती है, जिससे उन्हें आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। संकरी गलियों में वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं और घरों के बाहर पार्किंग की समस्या गंभीर रूप ले चुकी है।इस संबंध में डी.एम.सी. कुरुक्षेत्र अमन कुमार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि रिहायशी इलाकों में कमर्शियल गतिविधि किए जाने पर संबंधित व्यावसायिक यूनिट को नोटिस जारी किया जाता है। अनुपालन न किए जाने की स्थिति में यूनिट को सील भी किया जा सकता है। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अंतर्गत यदि ऐसा होता है तो उसके लिए संबंधित विभाग के अधिकारी ही कुछ कह पाएंगे। नगर परिषद के अधिकारी क्षेत्र में यदि ऐसा कुछ पाया जाता है तो उस पर कार्रवाई की जा सकती है।

## पुलिस ने किया टैंकर चालक को गिरफ्तार ,तीन लोगों पर दर्ज की गई प्राथमिकी

नई सोच एक्सप्रेस



**सुगौली**।थाना क्षेत्र के फुलवरिया से जब्त टैंकर के चालक को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगो को नामजद बनाया गया है। जिसमें गोदाम मालिक फुलवरिया निवासी बबलू गुप्ता,ट्रक मालिक,चालक रविन्द्र कुमार व अन्य पर केस दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के फुलवरिया में तेल कटिंग की सूचना थानाध्यक्ष अवनीश सिंह को रविवार को मिली थी।थानाध्यक्ष सूचना मिलते ही फुलवरिया पहुंच कर टेंकर को जब्त कर लिया।जिसके बाद वरीय अधिकारी को इसके बारे में जानकारी दी।पुलिस ने टेंकर को जब्त कर लिया।बताया गया कि टेंकर में एथनॉल है। पुलिस में सभी कागजातों की सत्यापन कराई गई।जिसमें कई त्रुटि पाई गई।वरीय अधिकारी के निर्देश पर इसकी जांच कराई गई।जांच में तेल टेंकर के तीन चैंबर में कुल 9100 सौ लीटर थिनर बरामद की गई।जिसके बाद पुलिस ने नवादा जिला के मुफ्फसिल थाना के अंबिका बिगहा निवासी राजकुमार का पुत्र चालक 21 वर्षीय रविन्द्र कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चालक से तेल टेंकर से हो रही कारोबार के बारे में विस्तृत जानकारी ली।पुलिस ने केस दर्ज कर गिरफ्तार चालक को अग्रिम करवाई के लिए मोतिहारी न्यायिक हिरासत में भेज दिया।पुलिस तेल कटिंग में शामिल लोगों के धर पकड़ के लिए करवाई तेज कर दी है।थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस मामले में अगली करवाई करने में जुटी हुई है।

## चौधरी राजेंद्र सिंह चौहान की तेरहवीं पर पुत्र यशवंत सिंह चौहान की रसम पगड़ी संपन्न

नई सोच एक्सप्रेस



» रसम पगड़ी समाज में परिवार द्वारा शहीद भगत सिंह के पोते यजुवेंद्र सिंह ने बांधी

**नई दिल्ली**।दिल्ली के रणजीत नगर गांव खानपुर राय के बाबा भूमिया शिव मंदिर एवं धर्मशाला पर स्वर्गीय चौधरी राजेंद्र सिंह चौहान के अचानक निधन होने के उपरांत उनके आज तेरहवीं एवं रसम पगड़ी का भव्य आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में उनके परिजन चाहने वाले मित्र बंधु उपस्थित रहे जिसमें परिवार एवं समाज की ओर से उनके बड़े सपुत्र यशवंत सिंह चौहान जो कि संघ के पदाधिकारी एवं प्रोफेसर दिल्ली यूनिवर्सिटी में कार्यरत हैं, कि आज इस मौके पर रसम पगड़ी के उपरांत उनके पारिवारिक मित्र देश के महान शहीद देशभक्त भगत सिंह जी के पोते और उनके पारिवारिक मित्र यजुवेंद्र सिंह द्वारा पगड़ी बांधते हुए यह रस्म पूरी की गई इस मौके पर वाल्मीकि पांडव कालीन आश्रम से वाल्मीकि महामंडलेश्वर विवेक नाथ महाराज अखिल भारतीय महर्षि वाल्मीकि साधु अखाड़ा परिषद के प्राचार्य महंत गुरुजी राजू चंदेल, परिवार के सदस्य राजपाल सिंह चौहान संजीव चौहान बलवंत सिंह चौहान रोहित चौहान चैतन्य चौहान सरदार मंजीत सिंह नारंग शिव प्रकाश सिंह वीरेंद्र प्रताप सिंह माननीय सुबोध जी सुरेंद्र गुप्ता विश्व हिंदू परिषद दिल्ली प्रदेश के महामंत्री प्रचारक कपिल जी सरदार अरविंद सिंह संधू राजीव शर्मा माननीय सरवन जी संघ पलक झंडेवालान विभाग सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे इस मौके पर भजन संध्या प्रार्थना सभा आदि का आयोजन किया गया नमः हजारों आंखों ने उनके लिए मौनसाद कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की

## पद्मश्री अनूप जलोटा, सोमा घोष, मालिनी अवस्थी के हाथों भजन "बोलो राधे राधे कृष्ण राधे राधे" का अनावरण



नई सोच एक्सप्रेस

**मुम्बई**।भजन सम्राट पद्मश्री अनूप जलोटा, पद्मश्री डॉ. सोमा घोष, पद्मश्री मालिनी अवस्थी और पद्मश्री अली गनी के हाथों प्रोड्यूसर मोनिका श्रीवास्तव के भजन "बोलो राधे राधे कृष्ण राधे राधे" का अनावरण मुम्बई में किया गया। खुद अनूप जलोटा द्वारा गाए गए इस भजन के गीतकार एवं संगीतकार राज हिंदसन हैं जिसे म्युज़िक लेबल अदिशा शक्ति द्वारा रिलीज किया गया है। मुंबई के इस्कॉन, जुहू में भव्यता के साथ संपन्न इस समारोह में अनूप जलोटा ने इस अल्बम से जुड़ी पूरी टीम को बधाईयाँ और शुभकामनाएं दीं एवं कहा कि "बोलो राधे राधे कृष्ण राधे राधे" बहुत ही प्यारा भजन है जिसे राज हिंदसन ने बखूबी लिखा और कंपोज किया है। गीतकार संगीतकार राज हिंदसन और प्रोड्यूसर मोनिका श्रीवास्तव ने भजन सम्राट पद्मश्री अनूप जलोटा का विशेष आभार भी जताया जिन्होंने इस भजन को अपनी सुरीली आवाज दी और इसे लॉन्च करने का समय भी निकाला।

## पंचायती राज विभाग का तीन दिवसीय प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण हुआ पूरा



नई सोच एक्सप्रेस

**सुगौली**। पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार एवम पंचायती राज विभाग बिहार द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की योजनाओं एवम कार्यक्रमों से सम्बंधित संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों,पदाधिकारियों और कर्मियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को समाप्त हो गया।त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण प्रखंड परिसर स्थित सभागार में चल रहा था जिसके तीसरे दिन सरपंच,उपसरपंच,न्यायमित्र और कचहरी सचिव को प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण प्रति वर्ष राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के बारे में जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि लिंग संबंधित,स्वंयसेवी सहायता समूह और ई ग्राम कचहरी के विषयों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिन ग्राम कचहरी के सरपंच,उप सरपंच,न्यायमित्र और कचहरी सचिव को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण देने वालों में संदीप कुमार धनराज कुमार और मंजित सिंह मौजूद रहे।जबकि प्रशिक्षण लेने वालों में न्यायमित्र संजय कुमार, अरविन्द कुमार,राजेश प्रसाद, अकबर अली,शीला सिन्हा, रंजू कुमारी,सुनीता कुमारी, ओम प्रकाश,उदय चौधरी।, नीरज सिंह,शम्भू शरण प्रसाद और सुबोध कुमार और सचिव उमेश कुमार,कुमार गोविंद,श्याम सुंदर,रीता कुमारी,मंजु कुमारी,मो कयूम, पुष्पेंद्र कुमार,सरपंच रूपनारायण प्रसाद,ओम प्रकाश सिंह,राजेन्द्र प्रसाद, महेन्द्र सहनी,सोनी देवी सहित अन्य मौजूद रहे।

## डेलिया इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा डेलिया मिनरल वाटर का भव्य उद्घाटन

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। डेलिया इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के तत्वाधान में सोमवार को डेलिया मिनरल वाटर की लांचिंग की गई। कंपनी द्वारा घोषणा की गई कि अब हर प्यासे लोग प्रीमियम पानी पियेंगे। प्रीमियम पानी की बोतल जो अब तक कुछ खास जगह और ज्यादा कीमतों पर उपलब्ध थी डेलिया द्वारा वही क्वालिटी अब प्रीमियम पैकेजिंग एवं आवश्यक खनिजों से युक्त शुद्ध पेयजल अब साधारण दरों पर आम नागरिकों के लिए उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कंपनी की प्रबंध निदेशक प्रियंका सिंह ने कहा कि डेलिया का उद्देश्य गुणवत्ता, शुद्धता और भरोसे के साथ उपभोक्ताओं तक सुरक्षित पेयजल पहुंचना है। उन्होंने बताया कि कंपनी आधुनिक तकनीक और सख्त गुणवत्ता के तहत उत्पाद तैयार कर रही है। डेलिया इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जदयू दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ने अपने संबोधन में कहां की स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल हर नागरिक की प्राथमिक आवश्यकता है डेलिया इंडस्ट्रीज की यह पहल न केवल गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध कराएगी बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार और व्यापारिक अवसरों को भी बढ़ावा देगी।

## शरीर तो मंदिर है

आस्तिकता और कर्त्तव्यपरायणता की सद्वृत्ति का प्रभाव सबसे पहले सबसे समीपवर्ती स्वजन पर पड़ना चाहिए। हमारा सबसे निकटवर्ती सम्बन्धी हमारा शरीर है। उसके साथ सद्व्यवहार करना, उसे स्वस्थ और सुरक्षित रखना अत्यावश्यक है। शरीर को नश्वर कहकर उसकी उपेक्षा करना अथवा उसे सजाने-संवारने में सारी शक्ति खर्च कर देना, दोनों ही ढंग अकल्याणकारी हैं। शरीर हमारा सदा सहायक सेवक है। वह चौबीसों घंटे सोते-जागते हमारे लिए काम करता रहता है। वह अपनी सामर्थ्य भर आज्ञा पालन के लिए तत्पर रहता है। उसकी पांच ज्ञानेन्द्रियां न केवल ज्ञान वृद्धि का दायित्व उठाती हैं, वरन अपने-अपने ढंग से अनेक रसास्वादन भी कराती रहती हैं। इन विशेषताओं के कारण आत्मा उसकी सेवा-साधना पर मुग्ध हो जाती है और अपना सुख ही नहीं, अस्तित्व तक भूल उसी में रम जाती है। यह घनिष्ठता इतनी सघन हो जाती है कि व्यक्ति आत्मा की सत्ता और आवश्यकता तक भूल जाता है और शरीर को अपना ही आपा मानने लगता है। ऐसे वफादार सेवक को समर्थ, निरोग एवं दीर्घजीवी बनाए रखना प्रत्येक विचारशील का कर्त्तव्य है। चाहते तो सभी ऐसा ही हैं, पर जो रहन-सहन, आहार-विहार अपनाते हैं, वह विधा ऐसी उल्टी पड़ जाती है कि उसके कारण अपने प्रिय पात्र को अपार हानि उठानी पड़ती है और रोता-कलपता, दुर्बलता से ग्रसित होकर व्यक्ति असमय दम तोड़ देता है। स्वस्थ-समर्थ रहना कठिन नहीं है। प्रकृति के संकेतों का अनुसरण करने भर से यह प्रयोजन सिद्ध हो सकता है। प्रकृति के संदेश-संकेतों को जब सृष्टि के सभी जीवधारी मोटी बुद्धि होने पर भी समझ लेते हैं तो कोई कारण नहीं कि मनुष्य जैसा बुद्धिजीवी उन्हें न अपना सके। प्रकृति के स्वास्थ्य रक्षा के नियमों के लिए गुरुगम्य ज्ञान की आवश्यकता नहीं। वे सहज समझे और निबाहे जा सकते हैं। उचित-अनुचित का निर्णय करने वाले यंत्र इसी शरीर में लगे हैं, जो तत्काल बात देते हैं कि क्या करना चाहिए, क्या नहीं। आहार-विहार का ध्यान रखने से स्वास्थ्य रक्षा की समस्या हल हो जाती है। आहार प्रमुख पक्ष है, जिसे स्वास्थ्य अनुशासन का पूर्वार्ध कहा जा सकता है। उत्तरार्ध में विहार आता है, जिसका तात्पर्य है नित्य कर्म, शौच, स्नान, शयन, परिश्रम, संतोष आदि। शरीर रूपी मन्दिर को मनमानी बुरी आदतों के कारण रुग्ण बनाना प्रकृति की दृष्टि में बड़ा अपराध है। उसके फलस्वरूप पीड़ा बेचैनी, अशक्ति, अल्पायु, आर्थिक हानि और तिरस्कार जैसे दंड भोगने पड़ते हैं।

# हिंसक सोच नहीं, मानवीय मूल्यों की पाठशाला बने शिक्षा



आरती कुमारी

देश में इन दिनों बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं और सामान्य परीक्षाएं भी शुरू होने वाली हैं। हर साल की तरह इस बार भी परीक्षा का मौसम केवल प्रश्नपत्रों और परिणामों का नहीं, बल्कि मानसिक दबाव, चिंता और असुरक्षा का मौसम बनता जा रहा है। छात्रों के चेहरों पर भविष्य की चिंता साफ पढ़ी जा सकती है। यह चिंता केवल अच्छे अंक लाने की नहीं, बल्कि अपेक्षाओं के बोझ को ढोने की है। दुर्भाग्य यह है कि यह दबाव कई बार इतना असहनीय हो जाता है कि वह आत्मघाती या हिंसक रूप ले लेता है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े एक भयावह सच उजागर करते हैं। वर्ष 2013 से 2023 के बीच छात्रों की आत्महत्या की दर में लगभग 65 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। यह केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि हजारों परिवारों के टूटने की कहानी है। इन आत्महत्याओं के पीछे पढ़ाई का दबाव, पारिवारिक अपेक्षाएं, सामाजिक तुलना और आर्थिक तनाव प्रमुख कारण बताए जाते हैं। लेकिन हाल में लखनऊ में जो घटना सामने आई, उसने इस संकट को एक और खतरनाक दिशा में मोड़ दिया है। लखनऊ की घटना केवल परीक्षा दबाव की कहानी नहीं है, बल्कि परिवारों में बढ़ती संवेदनहीनता, संवादहीनता और मानसिक स्वास्थ्य की उपेक्षा का दर्पण है। पुलिस जांच के अनुसार एक पैथोलॉजी लैब संचालक पिता अपने बेटे को डॉक्टर बनाना चाहते थे और उस पर नीट जैसी परीक्षा पास करने का लगातार दबाव बना रहे थे। घटना वाले दिन भी दोनों के बीच बहस हुई और 21 वर्षीय युवक ने पिता को गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने अपराध छिपाने के लिए शव के टुकड़े किए, कुछ बाहर फेंके, कुछ घर में छिपाए, छोटी बहन को धमकाया और पुलिस को गुमराह करने के लिए पहले लापता होने और फिर आत्महत्या की कहानी गढ़ी। यह सब बताता है कि यह क्षणिक आवेश नहीं था, बल्कि भीतर लंबे समय से पल रही कुंठा, आक्रोश और मानसिक विघटन का परिणाम था। प्रश्न यह है कि एक बेटे के भीतर इतनी नफरत कैसे पनप सकती है? क्या 'कुछ बनने' का दबाव इतना भारी हो सकता है कि वह रिश्तों को भी तार-तार कर दे? हर माता-पिता चाहते हैं कि उनकी संतान सफल हो, प्रतिष्ठित करियर बनाए, समाज में सम्मान पाए। लेकिन जब यह चाहत संवाद और सहयोग की जगह नियंत्रण और दबाव का रूप ले लेती है, तब वह प्रेरणा नहीं, मानसिक उत्पीड़न बन जाती है। जब शिक्षा जीवन-निर्माण का माध्यम न होकर, विनाश का कारण बन जाती है। भारत में नीट और जी जैसी प्रतियोगी परीक्षाएं लाखों युवाओं के लिए उम्मीद का प्रतीक हैं। नीट में पिछले वर्ष 23 लाख से अधिक छात्रों ने पंजीकरण कराया, जबकि ज्वाइंट एन्ट्रेंस एक्जामिनेशन (जेईई) के एक सत्र में 13 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने आवेदन किया। इन लाखों विद्यार्थियों में से केवल कुछ हजार ही शीर्ष संस्थानों तक पहुंच पाते हैं। शेष विद्यार्थियों के हिस्से अक्सर निराशा, आत्मग्लानि और सामाजिक तुलना का दंश आता है। जब सफलता का पैमाना केवल रैंक और अंक बन जाए, तो असफलता जीवन का अंत प्रतीत होने लगती है। कोटा जैसे कोचिंग केंद्रों में हर वर्ष आत्महत्या की खबरें सामने आती हैं। कोटा देश की कोचिंग राजधानी कही जाती है, जहां हजारों छात्र सपने लेकर पहुंचते हैं। लेकिन उन्हीं सपनों का बोझ कई बार उनके जीवन से भारी पड़ जाता है। यह केवल व्यक्तिगत कमजोरी का मामला नहीं है, बल्कि एक ऐसी शिक्षा प्रणाली का परिणाम है जिसमें प्रतियोगिता सहयोग से अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। लखनऊ की घटना में एक और तथ्य उल्लेखनीय है-आरोपी छात्र की मां का निधन हो चुका था। घर में चाचा-चाची मौजूद थे, लेकिन क्या उस युवक की मनःस्थिति को समझने का प्रयास किया गया? क्या उसके भीतर के तनाव, अकेलेपन और भय को किसी ने सुना? यदि परिवार में नियमित संवाद होता, यदि मानसिक स्वास्थ्य को उतनी ही गंभीरता से लिया जाता जितनी अंकों को, तो शायद यह भयावह वारदात टाली जा सकती थी। आज समस्या केवल आत्महत्या तक सीमित नहीं है। बच्चे हिंसक भी हो रहे हैं। यह हिंसा बाहरी नहीं, भीतर से उपज रही है-कुंठा, अपमानबोध, तुलना और असफलता के भय से। जब बच्चे को यह महसूस होने लगे कि वह केवल एक 'प्रोजेक्ट' है, एक 'इन्वेस्टमेंट' है, जिसे किसी निश्चित पेशे में ढालना है, तब उसकी स्वतंत्र पहचान कुचल जाती है। वह या तो भीतर ही भीतर टूट जाता है या विस्फोट कर देता है। शिक्षा का उद्देश्य जीवनदायिनी होना चाहिए-विवेक, संवेदना और आत्मविश्वास का विकास करना चाहिए। लेकिन जब शिक्षा केवल प्रतिस्पर्धा और रैंकिंग का माध्यम बन जाए, तो वह तनाव और हिंसा को जन्म देती है। हमें यह स्वीकार करना होगा कि हर बच्चा डॉक्टर या इंजीनियर नहीं बन सकता, और न ही बनना चाहिए। विविध प्रतिभाओं को सम्मान देने वाली सामाजिक मानसिकता विकसित किए बिना यह संकट कम नहीं होगा। इस संदर्भ में तीन स्तरों पर गंभीर चिंतन की आवश्यकता है। पहला, परिवार। माता-पिता को यह समझना होगा कि अपेक्षा और दबाव में अंतर है। अपेक्षा प्रेरणा देती है, दबाव भय पैदा करता है। बच्चों के साथ खुला संवाद, उनकी रुचियों को समझना, असफलता को स्वीकार्य बनाना और मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है। 'तुम्हें डॉक्टर बनना ही है' की जगह 'तुम जो बनना चाहो, हम साथ हैं' जैसी सोच विकसित करनी होगी। दूसरा, शिक्षा संस्थान। स्कूल और कोचिंग संस्थानों को केवल परिणाम देने वाली मशीन नहीं, बल्कि संवेदनशील संस्थान बनना होगा। नियमित काउंसलिंग, तनाव प्रबंधन कार्यशालाएं और परीक्षा को जीवन-मरण का प्रश्न न बनाने की संस्कृति विकसित करनी होगी। शिक्षकों को भी विद्यार्थियों की मानसिक दशा पहचानने का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। तीसरा, सरकार और समाज। मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और कलंकमुक्त बनाना होगा। परीक्षा प्रणाली में सुधार, वैकल्पिक करियर मार्गों को बढ़ावा, और कौशल आधारित शिक्षा पर जोर देना समय की मांग है। मीडिया को भी सनसनी की बजाय संवेदनशील रिपोर्टिंग करनी चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम इन घटनाओं को सामान्य न मानें। हर आत्महत्या और हर हिंसक घटना हमारे सामाजिक ताने-बाने में दरार का संकेत है। यदि हम इसे केवल 'व्यक्तिगत मामला' कहकर टाल देंगे, तो आने वाले समय में ऐसी घटनाएं और बढ़ेंगी। लखनऊ की घटना हमें झकझोरती है। यह बताती है कि शिक्षा का दबाव, पारिवारिक संवादहीनता और मानसिक स्वास्थ्य की उपेक्षा मिलकर कितनी भयावह परिणति ला सकती है। अब समय है कि हम सामूहिक आत्ममंथन करें। शिक्षा को जीवन का उत्सव बनाएं, न कि भय का कारण। बच्चों को लक्ष्य दें, लेकिन उनके पंख न काटें। सपने दिखाएं, पर उन्हें सांस लेने की जगह भी दें। जब तक हम सफलता की परिभाषा को व्यापक नहीं करेंगे और बच्चों को अंक से अधिक मनुष्य मानना नहीं सीखेंगे, तब तक यह संकट बना रहेगा। परीक्षा का मौसम हर साल आएगा, लेकिन यदि हम संवेदनशील समाज बन सके, तो शायद अगली पीढ़ी के लिए यह मौसम भय का नहीं, आत्मविश्वास का प्रतीक बन सकेगा।

# कैसी दृष्टि है पश्चिमी मीडिया की भारत-विरोधी या शंकालु



जितेन्द्र कुमार सिन्हा, पटना

सृष्टि का मूल स्वभाव परिवर्तन है। परिवर्तन ही जीवन का नियम है, गति है, लय है। लेकिन इस निरंतर परिवर्तनशील ब्रह्मांड में भी कुछ ऐसे तत्व होते हैं जो परिवर्तन के पार जाकर शाश्वत हो जाता है। नदी का जल बहता रहता है, पर नदी का अस्तित्व बना रहता है। देह नश्वर है, लेकिन आत्मा सनातन है। नींद आती-जाती है, लेकिन निद्रा की आवश्यकता स्थायी है। इसी प्रकार ब्रह्म और आत्मा, दोनों कालातीत हैं। भारतीय दर्शन ने सृष्टि को केवल भौतिक नहीं माना है, बल्कि उसे दार्शनिक और आध्यात्मिक संदर्भ में समझा है। यही कारण है कि यहाँ "शाश्वत" और "निमित्त" (कारणजन्य) के बीच स्पष्ट भेद किया गया है। भारतीय चिंतन में शाश्वत जो समय, सत्ता और परिवर्तन से परे हो और निमित्त जो परिस्थितियों, कारणों और काल से उपजे हों। उदाहरणस्वरूप उजाला और अंधेरा। चंद्रमा और सितारे। जीवन और मृत्यु। ये सभी देखने में स्थायी लगते हैं, पर वास्तव में निमित्त मात्र हैं। इनका अस्तित्व कारणों पर निर्भर है। इसी दार्शनिक पृष्ठभूमि में यदि आधुनिक विश्व को देखा जाए, तो भारत के संदर्भ में एक विचित्र स्थिति सामने आती है। कुछ तत्व ऐसे हैं जो न तो पूर्णतः शाश्वत हैं, न ही अस्थायी, बल्कि निमित्त होते हुए भी शाश्वत बन चुका है। उनमें से एक है पश्चिमी मीडिया की भारत-विरोधी या भारत-शंकालु दृष्टि। यह दृष्टि न किसी एक सरकार से जुड़ी है, न किसी एक नेता से और न ही किसी एक घटना से। यह दृष्टि एक मानसिकता है। यह कहना सरल होगा कि यह सब हाल की राजनीति का परिणाम है, लेकिन सत्य इससे कहीं गहरा है। इस मानसिकता की जड़ें जवाहरलाल नेहरू के काल में दिखाई देती हैं। नेहरू पश्चिमी शिक्षण-प्रणाली से आए थे, उनकी विश्वदृष्टि में पश्चिम एक नैतिक और बौद्धिक मानक था। वही लोकतंत्र सिखाए। वही मानवाधिकार समझाए और वही आधुनिकता का प्रमाणपत्र दे। यहीं से भारत के लिए पश्चिमी मीडिया ने स्वयं को न्यायाधीश की भूमिका में स्थापित कर लिया। जवाहरलाल नेहरू के बाद लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी आए, सरकारें बदलीं, नीतियाँ बदलीं, वैश्विक परिस्थितियाँ बदलीं, लेकिन पश्चिमी मीडिया की मूल प्रवृत्ति नहीं बदली। कभी भारत को "गरीब लोकतंत्र" कहा गया। "अराजक समाज" कहा गया और "लोकतांत्रिक प्रयोग" कहा गया। जब नरेन्द्र मोदी का युग आया, तो समस्या और गहरी हो गई। अब भारत केवल अपनी बात कहने लगा। अपने हित स्पष्ट करने लगा। वैश्विक मंचों पर आत्मविश्वास से खड़ा होने लगा। यही वह बिंदु था जहाँ पश्चिमी मीडिया को भारत असहज करने लगा। यह केवल एक शीर्षक नहीं है। यह एक दृष्टिकोण है।जब भारत कोई भी पहल करता है AI Summit, G20, Digital Public Infrastructure, Global South नेतृत्व तो प्रतिक्रिया लगभग तय होती है "Impact unclear", "Symbolism over substance" और "Democracy under strain" यह आलोचना नहीं है, यह पूर्वनिर्धारित निष्कर्ष है। पश्चिमी मीडिया की यह दृष्टि वास्तव में औपनिवेशिक स्मृति, बौद्धिक वर्चस्व और नैरेटिव नियंत्रण का विस्तार है। उनके लिए भारत अब भी "पूर्व उपनिवेश" है। "सीखने वाला समाज" है और "नियंत्रण में रखने योग्य राष्ट्र" है। पश्चिमी मीडिया स्वयं को तटस्थ बताता है, लेकिन वह वास्तव में शक्ति-संतुलन, भू-राजनीतिक हित और वैचारिक एजेंडा का उपकरण है। जब भारत स्वतंत्र स्वर में बोलता है, तो उसे "खतरा" माना जाता है। पश्चिमी मीडिया भी अब भारत के लिए एक स्थायी चुनौती, एक निरंतर आलोचक और एक शाश्वत निमित्त बन चुका है। जबकि भारत का उत्तर सफाई देना नहीं है। क्षमा याचना करना नहीं है। अनुमोदन की याचना करना नहीं है, बल्कि निरंतर कर्म, स्पष्ट दृष्टि और आत्मविश्वासी प्रस्तुति देना है। भारत सभ्यता है, मीडिया एक युग की आवाज। सभ्यताएँ टिकती हैं, नैरेटिव बदलते रहते हैं। पश्चिमी मीडिया आएगा-जाएगा, लेकिन भारत अपनी धारा में आगे बढ़ता रहेगा नदी-जल की तरह, आत्मा की तरह और ब्रह्म की तरह।




**मेष राशिः** आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज आपको पुरानी बातों के झंझट में पड़ने से बचना चाहिए। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने से कुछ लोग आपका विरोध कर सकते हैं, आपको अपने गुस्से पर नियंत्रण रखना चाहिए। लवमेट एक दूसरे की भावनाओं को समझेंगे, कहीं बाहर घूमने का प्लान बनायेंगे। घर के बडों से नई बात आप सीखेंगे। आज काफी दिनों से आपका रुका काम पूरा हो जायेगा।

**वृष राशि** : आज आपका दिन उमंग से भरा रहेगा। व्यापार को बढ़ाने के कुछ नए तरीके आपके दिमाग में आयेंगे। आप अपनी बातों को अपने पिता से जरूर शेयर करें, इससे जीवन में चल रही परेशानियों का हल मिलेगा। मिलजुल कर किये गए कार्यो में आपको बहुत हद तक सफलता मिलेगी। निवेश के मामले में आपको घर के बडों से अच्छी सलाह मिलेगी। काम की जगह बदलने से आपकी ऊर्जा में बदलाव आएगा।

**मिथुन राशिः** आज नए कार्यों करने में आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपका मन ईश्वर की भक्ति में लगा रहेगा, आप किसी मंदिर जा सकते हैं जहां आपको ख़ुशी मिलेगी। करियर में आप नये आयाम स्थापित करेंगे। परिवार में किसी सदस्य को सरकारी नौकरी मिलने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आज आप किसी व्यक्ति के बहकावे में आकर कहीं निवेश न करें। किसी काम में जीवनसाथी की सलाह फायदेमंद रहेगी।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन व्यस्तता में बीतेगा। बॉस आपको नयी जिम्मेदारी सौंप सकते हैं, जिसे आप पूरी लग्न और मेहनत से करेंगे, काम को लेकर आपकी तारीफ होगी। आपके आय के नए स्त्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। कला और साहित्य के क्षेत्र में रुझान रहेगा। इस राशि के जो लोग खेल जगत से जुड़े हैं वे आज अपनी प्रैक्टिस में व्यस्त रहेंगे। आज आर्थिक मामलो में माता-पिता का सहयोग मिलता रहेगा।

**सिंह राशि** : आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज कारोबार में पैसा लगाने से पहले बडों की राय लेना आपके लिए बेहतर होगा। बड़े बुजुर्गों के पैर छुए, धन-धान्य में बढ़ोतरी होगी। पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के जो लोग नया बिजनेस करना चाहते हैं उनके लिए आज मार्केट एनालिसिस करना बेहतर होगा।

**कन्या राशि** : आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज घर के बड़ो की मदद से आपका जरूरी काम पूरा हो जायेगा। किसी रिश्तेदार से आपको अच्छी खुशखबरी मिलेगी। जीवनसाथी आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे, इससे रिश्ते में नयापन आयेगा। सामाजिक कार्यों में सहयोग देने से आपको अच्छा फील होगा। आज पारिवारिक अनबन समाप्त होने से घर में सौहार्द का वातावरण रहेगा।

**तुला राशि** : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज परिवार वालों की सलाह आपके लिये महत्वपूर्ण रहेगी। आज आपके भौतिक सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। छात्र आज कुछ नया करने की कोशिश करेंगे, आपको अपने दिनचर्या में कुछ बदलाव करने की जरूरत है। ऑफिस में किसी महत्वपूर्ण मामले पर खास लोगों से बातचीत करने का मौका मिलेगा, आपको इसका पूरा फायदा उठाना चाहिए।

**वृश्चिक राशि** : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपके विरोधी आपके काम की सराहना करेंगे। आज आप अपनी बुद्धिमानी से सब काम संभाल लेंगे। नौकरी करने वाले लोगों को सहयोगियों से मदद मिलेगी, जिससे आपका कार्य जल्दी पूरा हो जायेगा।

**धनु राशि** : आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज रुका हुआ धन वापस मिलेगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। आज आप सामाजिक कार्यों में सहयोग देने की सोचेंगे। व्यापार में योजनाबद्ध तरीके से काम करने से आपको लाभ की प्राप्ति होगी।

**मकर राशि** : आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज ऑफिस में सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित होंगे, लेकिन दूसरों के कामों में दखल देने से आपको बचना चाहिए। जीवनसाथी आज आपको खुशियां देंगे। आज कार्यों में माता-पिता का सहयोग प्राप्त होगा, जिससे आपके काम समय से पूरे हो जायेंगे।

**कुंभ राशि** : आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। अचानक हए धन लाभ से आज अपनी जरूरत का सामान खरीदेंगे। दाम्पत्य जीवन में और मधुरता आएगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिये आज का दिन काफी अच्छा रहने वाला है, पार्टी में नयी जिम्मेदारी मिलेगी। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा में सफलता हासिल होगी।

**मीन राशि** : आज का दिन आपके लिए खुशियां लेकर आया है। आज शुभ समाचार मिलने के संकेत नजर आ रहे हैं। आपके मन में किसी व्यक्ति की मदद करने का भाव आयेगा। कुछ लोग आपके विरुद्ध प्लानिंग कर सकते हैं। आपको ऐसे लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए। आज आपकी रचनात्मक प्रतिभा खुलकर लोगों के सामने आयेगी । आपकी आर्थिक स्थिति में बढ़ोतरी होगी। माता-पिता के साथ किसी धार्मिक कार्य की योजना बनायेंगे।

# अमित शाह का तीन दिवसीय बिहार भ्रमण : सीमांचल की जनसांख्यिकीय बहस, कथित घुसपैठ, राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक संतुलन और बिहार की भावी राजनीति का व्यापक विश्लेषण

आचार्य अशोक चौधरी प्रियदर्शी
कटिहार, बिहार

भारतीय लोकतंत्र में राजनीतिक यात्राएँ केवल कार्यक्रम नहीं होतीं; वे संकेत होती हैं। वे दिशा देती हैं, संदेश देती हैं और कई बार आने वाले वर्षों की राजनीतिक रूपरेखा भी निर्धारित करती हैं। जब देश के शीर्ष नेतृत्व में शामिल कोई नेता तीन दिनों तक किसी राज्य में सक्रिय रूप से प्रवास करता है, संगठनात्मक बैठकें करता है, कार्यकर्ताओं को संबोधित करता है, सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा करता है और विशेष मुद्दों को रेखांकित करता है, तो वह घटना सामान्य राजनीतिक गतिविधि की सीमा से आगे बढ़ जाती है। बिहार जैसे राजनीतिक रूप से संवेदनशील और सामाजिक रूप से बहुस्तरीय राज्य में ऐसा प्रवास अपने आप में व्यापक विश्लेषण की माँग करता है। विशेष रूप से तब, जब इस प्रवास का केंद्र सीमांचल जैसा क्षेत्र हो, जहाँ जनसांख्यिकीय परिवर्तन और कथित घुसपैठ का प्रश्न लंबे समय से राजनीतिक और सामाजिक विमर्श का हिस्सा रहा है। बिहार की राजनीति का चरित्र ऐतिहासिक रूप से सामाजिक समीकरणों पर आधारित रहा है। यहाँ सत्ता परिवर्तन केवल नीतिगत मुद्दों पर नहीं, बल्कि सामाजिक गठबंधनों के पुनर्संतुलन के आधार पर भी होता है। मंडल राजनीति से लेकर विकास आधारित विमर्श तक, बिहार ने अनेक राजनीतिक चरण देखे हैं। ऐसे में तीन दिवसीय भ्रमण का अर्थ केवल चुनावी तैयारी नहीं, बल्कि संगठनात्मक पुनर्संरचना, मुद्दों की पुनर्परिभाषा और राजनीतिक ऊर्जा के पुनर्संचार के रूप में भी देखा जाना चाहिए। यह संदेश कार्यकर्ताओं तक जाता है कि राज्य राष्ट्रीय प्राथमिकता में है। सीमांचल की भौगोलिक स्थिति इसे विशेष महत्व प्रदान करती है। किशनगंज, कटिहार, अररिया और पूर्णिया जैसे जिलों से मिलकर बना यह क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटा हुआ है। सीमा से निकटता स्वाभाविक रूप से सुरक्षा विमर्श को जन्म देती है। सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रशासनिक सतर्कता, सीमा प्रबंधन, पहचान सत्यापन और सामाजिक संतुलन जैसे प्रश्न अधिक जटिल हो जाते हैं। यही कारण है कि सीमांचल केवल एक क्षेत्रीय राजनीतिक इकाई नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण भूभाग माना जाता है। जनसांख्यिकीय परिवर्तन की बहस सीमांचल में नई नहीं है। पिछले दशकों में यहाँ की जनसंख्या वृद्धि दर, सामाजिक संरचना और धार्मिक अनुपात को लेकर राजनीतिक चर्चा होती रही है। परंतु यह समझना आवश्यक है कि जनसांख्यिकीय परिवर्तन एक जटिल प्रक्रिया है। यह केवल बाहरी आव्रजन का परिणाम नहीं होता। प्राकृतिक जन्मदर, शिक्षा का स्तर, स्वास्थ्य सुविधाएँ, आर्थिक स्थिति, महिला सशक्तिकरण और पलायन—इन सभी कारकों का प्रभाव जनसंख्या संरचना पर पड़ता है। यदि किसी क्षेत्र में जन्मदर अपेक्षाकृत अधिक है, तो उसका संबंध सामाजिक-आर्थिक कारकों से भी हो सकता है। इसलिए इस विषय पर ठोस निष्कर्ष सांख्यिकीय और वैज्ञानिक अध्ययन के आधार पर ही निकाले जाने चाहिए। घुसपैठ का प्रश्न इस बहस को और संवेदनशील बना देता है। सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण समय-समय पर अवैध आव्रजन, तस्करी या दस्तावेजों के दुरुपयोग जैसी आशंकाएँ व्यक्त की जाती रही हैं। यदि सीमा प्रबंधन सुदृढ़ न हो तो अवैध प्रवेश की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। इससे प्रशासनिक नियंत्रण, नागरिकता सत्यापन और संसाधनों के वितरण पर प्रभाव पड़ सकता है। राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से यह चिंता स्वाभाविक है। सीमा सुरक्षा बल की भूमिका, बाड़बंदी, निगरानी तंत्र और स्थानीय प्रशासन की सक्रियता यहाँ निर्णायक होती है। परंतु लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी भी नागरिक को "घुसपैठिया" घोषित करना केवल राजनीतिक बयान से संभव नहीं है। यह विधिक प्रक्रिया, दस्तावेजी प्रमाण और न्यायिक परीक्षण का विषय है। संविधान नागरिकता के प्रश्न को स्पष्ट कानूनी ढाँचे में परिभाषित करता है। इसलिए समाधान भी उसी ढाँचे के भीतर खोजा जाना चाहिए।



यदि राजनीतिक विमर्श संवैधानिक मर्यादा से बाहर जाता है, तो सामाजिक तनाव उत्पन्न हो सकता है। इसलिए इस विषय पर संतुलन और संयम अत्यंत आवश्यक है। तीन दिवसीय भ्रमण का राजनीतिक अर्थ भी स्पष्ट है। जब सीमांचल में जनसांख्यिकीय परिवर्तन और घुसपैठ जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाता है, तो यह संकेत देता है कि आने वाले समय में यह राजनीतिक एजेंडा का केंद्रीय भाग हो सकता है। सुरक्षा और पहचान का प्रश्न भावनात्मक रूप से प्रभावशाली होता है। यह कार्यकर्ताओं को सक्रिय करता है और मतदाताओं के बीच स्पष्ट संदेश देता है कि सीमा और जनसंख्या संतुलन राष्ट्रीय प्राथमिकता हैं। हालाँकि यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि सीमांचल को केवल सुरक्षा दृष्टि से न देखा जाए। यह क्षेत्र आर्थिक रूप से पिछड़ा रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, औद्योगिक निवेश और अवसंरचना के क्षेत्र में अपेक्षाकृत कम प्रगति हुई है। यदि केवल जनसांख्यिकीय परिवर्तन पर चर्चा हो और विकास की अनदेखी की जाए, तो स्थायी समाधान संभव नहीं होगा। वास्तविक परिवर्तन तब आएगा जब सीमांचल में शिक्षा संस्थानों का विस्तार होगा, स्वास्थ्य सुविधाएँ मजबूत होंगी, स्थानीय उद्योग विकसित होंगे और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। विकास सामाजिक स्थिरता को मजबूत करता है और असंतोष की संभावनाओं को कम करता है। सामाजिक समरसता इस पूरे विमर्श की आधारशिला है। सीमांचल में विविध समुदाय साथ रहते हैं। यदि जनसंख्या परिवर्तन का मुद्दा असंतुलित भाषा में प्रस्तुत किया जाए, तो सामाजिक विश्वास कमजोर हो सकता है। राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक सौहार्द को विरोधी नहीं, बल्कि पूरक दृष्टि से देखना आवश्यक है। कानून आधारित कार्रवाई और सामाजिक संवाद—दोनों समानांतर चलें तभी स्थिरता संभव है। संघीय ढाँचे की दृष्टि से सीमा सुरक्षा केंद्र और राज्य दोनों की साझा जिम्मेदारी है। तकनीकी निगरानी, आधारभूत ढाँचे का सुदृढ़ीकरण, दस्तावेज सत्यापन की पारदर्शी प्रक्रिया और प्रशासनिक समन्वय आवश्यक है। यदि इन तत्वों को व्यवस्थित रूप से लागू किया जाए तो अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। इस भ्रमण का एक अन्य आयाम संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण है। तीन दिनों तक सक्रिय संवाद का अर्थ है कि राज्य में संगठनात्मक ऊर्जा का पुनर्संचार किया जा रहा है। बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय करना, स्थानीय मुद्दों को राष्ट्रीय विमर्श से जोड़ना और चुनावी रणनीति को स्पष्ट करना—ये सभी उद्देश्य इस प्रवास के साथ जुड़े हो सकते हैं। राजनीतिक दृष्टि से सीमांचल आगामी चुनावों में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। यदि यहाँ का सामाजिक समीकरण बदलता है या मतदाताओं की प्राथमिकताएँ सुरक्षा और पहचान के प्रश्न पर केंद्रित होती हैं, तो उसका व्यापक राजनीतिक प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए यह भ्रमण केवल वर्तमान का नहीं, बल्कि भविष्य की राजनीतिक दिशा का संकेत भी माना जा सकता है। अंततः यह समझना होगा कि जनसांख्यिकीय परिवर्तन और घुसपैठ का प्रश्न केवल राजनीतिक नारा नहीं होना चाहिए। इसे नीतिगत विमर्श का विषय बनना चाहिए। सीमा प्रबंधन, विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक संवाद—इन सभी को समेकित दृष्टि से देखना होगा। केवल भाषण या आरोप से समस्या का समाधान संभव नहीं। दीर्घकालिक नीति, प्रशासनिक इच्छाशक्ति और सामाजिक सहभागिता आवश्यक है। अमित शाह का तीन दिवसीय बिहार भ्रमण बहुआयामी संदेश देता है। यह बताता है कि बिहार राष्ट्रीय राजनीति की प्राथमिकता में है, सीमांचल रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है और जनसांख्यिकीय विमर्श आगामी राजनीतिक एजेंडा का हिस्सा बन सकता है। परंतु इसके साथ-साथ यह भी उतना ही आवश्यक है कि विकास और सामाजिक संतुलन को समान महत्व दिया जाए। सीमांचल केवल सीमा नहीं है; वह सामाजिक विविधता, सांस्कृतिक सहअस्तित्व और संभावनाओं का क्षेत्र भी है। यदि सुरक्षा के साथ विकास और संवाद को संतुलित किया जाए, तो यह क्षेत्र स्थिरता और प्रगति का मॉडल बन सकता है। यही चुनौती है और यही अवसर भी। बिहार की राजनीति के इस दौर में यह विमर्श निर्णायक हो सकता है। राष्ट्रीय सुरक्षा आवश्यक है, परंतु सामाजिक एकता और विकास भी उतने ही अनिवार्य हैं। यही संतुलन सीमांचल और बिहार के भविष्य को स्थिर और सकारात्मक दिशा प्रदान करेगा।

# मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत 26 लाभुकों के आवेदन स्वीकृत

नई सोच एक्सप्रेस

**पाकुड़।**समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न प्रखंडों से प्राप्त आवेदनों पर विचार करते हुए कुल 26 लाभुकों के आवेदन स्वीकृत किए गए।स्वीकृत लाभुकों में अनुसूचित जनजाति के 21, अनुसूचित जाति के 1 तथा पिछड़ा वर्ग के 4 व्यक्ति शामिल हैं। सभी लाभार्थी विभिन्न गंभीर बीमारियों से ग्रसित हैं और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से आते हैं।

**योजना का उद्देश्य**

मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग के जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य एवं आरोग्य के लिए पौष्टिक आहार तथा आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना है, ताकि वे बेहतर इलाज और पोषण प्राप्त कर सकें।

**सहायता राशि का प्रावधान**

योजना के तहत लाभार्थियों को निम्नलिखित सहायता राशि प्रदान की जाती है—

व्यस्क लाभुकः 3,000 से 5,000 रुपये तक

अव्यस्क लाभुकः 1,500 से 2,500 रुपये तक

कैंसर पीड़ित व्यस्क लाभुकः 25,000 रुपये तक

कैंसर पीड़ित अव्यस्क लाभुकः 15,000 रुपये तक



**आवश्यक दस्तावेज**

आवेदन के लिए लाभार्थियों को राशन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खाता विवरण, जाति प्रमाण पत्र एवं आय प्रमाण पत्र सहित आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होते हैं।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि पात्र लाभुकों तक योजना का लाभ समयबद्ध तरीके से पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि जरूरतमंद लोगों को शीघ्र सहायता मिले, जिससे वे बेहतर उपचार प्राप्त कर सकें।

» उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक, 26 जरूरतमंद लाभुकों को स्वास्थ्य सहायता राशि स्वीकृत

# किताझोर में बीमार गौ माता की सेवा में जुटा रामभक्त सेवा दल

नई सोच एक्सप्रेस

**पाकुड़।**बुधवार को किताझोर क्षेत्र में एक गौ माता अचानक बीमार होकर जमीन पर गिर गई और बेहोश हो गई। घटना की सूचना मिलते ही राष्ट्रीय संगठन रामभक्त सेवा दल की जिला टीम तत्काल मौके पर पहुंची और बीमार गौ माता के उपचार में जुट गई। संगठन के जिला अध्यक्ष सनातनी रतन भगत ने तुरंत पशु चिकित्सक को बुलवाकर गौ माता का इलाज शुरू कराया। स्थानीय लोगों के सहयोग से सेवा और देखभाल की व्यवस्था की गई, जिससे कुछ ही देर में स्थिति नियंत्रित हुई। जिला अध्यक्ष ने बताया कि संगठन हमेशा से गौ माताओं की रक्षा और सेवा के लिए समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि सूचना मिलते ही टीम सक्रिय हो जाती है और सेवा कार्य में लग जाती है। उनके अनुसार, "कलयुग में गौ माता की सेवा करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है।" संगठन के सागर चौधरी ने कहा कि यदि किसी को कहीं भी गौ माता के घायल, बीमार या मृत होने की सूचना मिले तो संगठन को निसंकोच जानकारी दें। उन्होंने बताया कि संगठन न केवल उपचार की व्यवस्था करता है, बल्कि मृत पाए जाने पर हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार अंतिम संस्कार भी करता है। मौके पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि सनातनी सागर चौधरी, विजय कुमार सहित दर्जनों सदस्य उपस्थित थे। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए संगठन के प्रयास को सराहनीय बताया।



» किताझोर में बीमार गौ माता का कराया गया उपचार, रामभक्त सेवा दल की टीम ने दिखाई तत्परता


## संक्षिप्त समाचार

### स्वास्थ्य विभाग में शोक की लहर,आयुष की डॉक्टर की मौत



**साहिबगंज।** जिले के स्वास्थ्य विभाग में बुधवार के शाम अचानक शोक की लहर दौड़ गई एक डॉक्टर को मधुमक्खी काटने से मौत हो गई बताया जा रहा है कि बोरियों अस्पताल में प्रस्थापित आयुष के डॉक्टर विनोद कुमार (40) को अचानक मधुमक्खी काटने से हालत गंभीर हो गई |डॉ. व स्वास्थ्य कर्मी के द्वारा इलाज के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल लाया गया अस्पताल में चिकित्सक डॉ. मुकेश कुमार ने मृत घोषित कर दिया. सूचना पर सिविल सर्जन रामदेव पासवान सदर अस्पताल पहुंचकर मामले की जानकारी ली.बताया जा रहा है कि वह बोरियों अस्पताल में ओपीडी की ड्यूटी में तैनात है. कुछ लोगों ने बताया कि जिस जगह पर वह ड्यूटी करते हैं वहां के आसपास में मधुमक्खी का छत्ता भी है. जिस कारण मधुमक्खी ने उसे पर अचानक हमला कर दिया जिसके कारण उनकी तबीयत बिगड़ी.अचानक छींक आने लगी और गंभीर हो गया.इधर डॉक्टर मुकेश ने बताया कि काफी प्रयास किया गया लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी लाने के ही क्रम में उनकी मौत हो गई। इधर डॉ विनोद के स्वजनों को सूचना दे दिया गया है डॉक्टर विनोद सुपौल के रहने वाले बताए जा रहे हैं।

### बाइक और ऑटो की आमने-सामने की भिड़ंत, बाइक चालक की इलाज के दौरान मौत



**उधवा/साहिबगंज।**राधानगर थाना क्षेत्र के उधवा-सिरासीन आरईओ सड़क कटहलबाड़ी सत्यावान मेडिकल हॉल के पास बुधवार शाम 3 बजे ऑटो और बाइक की आमने-सामने की टक्कर में दो गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल की पहचान थाना क्षेत्र के पूर्वी प्राणपुर शांतिमोड़ के सेंटू मास्टर के 16 वर्षीय पुत्री रूकसार खातुन एवं सेनाउल शेख का पुत्र उमर फारूक (20)के रूप में की गई है।मिली जानकारी के अनुसार उक्त छात्रा स्वामी विवेकानन्द उच्च विद्यालय श्रीधर से शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे इंटर की परीक्षा देकर अपाची बाइक से अपनी घर लौट रही थी,तभी विपरीत दिशा उधवा की ओर से आ रही एक ऑटो ने बाइक को सामने से टक्कर मार दी। जिससे बाइक का चालक व उनमें सवार छात्रा सड़क पर गिर पड़ी और गंभीर रूप से घायल हो गया।बाइक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है।स्थानीय लोगों ने दोनों घायल को एक निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया है। जहां दोनों का इलाज चल रहा है।वहीं चालक को प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे मालदा रेपर कर दिया था। मालदा ले जाने के क्रम में उमर फारूक (20) ने रास्ता में दम तोड़ दिया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। जबकि छात्रा की हालत स्थिर बताई जा रही है।बताया जा रहा है कि ऑटो चालक इंग्लिश गांव का है। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस दी गई है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

### टोटो चालक ने एक युवक को मारा टक्कर घायल



**साहिबगंज।**मुफस्सिल थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार एक टोटो चालक ने एक युवक को जोरदार टक्कर मार दिया टक्कर लगने से युवक घायल हो गया घायल युवक को परिजनों ने इलाज के लिए बुधवार के बीते रात सदर अस्पताल लाया अस्पताल में चिकित्सक डॉ.मुकेश कुमार ने इलाज किया बताया जा रहा है कि महादेवगंज निवासी नीतीश कुमार (24) है. किसी काम को लेकर जा रहा था. विपरीत दिशा से आ रही टोटो चालक ने युवक को जोरदार टक्कर मार दिया टक्कर लगने से युवक गिर गया और सिर पर गंभीर चोट आई. बरहाल युवक का इलाज सदर अस्पताल में किया गया |

# जेएमएम के दावों पर भाजपा का पलटवार, "न्यायिक फैसलों को राजनीतिक रंग देना दुर्भाग्यपूर्ण"

नई सोच एक्सप्रेस

**रांची।**भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) की हालिया प्रेस कॉन्फ्रेंस पर पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि जनता को भ्रमित करने के लिए तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति गंभीर परिस्थितियों में की गई, जहां लाखों विसंगतियां सामने आई थीं। उनके अनुसार यह निर्णय स्थानीय प्रशासन की निष्पक्षता को लेकर न्यायालय की चिंता को दर्शाता है और ऐसे संवेदनशील मुद्दे को राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल करना लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मिली कथित "ऐतिहासिक राहत" पर जेएमएम के दावे को भी उन्होंने भ्रामक बताया। प्रतुल शाह देव ने कहा कि राहत केवल समन की अवहेलना से जुड़े तकनीकी पहलू पर मिली है, जबकि भूमि घोटाले से संबंधित मूल मामला अभी भी जारी है। आधे-अधूरे तथ्यों को "ऐतिहासिक जीत" बताना जनता को गुमराह करने जैसा है। उन्होंने कहा कि भाजपा न्यायपालिका का सम्मान करती है और कानून के शासन में विश्वास रखती है, जबकि जेएमएम न्यायालय के निर्णयों को भी राजनीतिक दृष्टि से देख रही है। उन्होंने दावा किया कि राज्य की जनता सच्चाई समझती है और भ्रम की राजनीति को स्वीकार नहीं है।

# पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के पोते के निधन पर भाजपा ने जताया शोक

नई सोच एक्सप्रेस

**रांची।**झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के पोते वीर सोरेन के आकस्मिक निधन पर प्रदेश भाजपा ने गहरा शोक व्यक्त किया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी और संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित कई नेताओं ने संवेदना प्रकट की। प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने इसे हृदयविदारक घटना बताते हुए कहा कि यह परिवार के लिए वज्रपात के समान है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार को धैर्य और साहस प्रदान करने की कामना की। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को दुख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह समेत अन्य भाजपा नेताओं ने भी शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# पाकुड़ में मध्यस्थता से सुलझे तीन पारिवारिक विवाद, दंपतियों ने साथ रहने का लिया संकल्प

नई सोच एक्सप्रेस

**पाकुड़।**राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पाकुड़ के तत्वावधान में संचालित 'मेडिएशन फॉर द नेशन 2.0' अभियान के तहत बुधवार को तीन मामलों का सफलतापूर्वक मध्यस्थता के माध्यम से निपटारा किया गया।यह पहल प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पाकुड़ दिवाकर पांडे के निर्देश पर की गई। मध्यस्थता प्रक्रिया के दौरान पाकुड़ व्यवहार न्यायालय में लंबित मूल भरण-पोषण वाद संख्या 12/2026, ओरिजनल सूट 10/2026 तथा ओरिजनल सूट 158/2025 का सुलह-समझौते के आधार पर समाधान कराया गया।



**वर्षों पुराना विवाद हुआ समाप्त**

प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय रजनीकांत पाठक के अथक प्रयास से वर्षों से अलग रह रहे दंपतियों के बीच चल रहे आपसी मतभेद समाप्त हुए। तीनों मामलों में पति-पत्नी ने पुराने विवादों को भुलाकर पुनः साथ रहने पर सहमति जताई और भविष्य में किसी भी प्रकार के वाद-विवाद से दूर रहकर पारिवारिक जीवन व्यतीत करने का संकल्प लिया।

**टूटते परिवारों को मिला सहारा**

मध्यस्थता की इस प्रक्रिया से न केवल न्यायालयीन विवादों का अंत हुआ, बल्कि टूटते परिवारों को फिर से जोड़ने में भी सफलता मिली। प्रधान न्यायाधीश ने दंपतियों को आपसी समझ, संवाद और पारिवारिक मूल्यों के साथ सुखद जीवन जीने का संदेश दिया।

» 'मेडिएशन फॉर द नेशन 2.0' के तहत तीन पारिवारिक मामलों का सुलह से निपटारा, वर्षों से अलग दंपति फिर हुए एक

यह अभियान डालसा सचिव रूपा बंदना किरो की देखरेख में संचालित किया जा रहा है। मौके पर संबंधित दंपतियों के परिजन, दोनों पक्षों के अधिवक्ता एवं न्यायालय कर्मी उपस्थित रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकार की इस पहल को समाज में सकारात्मक संदेश देने वाला कदम माना जा रहा है, जिससे वैकल्पिक विवाद समाधान की प्रभावशीलता भी स्पष्ट हुई है।

# रमजान और होली पर्व को लेकर मेहरमा थाना में शांति समिति की बैठक हुई

नईसोच एक्सप्रेस

**गोड्डा।**मेहरमा में रमजान और रंगों का त्योहार होली को लेकर बुधवार को स्थानीय थाना में शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता बीडीओ अभिनव कुमार ने किया। इस दौरान रमजान पर्व को देखते हुए होली को विशेष सावधानी और सतर्कता के साथ मनाने पर विशेष बल दिया गया। इस दौरान डीजे पर प्रतिबंध तथा किसी भी परिस्थिति में फुहड़ और भड़काऊ गीत नहीं बजाने की चेतावनी दी गई। बीडीओ ने कहा कि पर्व को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाई जाए।असमाजिक सामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाए। थाना प्रभारी सौरभ कुमार ठाकुर ने कहा कि कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना तुरंत पुलिस को देने की बात कही।कहा की गश्ती वाहन भी घूमते रहेंगे। पुलिस की नजर सभी



असामाजिक तत्वों पर रहेगी। सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने वालों को किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जाएगा। विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर प्रमुख गांवों में दंडाधिकारी और पुलिस बल को तैनात किए जाएंगे। इस अवसर पर अंचल कार्यालय की ओर से प्रतिनियुक्त राजस्व कर्मचारी सत्येंद्र ठाकुर के अलावा मुखिया मृत्युंजय सिंह उर्फ चुन्ना सिंह, नरेंद्र शेखर आजाद, अश्विनी कुमार मिश्र, संजय कुमार साह, उमेश पासवान सहित दर्जनों पंचायत प्रतिनिधि और गणमान्य मारने मौजूद थे।

# पाकुड़ में 'पलाश हर्बल गुलाल' का भव्य शुभारंभ, महिला समूहों को मिला प्रोत्साहन

नई सोच एक्सप्रेस

**पाकुड़।**होली पर्व के मद्देनजर प्राकृतिक एवं पर्यावरण-अनुकूल रंगों को बढ़ावा देने की दिशा में बुधवार को 'पलाश हर्बल गुलाल' का भव्य शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी द्वारा अन्य जिला पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने स्वयं सहायता समूह की दीदियों से पलाश हर्बल गुलाल खरीदकर उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह पहल महिला सशक्तिकरण, स्थानीय रोजगार सृजन तथा जिले के आर्थिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**प्राकृतिक सामग्रियों से तैयार**

पलाश हर्बल गुलाल कॉर्न स्टार्च, पालक, गेंदे के फूल, पलाश के फूल, चुकंदर एवं नीम की पत्तियों जैसी प्राकृतिक सामग्रियों से तैयार किया गया है। यह पूर्णतः पर्यावरण-अनुकूल, रसायनमुक्त तथा त्वचा के लिए सुरक्षित है। यह उत्पाद अब पाकुड़ बाजार स्थित पलाश मार्ट, दीदी कैफे एवं अन्य दुकानों पर आमजन के लिए उपलब्ध है।



» होली पर प्राकृतिक रंगों को बढ़ावा, उपायुक्त व एसपी ने किया 'पलाश हर्बल गुलाल' का शुभारंभ

**"वोकल फॉर लोकल" को मिला बल**

उपायुक्त मनीष कुमार एवं एसपी निधि द्विवेदी ने जिलेवासियों से अपील की कि वे स्थानीय स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को प्राथमिकता दें और "वोकल फॉर लोकल" अभियान को सशक्त बनाएं। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने से ग्रामीण आजीविका मजबूत होगी और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को नई दिशा मिलेगी। इस पहल को जिले में पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तिकरण की दिशा में सकारात्मक कदम माना जा रहा है।

# पाकुड़ में दर्दनाक रेल हादसाः एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

नई सोच एक्सप्रेस

**पाकुड़।**मंगलवार देर रात एक हृदयविदारक रेल हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की जान चली गई। यह दुर्घटना नगरनबी रेलवे स्टेशन के पास हुई, जहां न्यू जलपाईगुड़ी से हावड़ा जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस 22302 की चपेट में आने से पति-पत्नी और उनकी छोटी बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई।मृतकों की पहचान नगर थाना क्षेत्र के कालीतल्ला मोहल्ला निवासी चंदन सरदार, उनकी पत्नी रूम्पा सरदार और उनकी मासूम बेटी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि तीनों अपनी बहन के घर से लौट रहे थे और नगरनबी के पास रेलवे ट्रैक पार कर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रेन आ गई और वे उसकी चपेट में आ गए।टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों के शव ट्रैक पर बुरी तरह क्षत-विक्षत अवस्था में मिले। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई।

**पुलिस ने शुरू की कार्रवाई**

हादसे की सूचना मिलते ही जीआरपी और आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों को ट्रैक से हटाकर सुरक्षित स्थान पर रखा और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की। बुधवार सुबह परिजन पाकुड़ रेलवे स्टेशन स्थित जीआरपी आउट पोस्ट पहुंचे और घटना की जानकारी ली।



जीआरपी आउट पोस्ट में तैनात एएसआई शिबू सरदार ने बताया कि मंगलवार देर रात नगरनबी रेलवे स्टेशन के पोल संख्या 145/38 और 145/40 के पास हादसे की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचने पर एक पुरुष, एक महिला और एक बच्ची के शव ट्रैक पर बिखरे मिले।

**परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़**

परिजनों ने बताया कि चंदन सरदार का एक 8 वर्षीय बेटा घर पर था, जो इस हादसे का शिकार होने से बच गया। परिवार के तीन सदस्यों की एक साथ मौत से मोहल्ले में मातम पसरा हुआ है। स्थानीय लोग बड़ी संख्या में रेलवे स्टेशन और जीआरपी आउट पोस्ट के आसपास जुटे रहे।पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिए जाएंगे।इस दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है।



» नगरनबी रेलवे स्टेशन के पास वंदे भारत एक्सप्रेस की चपेट में आने से पति-पत्नी और मासूम बच्ची की मौत, इलाके में शोक

## संक्षिप्त समाचार

### तेज रफ्तार बाइक सवार ने एक छात्रा को मारा टक्कर,घायल अस्पताल में भर्ती



**साहिबगंज**। जिरवाबाडी थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार बाइक सवार ने एक छात्रा को जोरदार टक्कर मार दिया टक्कर लगने से छात्र गंभीर रूप से घायल हो गई. घायल छात्रा को बाइक सवार ने सदर अस्पताल में भर्ती कराकर फरार हो गया. परिजनों को सूचना मिलने पर सदर अस्पताल पहुंचे. बताया जा रहा है कि जिरवाबाडी थाना क्षेत्र अंतर्गत छोटा पचगढ़ गांव निवासी संजय प्रसाद साह के पुत्री खुशी कुमारी (18) है. वे घर से निकाल कर ट्यूशन पढ़ने के लिए शंभू कुट्टी मिल के पास जा रही थी.उसी दौरान तेज रफ्तार बाइक सवार ने छात्रा को जोरदार टक्कर मार दिया छात्रा के सिर में शरीर में गंभीर चोट लगी है. बरहाल घायल छात्र का इलाज सदर अस्पताल में डॉक्टर के देखरेख में चल रहा है|

### नाबालिग किशोरी ने खाई कीटनाशक सदर अस्पताल में भर्ती

**साहिबगंज**। बोरियों थाना क्षेत्र में नाबालिक किशोरी ने कीटनाशक खाने से गंभीर हो गई.परिजनों ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया बताया जा रहा है कि.बोरियों थाना क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग किशोरी ने बुधवार को किसी बात को लेकर गुस्से में आकर कीटनाशक खाने से बेहोस हो गई। परिजनों ने आनन -फानन में नाबालिग किशोरी को बोरियों सीएचसी अस्पताल में भर्ती कराया परिजनों ने बताया कि डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे साहिबगंज सदर अस्पताल रेफर कर दिया. नाबालिग किशोरी नौवीं की छात्रा है जो अपने नाना के घर बोरियों थाना क्षेत्र में बचपन से रहती थी. जहां बुधवार की सुबह घर के छत के ऊपर अकेले कीटनाशक दवाई खाने से मूर्छित हो गई उधर सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. ऋतुराज ने फौरन नाबालिग किशोरी का इलाज किया।

### झरपो पंचायत भवन सचिवालय परिसर में ग्रामीणों संग मुखिया ने मनाया होली महोत्सव



**टाटीझरिया**।प्रखंड क्षेत्र के झरपो पंचायत सचिवालय परिसर में स्थानीय मुखिया सह 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शिबू प्रसाद सोनी ने हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बहुत ही धूमधाम से होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन 25 फरवरी दिन बुधवार को किया । मुखिया ने क्षेत्रवासियों को अबीर गुलाल लगाकर आगामी होली महोत्सव की शुभकामनाएं संदेश दिया और शांतिपूर्ण तरीके से पर्व को मनाने की आग्रह किया। वही कार्यक्रम में स्थानीय मुखिया द्वारा उक्त स्थल पर उपस्थित लोगों जॉब अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर गणेश राम,फूलचंद महतो,देवनाथ महतो,सरजू प्रसाद,बिनोद प्रसाद,राजेंद्र प्रसाद,किशोरी ठाकुर,राजेश ठाकुर,रामबिलास शर्मा,भीम ठाकुर, वासुदेव ठाकुर,मनोज ठाकुर,बासो राम,ऊषा रानी,बिंदिया देवी, मो.अरुणा,नगीना देवी ,छोटी ठाकुर ,सुरेश ठाकुर,सुरेश शर्मा,पिंटू कुमार समेत अन्य कई लोग शामिल थे।

### ट्रेन की चपेट में आने से गुल्ली भट्ठा जड्डू मोड़ निवासी व्यक्ति की हुई मौत, नगर पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम



**साहिबगंज**। नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत गुल्ली भट्ठा जड्डु मोड़ निवासी व्यक्ति शिव कुमार साह उम्र 55 वर्ष पिता स्व. छेदी साह की मौत बुधवार को किसी ट्रेन की चपेट में आने से हो गई। जहां मामले की जानकारी मिलने के बाद नगर थाना क्षेत्र की पुलिस ने मृतक व्यक्ति के शव को अपने कब्जे में लेते पोस्टमार्टम कराने के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। उधर सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. ऋतुराज ने मृतक व्यक्ति के शव का पोस्टमार्टम किया जिसके बाद परिजन शव को अपने घर लेकर वापस लौट आए। उधर मामले को लेकर मृतक व्यक्ति के पुत्र विक्की कुमार साह ने बताया कि उसके पिता की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है जहां बुधवार की सुबह उसे जानकारी मिली कि पश्चिमी रेलवे फाटक से कुछ दूर आगे एक व्यक्ति की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हो गई है जहां घटनास्थल पर पहुंचकर देखने पर उनकी पहचान अपने पिता के रूप में की। उधर नगर थाना क्षेत्र की पुलिस पूरे मामले की गहराई से छानबीन कर रही है। जहां इस घटना के बाद से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### बकरी बाधने के विवाद में दो पक्षों में मारपीट एक महिला घायल,अस्पताल में भर्ती

**साहिबगंज**। मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत सकरीगली पठान टोली में बकरी बाधने के विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई मारपीट की घटना में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई घायल महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया अस्पताल में चिकित्सक डॉ.मुकेश कुमार ने इलाज किया बताया जा रहा है कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत सकरीगली पठान टोली निवासी मोहम्मद शेख आलम की पत्नी मैरून बीवी (45) है. अपने घर पर थी. और बकरी बाध रही थी.उसी दौरान मोहम्मद नजीब व मोहम्मद साजिव ने मारपीट कर घायल कर दिया. घायल महिला के पुत्री नरगिस खातून ने आरोप लगाते हुए बताई की मां घर पर थी बकरी बाध रही थी.तो पड़ोस की ही मोहम्मद रुस्तम के दो पुत्र मोहम्मद नजीब, व मोहम्मद साजिव बोलने लगा क्यों ठाट में बकरी बाध रही हो. इस बात को लेकर मां को मारपीट कर घायल कर दिया. बरहाल घायल का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है ।

# जंगलों में लगने वाली आग से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूकता

नई सोच एक्सप्रेस

**साहिबगंज**।तालझारी वन क्षेत्र कार्यालय,मुख्यमंत्री जन-वन योजना एवं वन अग्नि सुरक्षा के संबंध मे बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में क्षेत्र के सभी ग्राम प्रधानों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य जंगलों में लगने वाली आग से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूकता फैलाना तथा वन संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल देना था। उपस्थित ग्राम प्रधानों एवं ग्रामीणों को बताया गया कि जंगल में लगने वाली आग से वन संपदा, वन्यजीव एवं पर्यावरण को भारी क्षति होती है। सभी से अपील की गई कि वे न स्वयं जंगल में आग लगाएँ और न ही किसी को ऐसा करने दें।इस अवसर पर वन प्रमंडल पदाधिकारी श्री प्रबल गर्ग ने सभी ग्रामवासियों एवं ग्राम प्रधानों से आग्रह किया कि



यदि कहीं भी जंगल में आग लगने की सूचना मिले तो तत्काल वन विभाग को सूचित करें, ताकि समय रहते आग पर नियंत्रण पाया जा सके। उन्होंने मुख्यमंत्री जन-वन योजना की जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना जनसहभागिता के माध्यम से वन संरक्षण एवं संवर्धन को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। राजमहल एसडीओ सदानंद महतो ने कहा कि ग्राम प्रधान समाज की परंपरागत व्यवस्था है। जिनके माध्यम से सरकार की योजनाएं व सामाजिक सुधार की बातें जन-जन तक पहुंचती हैं। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि ग्राम प्रधान अपने इलाके के वन क्षेत्र की निगरानी करें। वनों के संरक्षण व संवर्धन भी हम सबका कर्तव्य है। एसडीओ ने कहा कि सभी ग्राम प्रधान जंगल व पेड़-पौधों को आग से जलने से बचाने के लिए गांव-गांव में बैठक कर ग्रामीणों को जागरूक करें। एसडीओ ने कहा कि वन विभाग की जमीन को लेकर कभी रैयत को कुछ परेशानी आती है। ऐसे में रैयत वन विभाग को अपनी ज़मीन का दस्तावेज प्रस्तुत कर उस डिस्प्यूट को समाप्त कर सकते हैं। लोग सरकार व वन विभाग की योजना से अपने जीवन मे खुशहाली लाएं।पर्यावरण प्रेमी सुरेन्द्र प्रसाद सिंह ने अपने गीतों एवं कविताओं के माध्यम से लोगों को वन संरक्षण के प्रति जागरूक किया। वहीं वन क्षेत्र पदाधिकारी श्री पंचम दुबे ने ग्रामीणों को जंगल में आग लगने की स्थिति में अपनाए जाने वाले उपायों एवं आग बुझाने की प्राथमिक प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी।बैठक में वन बचाओ समिति के निदेशक श्री दशरथ ठाकुर, वनपाल राणा रंजीत, वनरक्षी पप्पू यादव, अखलेश मरांडी, सुनील कुमार, अंकित झा सहित सभी ग्राम प्रधान एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत कौशल प्रशिक्षण कटकमसांडी



नई सोच एक्सप्रेस

**कटकमसाण्डी**।प्रखंड अंतर्गत कटकमसांडी पंचायत में आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत कटकमसांडी में सुनीता फाउंडेशन के द्वारा ऑर्गेनिक फॉर्मिंग और मशरूम कल्टीवेशन का प्रशिक्षण 16 जनवरी 2026 से प्रारंभ होने के बाद आज दिनांक 25 फरवरी 2026 को प्रमाण पत्र वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया इस संस्था का उद्देश्य है कि लोग अपनी जिम्मेदारी लेकर खुद आत्मनिर्भर बने, लोगों ने यह भी कहा किया संस्था बहुत बड़ी जिम्मेदारी निभा रही है इस बेरोजगारी के दौर में लोगों को आत्मनिर्भर बना रही हैं जिसमें संस्था के संस्थापक श्री शशि शेखर मिश्रा ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी जिसमें संस्था के परियोजना पदाधिकारी गिरिधर मिश्रा और पप्पू कुमार ने विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए विद्यार्थियों को रोजगार से जुड़े जानकारी दी जिसमें जिला से अमित सिंह और कटकमसांडी की उपप्रमुख ममता देवी और आदर्श ग्राम योजना के अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह , सेंटर मैनेजर संदीप कुमार, लक्ष्मण प्रजापति प्रशिक गण रॉकी कुमार, पूजा कुमारी शमा प्रवीण महिमा कुमारी और विद्यार्थी गण उपस्थित थे।

## कटकमसांडी प्रखंड के तीन विद्यालयों में बच्चों को मिला खेल सामग्री का उपहार

नई सोच एक्सप्रेस

**कटकमसाण्डी**।विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा बच्चों के लिए खेल सामग्री (स्पोर्ट्स किट) की मांग किए जाने पर मनीष जायसवाल ने इसे गंभीरता से लेते हुए शीघ्र पहल की। सांसद के प्रयास से एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम लिमिटेड के सौजन्य से सीएसआर (कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) योजना अंतर्गत विभिन्न खेलों की स्पोर्ट्स किट उपलब्ध कराई गई। स्पोर्ट्स किट मिलने वाले में कटकमसांडी प्रखंड के उत्क्रमित प्लस 2 उच्च विद्यालय डांटो कला,शाहपुर उच्च विद्यालय, डांड उच्च विद्यालय शामिल है।यह वितरण कार्य यूथ ऑफ इंडिया फाउंडेशन के माध्यम से क्षेत्र के विद्यालयों में किया गया, जहां बच्चों को क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन सहित अन्य खेलों से संबंधित सामग्री सौंपी गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन ने सांसद मनीष जायसवाल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि




खेल सामग्री मिलने से बच्चों में खेल के प्रति रुचि बढ़ेगी और उनका शारीरिक व मानसिक विकास बेहतर होगा। वहीं सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास का आधार हैं। हमारी कोशिश है कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों को समान अवसर मिले और वे पढ़ाई के साथ खेल में भी आगे बढ़ें। स्थानीय अभिभावकों और शिक्षकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रयास भविष्य के खिलाड़ियों को तैयार करने में मील का पत्थर साबित होंगे। मौके पे

» सांसद मनीष जायसवाल की अथक मेहनत से लाई रंग

सदर विधानसभा सांसद प्रतिनिधि किशोरी राणा, जिला भाजपा महामंत्री रीतलाल यादव,मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव, सांसद प्रतिनिधि प्रेम प्रसाद, सहायक शिक्षक समीर उरांव,प्रकाश राणा,कमलदेव यादव, दुर्जोय प्रसाद, नरेश पासवान,मथुरी मेहता, शंकर यादव,सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## माता शबरी महोत्सव में श्रद्धा और सामाजिक समरसता का संदेश, पूर्व सदर

नई सोच एक्सप्रेस

**हजारीबाग**।बुधवार को मां शबरी सेवा संघ (भुईयां समाज), हजारीबाग द्वारा मोरांगी, नवाटांड में आयोजित माता शबरी महोत्सव सह शबरी मेला श्रद्धा, आस्था एवं सामाजिक एकता के माहौल में संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में संघ के प्रदेश अध्यक्ष निर्मल राम ने बैच पहनाकर एवं अंगवस्त्र भेंट कर मुन्ना सिंह जी का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। आभार व्यक्त करते हुए मुन्ना सिंह ने कहा कि समाज का यह स्नेह और विश्वास उन्हें निरंतर सामाजिक सेवा के लिए प्रेरित करता है। वही अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि माता शबरी का जीवन अटूट आस्था, समर्पण, सेवा भावना और सामाजिक समरसता का जीवंत उदाहरण है। भगवान राम के प्रति उनकी निष्कलंक भक्ति हमें यह संदेश देती है कि सच्ची श्रद्धा और सेवा से समाज में समानता एवं मानवता की स्थापना संभव है।



उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता है कि हम माता शबरी के आदर्शों को अपनाते हुए समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक शिक्षा, सम्मान और विकास की मुख्यधारा पहुंचाने का सामूहिक संकल्प लें। उन्होंने आगे कहा कि इस प्रकार के धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करने के साथ-साथ समाज में एकजुटता, भाईचारा और सकारात्मक सामाजिक चेतना को भी बढ़ावा देते हैं। इस गरिमामय अवसर पर संस्थापक रोहित राम, प्रदेश अध्यक्ष निर्मल राम, प्रदेश सचिव प्रमोद राम, प्रदेश

» माता शबरी का जीवन अटूट आस्था, समर्पण, सेवा भावना और सामाजिक समरसता का जीवंत उदाहरण है- मुन्ना सिंह

कोषाध्यक्ष दिनेश भुईयां, मंदिर निर्माण समिति अध्यक्ष सुदर्शन राम संजय भुईयां सहित अनेक गणमान्य अतिथि, समाज के प्रबुद्धजन, माताएं-बहनें एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। अंत में मुन्ना सिंह ने सभी आयोजकों, कार्यकर्ताओं एवं उपस्थित श्रद्धालुओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए समाज को संगठित एवं सशक्त बनाने का आह्वान किया।

## होली 2026 को लेकर पाकुड़ प्रशासन अलर्ट, शांति समिति की बैठक में दिए गए सख्त निर्देश

नई सोच एक्सप्रेस

**पाकुड़**।आगामी होली पर्व 2026 को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। बुधवार को बाजार समिति, पाकुड़ में उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी की संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

**हुड़दंग और अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर**

बैठक के दौरान उपायुक्त मनीष कुमार ने स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान हुड़दंग, अफवाह और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की किसी




भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि सोशल मीडिया पर प्रसारित किसी भी अपुष्ट या भ्रामक खबर पर विश्वास न करें और उसे साझा करने से बचें।

**प्रशासनिक तैयारियों के मुख्य बिंदु**

**सुरक्षा व्यवस्था**: जिले के सभी प्रमुख चौक-चौराहों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। सघन नाकाबंदी और गश्ती अभियान चलाया जाएगा।

**मिलावट पर रोक**: मिठाइयों और रंगों में मिलावट की जांच के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग को सक्रिय किया गया है।

» होली पर प्रशासन सख्त, सोशल मीडिया पर 24 घंटे निगरानी और चौक-चौराहों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

**अवैध शराब पर नकेल**: उत्पाद विभाग को अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन पर कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

**स्वास्थ्य सेवाएं**: सभी प्रखंड स्वास्थ्य केंद्रों में 24×7 एंबुलेंस सेवा और आवश्यक जीवनरक्षक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

**संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल**

पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने कहा कि जिले के संवेदनशील एवं धार्मिक स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा, "सोशल मीडिया की 24 घंटे निगरानी की जाएगी। कोई भी व्यक्ति किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचाए, भड़काऊ गीत न बजाए और न ही किसी पर जबरदस्ती रंग डाले।" उन्होंने यह भी बताया कि नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जाएगा और दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**जिला कंट्रोल रूम रहेगा सक्रिय**

त्योहार के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने और सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान के लिए समाहरणालय परिसर में जिला कंट्रोल रूम सक्रिय रहेगा। बैठक में उपस्थित शांति समिति के सदस्यों ने भी अपने सुझाव साझा किए, जिन पर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

**ये रहे उपस्थित**

बैठक में परियोजना निदेशक (ITDA) अरूण कुमार एक्का, अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी, मुख्यालय डीएसपी जितेन्द्र कुमार सहित जिले के सभी बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि होली पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और भाईचारे के माहौल में संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं।

# पाकुड़ में 24,116 विद्यार्थियों को प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति की स्वीकृति

नई सोच एक्सप्रेस

**पाकुड़**।समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में 'जिला स्तरीय छात्रवृत्ति स्वीकृति एवं अनुश्रवण समिति' की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा कर पात्र छात्र-छात्राओं को समय पर सहायता राशि उपलब्ध कराना था। बैठक के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक (ITDA) अरूण कुमार एक्का ने समिति के समक्ष आवेदनों की अद्यतन स्थिति प्रस्तुत की। गहन जांच और विभागीय दिशा-निर्देशों के आधार पर समिति ने सर्वसम्मति से कुल 24,116 छात्र-छात्राओं के आवेदनों को स्वीकृति प्रदान की।

**लाभार्थी वर्ग**

स्वीकृत लाभार्थियों में सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति (SC),



अनुसूचित जनजाति (ST) एवं पिछड़ा वर्ग (OBC) के विद्यार्थी शामिल हैं। यह निर्णय आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहन देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

**डीबीटी के माध्यम से होगा भुगतान**

स्वीकृत छात्रवृत्ति राशि का भुगतान डीबीटी (Direct Benefit Transfer) प्रणाली के तहत सीधे विद्यार्थियों के बैंक खातों में किया जाएगा, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित होगी और बिचौलियों की भूमिका समाप्त होगी।

**समयबद्ध भुगतान के निर्देश**

उपायुक्त मनीष कुमार ने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि कोषागार से विपत्र (बिल) पारित कराने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। उन्होंने स्पष्ट

» जिला स्तरीय समिति की बैठक में बड़ा फैसला, 24,116 छात्र-छात्राओं को मिलेगी प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति

किया कि छात्रवृत्ति वितरण में किसी भी प्रकार की देरी स्वीकार्य नहीं होगी।उन्होंने कहा, "छात्रवृत्ति योजनाओं का समय पर क्रियान्वयन विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति के लिए अनिवार्य है। हमारा लक्ष्य है कि जिले का कोई भी पात्र विद्यार्थी आर्थिक सहायता के अभाव में अपनी शिक्षा से वंचित न रहे।" प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों को पोर्टल पर लंबित सत्यापन प्रक्रियाएं शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं, ताकि भुगतान की प्रक्रिया जल्द शुरू की जा सके।इस निर्णय से जिले के हजारों विद्यार्थियों को सीधा लाभ मिलेगा और उनकी शैक्षणिक निरंतरता को मजबूती मिलेगी।

## पुलिस लाईन विद्यालय में संचालित मतगणना कर्मियों के प्रशिक्षण



नई सोच एक्सप्रेस

**साहिबगंज**। नगर निकाय चुनाव के सफल एवं पारदर्शी संचालन को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती ने बुधवार को पुलिस लाईन विद्यालय में संचालित मतगणना कर्मियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता, मतगणना प्रक्रिया की समझ, प्रपत्रों के संधारण तथा मतपेटी से संबंधित बिंदुओं की विस्तार से जानकारी ली।उपायुक्त ने उपस्थित कर्मियों को निर्देशित किया कि मतगणना कार्य पूर्णतः निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं सतर्कता के साथ संपन्न करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक चरण में राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित

» उपायुक्त हेमंत सती ने लिया जायजा,दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

किया जाए, ताकि किसी प्रकार की त्रुटि या भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने प्रशिक्षण में शामिल कर्मियों से प्रश्नोत्तर के माध्यम से उनकी तैयारी का भी आकलन किया तथा आवश्यक सुधारात्मक सुझाव दिए। मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। सभी पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया, ताकि नगर निकाय चुनाव की मतगणना प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

## संक्षिप्त समाचार

### सामाजिक भेदभाव खत्म होने तक आरक्षण जारी रहना चाहिए : मोहन भागवत




**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने सामाजिक विषमता, जातिगत भेदभाव और आरक्षण के मुद्दे पर महत्वपूर्ण बयान देते हुए कहा कि जब तक समाज में ऊंच-नीच, छुआछूत और असमानता बनी हुई है, तब तक आरक्षण जारी रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सदियों तक भेदभाव झेलने वाले समाज के वर्गों को बराबरी दिलाने के लिए यदि लंबे समय तक भी आरक्षण देना पड़े, तो समाज को इसके लिए तैयार रहना चाहिए। भागवत ने कहा कि समाज की एकता ही राष्ट्र और नेतृत्व की असली शक्ति है। यदि समाज कमजोर और विभाजित होगा तो राष्ट्र भी कमजोर होगा। उन्होंने कहा कि अपने ही लोगों को आगे बढ़ाने के लिए कुछ त्याग करना पड़े तो भी पीछे नहीं हटना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में रहने वाले सभी लोगों के पूर्वज एक हैं और भेदभाव सामाजिक समरसता से ही समाप्त हो सकता है। उनके अनुसार स्वतंत्रता, समानता और न्याय सभी नागरिकों का अधिकार है तथा मजबूत समाज ही मजबूत राष्ट्र का आधार बनता है।

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक युवक की हुई दर्दनाक मौत दो अन्य घायल स्थिति गंभीर



**गिद्धौर।** थाना के अंतर्गत गांगपुर चौक से आगे यादव होटल के आसपास दो मोटरसाइकिल को हाईवा ने अपने चपेट में ले लिया। जिससे दोनों मोटरसाइकिल सवार लोग गिर गए। जिसमें एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं एक महिला व एक युवक बुरी तरह से घायल हो गया है।ग्रामीणों की मदद से घायल महिला एवं युवक को बेहतर इलाज के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया गया है।जहां स्थिति गंभीर बताई जा रही है।वही एक युवक जिसकी मौके पर मौत हो गई।उसको गिद्धौर थाना प्रभारी शिवा यादव के पहल से 108 एंबुलेंस के माध्यम से गिद्धौर स्वास्थ्य केंद्र लाया गया है।जबकि पोस्टमार्टम के लिए मृतक युवक को चतरा सदर अस्पताल कागजात परिक्रिया पूर्ण कर भेजा जाएगा। बताते चले कि युवक की पहचान चतरा सदर थाना के जांगी गांव निवासी सच्चिदानंद पांडेय का छोटा पुत्र सौरभ कुमार पांडेय बताया जा रहा है।

### राम लखन सिंह यादव कॉलेज के शिक्षकों का राज्यव्यापी सत्याग्रह, लंबित मांगों को लेकर एक दिवसीय उपवास



**पटना।** 'वित्तरहित शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा' के आह्वान पर राम लखन सिंह यादव कॉलेज, अनिसाबाद परिसर में शिक्षकों और कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों के समर्थन में एक दिवसीय सामूहिक उपवास एवं सत्याग्रह किया। सुबह 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक चले इस शांतिपूर्ण प्रदर्शन में कॉलेज परिवार ने एकजुट होकर सरकार के प्रति अपना विरोध दर्ज कराया। वक्ताओं ने वित्तरहित संस्थानों की दयनीय स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि लंबे समय से सेवा देने के बावजूद नियमित वेतन और पेंशन नहीं मिलना भविष्य के लिए गंभीर संकट है। प्रमुख मांगों में वित्तरहित अनुदानित कॉलेजों के शिक्षकों-कर्मचारियों को नियमित वेतन व पेंशन भुगतान, बकाया अनुदान की अविलंब रिहाई, माध्यमिक विद्यालयों की मान्यता अवधि में तीन वर्ष का विस्तार तथा सेवा नियमावली में आवश्यक संशोधन शामिल हैं। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। कार्यक्रम का नेतृत्व प्राचार्य प्रो. सुरेंद्र प्रसाद ने किया। इस दौरान प्रो. रामबीनेश्वर सिंह, प्रो. बी.डी. यादव, प्रो. अशोक यादव, प्रो. अनिल कुमार, प्रो. वीरेन्द्र प्रसाद यादव, प्रो. राय श्रीपाल सिंह, प्रो. शंकर साह, डॉ. राजकिशोर प्रसाद सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी तेज, बैंकों को अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण का निर्देश

» 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत, लंबित मामलों के निस्तारण को लेकर बैंकों संग हुई अहम बैठक



**पाकुड़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वावधान में आगामी 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने की तैयारी तेज कर दी गई है।प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ दिवाकर पांडे के निर्देश पर सचिव रूपा बंदना किरो की अध्यक्षता में जिले के विभिन्न बैंकों के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।बैठक के दौरान राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निष्पादन को सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। सचिव रूपा बंदना किरो ने बैंक अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित ऋण वसूली, प्री-लिटिगेशन एवं अन्य सुलह योग्य मामलों की सूची तैयार कर संबंधित पक्षकारों को समय पर नोटिस भेजा जाए, ताकि अधिकाधिक मामलों का आपसी सहमति से समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से त्वरित एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराना उद्देश्य है, इसलिए सभी संबंधित विभाग समन्वय स्थापित कर कार्य करें।बैठक में विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रशासन को उम्मीद है कि 14 मार्च को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में बड़ी संख्या में मामलों का सफलतापूर्वक निस्तारण होगा।

# होली और ईद पर्व को लेकर मुफ्फसिल थाना में शांति समिति की बैठक

**होली और ईद को लेकर प्रशासन अलर्ट, शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील**

नई सोच एक्सप्रेस




**पाकुड़।** आगामी होली और ईद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से मुफ्फसिल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचल अधिकारी अरविंद कुमार एवं मुफ्फसिल थाना प्रभारी गौरव कुमार ने संयुक्त रूप से की।बैठक में पुलिस निरीक्षक, मुफ्फसिल अंचल के विभिन्न पदाधिकारी, क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों तथा मीडिया प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। अधिकारियों ने दोनों प्रमुख पर्वों के दौरान आपसी भाईचारा, सामाजिक समरसता और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।अंचल अधिकारी अरविंद कुमार ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और यदि कहीं भी शांति भंग करने की आशंका हो तो तत्काल प्रशासन को सूचित करें। उन्होंने कहा कि त्योहारों का वास्तविक उद्देश्य प्रेम, सद्भाव और एकता का संदेश देना है, जिसे सभी को मिलकर कायम रखना होगा। वहीं थाना प्रभारी गौरव कुमार ने स्पष्ट किया कि असामाजिक गतिविधियों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि शांति व्यवस्था भंग करने या अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने प्रशासन को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया और पर्वों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए सामूहिक जिम्मेदारी निभाने की बात कही। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे त्योहारों के दौरान संयम और सतर्कता बरतें तथा आपसी सौहार्द बनाए रखते हुए पर्वों को हर्षोल्लास के साथ मनाएं।

# सदर अनुमंडल दंडाधिकारी ने निर्देश किया लागू

नई सोच एक्सप्रेस



**हजारीबाग** ।राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड द्वारा नगरपालिका (आम) निर्वाचन, 2026 के लिये जारी की गयी अधिसूचना के अनुसार सदर अनुमण्डल अन्तर्गत हजारीबाग नगर निगम का मतगणना कार्य कृषि उत्पादन बाजार समिति, हजारीबाग के परिसर में 27/02/2026 को 8.00 बजे पूर्वाह्न से निर्धारित है। राज्य निर्वाचन आयोग के उक्त आदेश के आलोक में अधोहस्ताक्षरी के द्वारा निर्गत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत आदेश ज्ञापांक 137/न्या०, दिनांक 27/01/2026 के द्वारा निषेधाज्ञा आदेश निर्गत है, जो यथावत रहेगा। इसके अतिरिक्त उक्त निषेधाज्ञा आदेश में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 (6) के तहत निम्नांकित प्रतिबंध समाविष्ट किये जाते हैं। मतगणना केन्द्र के अन्दर अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। किसी भी व्यक्ति एवं संगठन के द्वारा बिना अनुमति के विजय जुलूस/रैली, सभा, धरना या प्रदर्शन निकालने पर पूर्णरूपेण प्रतिबंध आरोपित किया जाता है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में परिभाषित किसी भी अपराध करने तथा शांति भंग करने के उद्देश्य से पाँच या उससे अधिक व्यक्ति मतगणना केन्द्र के 100 मीटर कि परिधि में एकत्रित नहीं होंगे। The Jharkhand Control of the use of Loudspeakers Act. 1955 के अन्तर्गत ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग रात्रि 10.00 बजे से प्रातः 6.00 बजे तक वर्जित रहेगा। कोई भी व्यक्ति राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा लागू आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों का उल्लंघन नहीं करेंगे। सोशल मीडिया के किसी भी तंत्र यथा- फेसबुक, ट्विटर आदि पर किसी भी तरह के भड़काने वाले संदेशों के प्रेषण पर पूर्णरूपेण प्रतिबंध आरोपित किया जाता है। उक्त आदेश के उल्लंघन करने के आलोक में संबंधित व्यक्ति/एडमिन पर सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्रवाई की जायगी।

7. यह निषेधाज्ञा आदेश मतगना कार्य हेतु प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारी/कर्मचारी/ पुलिस पदाधिकारी मतगणना अभिकर्ता पर लागू नहीं रहेगा।

8.यह निषेधाज्ञा दिनांक 27/02/2026 को सुबह 4.00 बजे से मतगणना कार्य की समाप्ति तक लागू रहेगा।

## उधवा में डीटीओ का छापा अवैध बालू लदा एक हाईवा जब्त



नई सोच एक्सप्रेस

**उधवा/साहिबगंज।**जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी ने बुधवार को उधवा-बरहरवा मुख्य मार्ग स्थित मोहनपुर टावर चौक के समीप से बालू लदा एक हाईवा को जब्त किया है। जब्त किए गए हाईवा को आगे की कार्रवाई के लिए राधानगर थाना को सुपुर्द कर दिया है।जानकारी के अनुसार जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार ने बालू लदा हाईवा चालक को रोककर कागजात की मांग किया। हालांकि चालक के द्वारा कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। वहीं डीटीओ ने उक्त हाईवा को जब्त कर राधानगर थाना पुलिस को सूपूर्द कर दिया है। डीटीओ ने बताया कि उक्त हाईवा का चालान काट दिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## समाहरणालय में बिरसा कृषक पाठशाला की जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न

नई सोच एक्सप्रेस




**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त श्रीमती कीर्तिश्री जी की अध्यक्षता में समेकित बिरसा ग्राम योजना अंतर्गत बिरसा कृषक पाठशाला की जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित बिरसा कृषक पाठशालाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। जिला कृषि पदाधिकारी गौतम कुमार ने जानकारी दी कि जिले के चतरा, हंटरगंज एवं इटखोरी प्रखंडों में कुल तीन बिरसा कृषक पाठशालाएं संचालित हैं। संबंधित कार्यकारी एजेंसियों द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अपने-अपने प्रखंडों में चल रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति प्रस्तुत की गई। बैठक में बताया गया कि तीनों कृषक पाठशालाओं में बकरी पालन, मुर्गीपालन, सुकर पालन तथा कृषि से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जाना है। इन गतिविधियों के माध्यम से किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक पद्धतियों से प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके। इसके अतिरिक्त उन्नत कृषि तकनीक, फसल विविधीकरण एवं पशुपालन आधारित आजीविका को बढ़ावा देने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उपायुक्त ने निर्देशित किया कि सभी कार्यकारी एजेंसियां गुणवत्ता मानकों का पालन करते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी कार्यों को पूर्ण करें। उन्होंने संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया, ताकि किसानों को योजना का अधिकतम लाभ प्राप्त हो सके। बैठक में जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## 'एंगेज्ड 2' शो पर अश्लीलता का आरोप, कार्रवाई का आश्वासन




नई सोच एक्सप्रेस

**मुंबई।** जियो हॉटस्टार पर प्रसारित रियलिटी शो 'एंगेज्ड 2: रोका या धोखा' में कथित अश्लीलता और महिलाओं के अपमान को लेकर विवाद गहरा गया है। हिंदू जनजागृति समिति ने मुख्यमंत्री और गृह राज्य मंत्री को ज्ञापन सौंपकर शो पर तत्काल प्रतिबंध लगाने तथा जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। समिति की रणरागिणी शाखा की प्रियंका लोणे ने आरोप लगाया कि कार्यक्रम में महिलाओं का वस्तुकरण किया जा रहा है, जिससे समाज और युवा पीढ़ी पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। बिना हाथ लगाए महिला के कपड़े उतारने और सार्वजनिक रूप से नहलाने जैसे टास्क पर भी आपत्ति जताई गई है। गृह राज्य मंत्री योगेश कदम ने मामले में कार्रवाई का आश्वासन देते हुए पुलिस महानिदेशक को निर्देश देने की बात कही है। वहीं भाजपा विधायक चित्रा वाघ और शिवसेना विधायक डॉ. मनीषा कायंदे ने भी विधान परिषद में मुद्दा उठाने तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अश्लीलता रोकने के लिए सांस्कृतिक निगरानी समिति बनाने की मांग का समर्थन किया है।

# हिरणपुर में महिला महाविद्यालय की स्थापना की मांग, विधायक हेमलाल मुर्मू ने सदन में उठाया मुद्दा

नई सोच एक्सप्रेस



» विधानसभा में गूंजी हिरणपुर में महिला महाविद्यालय की मांग, विधायक हेमलाल मुर्मू ने शून्य काल में उठाया मुद्दा

**लिट्टीपाड़ा(पाकुड़)।** लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय एवं ऊर्जावान विधायक हेमलाल मुर्मू ने विधानसभा सत्र के शून्य काल के दौरान अपने क्षेत्र की महत्वपूर्ण शैक्षणिक आवश्यकता को जोरदार ढंग से उठाया। उन्होंने लिट्टीपाड़ा विधानसभा अंतर्गत हिरणपुर प्रखंड में महिला महाविद्यालय की स्थापना की मांग करते हुए कहा कि क्षेत्र में महिलाओं के लिए एक भी महिला कॉलेज नहीं है, जिसके कारण अनेक युवतियां उच्च शिक्षा से वंचित रह जाती हैं। विधायक ने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय की अनुपलब्धता के कारण कई छात्राएं बीच में ही पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो जाती हैं। उन्होंने बताया कि हिरणपुर प्रखंड में महिला महाविद्यालय के निर्माण के लिए पर्याप्त भूमि उपलब्ध है, जिससे इस दिशा में पहल करना व्यावहारिक और संभव है। उन्होंने जोर देकर कहा कि महिला सशक्तिकरण को मजबूती देने के लिए शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। यदि हिरणपुर में महिला महाविद्यालय की स्थापना होती है तो क्षेत्र की युवतियां उच्च शिक्षा प्राप्त कर न केवल आत्मनिर्भर बनेंगी, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित कर सकेंगी। विधायक हेमलाल मुर्मू ने सदन से आग्रह किया कि इस महत्वपूर्ण मांग पर सकारात्मक निर्णय लिया जाए, ताकि लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र की बेटियों को अपने ही क्षेत्र में उच्च शिक्षा का अवसर मिल सके। इस मांग को क्षेत्र के लोगों द्वारा भी लंबे समय से उठाया जाता रहा है और अब सदन में इसे उठाए जाने से उम्मीदें और प्रबल हो गई हैं।

# महाप्रसाद वितरण में उमड़ी भीड़, सबरी पाल ने दिखाई ताकत

नई सोच एक्सप्रेस



» हाटपाड़ा हनुमान मंदिर के पास महाप्रसाद वितरण में उमड़ी भीड़, बागी उम्मीदवार के रूप में चुनावी मैदान में डटीं सबरी पाल

**पाकुड़।** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत हाटपाड़ा स्थित हनुमान मंदिर के पास मंगलवार देर शाम भाजपा नेत्री एवं जिला परिषद अध्यक्ष पद की उम्मीदवार सबरी पाल द्वारा महाप्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं और समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सैकड़ों की संख्या में लोगों ने मीठे प्रसाद का ग्रहण किया और आयोजन की सराहना की।महाप्रसाद वितरण को लेकर पूरे इलाके में सकारात्मक चर्चा होती रही। कार्यक्रम के दौरान भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा। स्थानीय लोगों ने इसे सामाजिक समरसता और धार्मिक आस्था से जुड़ा सराहनीय कदम बताया। आयोजन स्थल पर व्यवस्था सुव्यवस्थित रही और स्वयंसेवकों ने श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण में सक्रिय भूमिका निभाई।गौरतलब है कि सबरी पाल आगामी नगर परिषद चुनाव में अध्यक्ष पद की उम्मीदवार हैं, जिसका निर्णय 27 तारीख को होना है। वे भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष भी हैं। इस चुनाव में वे भाजपा से बागी उम्मीदवार के रूप में मैदान में हैं। इसे लेकर प्रदेश भाजपा की ओर से उन्हें कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है।इसके बावजूद महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम में उनकी सक्रिय भागीदारी और समर्थकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति ने नगर क्षेत्र में उनकी मजबूत पकड़ का संकेत दिया है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यह आयोजन चुनाव से पूर्व शक्ति प्रदर्शन के रूप में भी देखा जा रहा है।नगर परिषद चुनाव को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है और सभी प्रत्याशी अपने-अपने स्तर पर जनसंपर्क अभियान में जुटे हुए हैं। अब देखना यह होगा कि 27 तारीख को होने वाले मतदान में जनता किसे अपना समर्थन देती है।

## देश राज्यों से बड़ी खबरें

1 पीएम मोदी 9 साल बाद इजराइल दौरे पर रवाना,इजराइली अखबार ने स्पेशल फ्रंट पेज निकाला,हिंदी में लिखा-'नमस्ते,हथियार डील पर बातचीत संभव

2 तिरंगे में रंगी इजरायल की संसद, मीडिया बोला:नमस्ते मोदी;यहूदी मुल्क में ग्रैंड वेलकम की तैयारी

3 मैं राहुल गांधी को बेनकाब करना चाहता हूं,उनके पाकिस्तान समर्थकों से संबंध,नितिन नबीन ने जमकर सुनाया

4 किसी भी कीमत पर मैं इसे बर्दाश्त नहीं करूंगा,NCERT बुक में न्यायपालिका पर भ्रष्टाचार' के कंटेंट से नाराज CJI सूर्य कांत

5 बीएसएनएल के निदेशक विवेक बंजल के प्रस्तावित प्रयागराज दौरे वाला विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब उनकी मुश्किलें और बढ़ गई हैं। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इसे अनुचित और अस्वीकार्य बताया। साथ ही यह भी कहा कि निदेशक को कारण बताओ नोटिस जारी किया जा चुका है

6 झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को राहत,ED की कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक,जांच एजेंसी की कार्यप्रणाली पर की सख्त टिप्पणी

7 चार्टेड प्लेन ऑपरेटर्स के लिए नियम सख्त,विमान कितना पुराना,उसकी मेंटेनेंस हिस्ट्री बतानी होगी;गलती पर सिर्फ पायलट जिम्मेदार नहीं

8 अरुणाचल की महिलाओं पर नस्लीय कमेंट करने वाले पति-पत्नी गिरफ्तार,आरोपी हर्ष ने कहा:मैं शर्मिंदा हूं;किरेन रिजिजू बोले:सख्त कार्रवाई करेंगे

9 पुरानी पीढ़ी हमेशा नहीं रह सकती,पार्टी को नए खून की जरूरत;डिप्टी CM शिवकुमार ने बढ़ाया सस्पेंस

10 चार हत्याओं से दहली दिल्ली:सनकी पिता ने तीन मासूम बच्चियों का काट दिया गला,पत्नी को भी बेरहमी से मार डाला

11 रीवा जिले में रावण की 60 साल पुरानी प्रतिमा पर संग्राम,एक पक्ष बोला:विकास रुका,अशुभ है, हटाओ;दूसरे ने कहा: विद्वान था,खरोंच नहीं आने देंगे

12 उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में तीन दिन से बर्फबारी जारी,MP के 20 जिलों में आंधी-बारिश,ओले भी गिरे;राजस्थान में पारा 36°C,हीटवेव की चेतावनी

13 ट्रम्प ने वेनेजुएला को अमेरिका का नया दोस्त बताया,कहा:हमें उससे 80 मिलियन बैरल तेल मिला; सुप्रीम कोर्ट का टैरिफ पर रोक लगाना दुर्भाग्यपूर्ण

14 अमेरिकी संसद में ट्रम्प फिर बोले:भारत-पाकिस्तान जंग रुकवाई,गाजा सीजफायर को जीत बताया,आरोप-ईरान ने 32000 प्रदर्शनकारियों को मारा;कहा:वेनेजुएला नया दोस्त

15 छठे सुपर-8 मुकाबले में आज SL vs NZ:न्यूजीलैंड का पहला मैच बेनतीजा, श्रीलंका को इंग्लैंड ने हराया;दोनों टीमों को जीत चाहिए

16 700 अंक चढ़ने के बाद फ्लैट हुआ सेंसेक्स,82,200 के स्तर पर कारोबार कर रहा;मेटल,आईटी और ऑटो शेयरों में खरीदारी

17 PM मोदी अभी PM नेतन्याहू से मिल रहे,इस मीटिंग के बाद वे येरुशलम के लिए निकलेंगे

18 इजरायल:PM मोदी का नेतन्याहू ने किया स्वागत,एयरपोर्ट पर गार्ड ऑफ ऑनर भी मिला

19 सेंसेक्स 50 पॉइंट्स चढ़कर 82,276 पर बंद, निफ्टी 57 चढ़कर 25,482 पर पहुंचा

20 राहुल गांधी 'भारत विरोधी' ताकतों के हाथों की कठपुतली के अलावा कुछ नहीं:पीयूष गोयल

21 तमिलनाडुः राजनेता आर नल्लाकन्नू का 101 साल की उम्र में निधन

22 ग्रेटर नोएडा: पुलिस और बदमाशों के बीच एनकाउंटर, गोलीकांड का आरोपी मोनू घायल

23 दिल्ली:ISBT के पास फायरिंग,गैंगस्टर लॉरेंस की लीगल टीम के वकील पर हमला

24 T20 WC: सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनी इंग्लैंड,पाकिस्तान को 2 विकेट से हराया

25 सरकार ने अश्लील कंटेंट वाले पांच OTT प्लेटफॉर्म को ब्लॉक करने का आदेश दिया

26 दिल्ली में अधिकतम तापमान 29.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया,AQI 'खराब' श्रेणी में

27 चुनाव आयोग कल तमिलनाडु और पुडुचेरी जाएगा, तैयारियों का जायजा लेगा

28 अजित पवार क्रैश:DGCA की VSR वेंचर्स पर सख्ती,4 एयरक्राफ्ट अब नहीं भर पाएंगे उड़ान

29 तमिलनाडुः प्रधानमंत्री मोदी 1 मार्च को तिरुप्परनकुंद्रम मंदिर जाएंगे

30 झारखंड प्लेन क्रैश:उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू की सीनियर एविएशन अधिकारियों के साथ मीटिंग

31 पीएम मोदी को खुली चुनौती है, भारत-US ट्रेड डील रद्द करके दिखाइए:राहुल गांधी

32 ईरान सुपरसोनिक एंटी-शिप मिसाइल खरीदने के लिए चीन से बातचीत कर रहा

33 जम्मू से श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन सेवा 1 मार्च से शुरू होगी

34 हल्द्वानीः बनभूलपुरा से रेलवे की जमीन से हटेगा अतिक्रमण,सुप्रीम कोर्ट का आदेश

35 अकोला:कांग्रेस MLA का आरोप-मुझे लॉरेंस गैंग ने धमकी दी,मांगे 10 करोड़


36 AI समिट हंगामा,दिल्ली पुलिस बोली:साजिश के तार कई राज्यों तक फैले

37 ईरान का मिलिट्री हेलिकॉप्टर बाजार में क्रैश,4 लोगों की मौत

38 कैबिनेट ने 'केरल' राज्य का नाम बदलकर 'केरलम' करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी

39 पहली बार नेता प्रतिपक्ष को लोकसभा में बोलने नहीं दिया गया,भोपाल में बोले राहुल गांधी

40 यूपी:लखनऊ सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी,बम निरोधक दस्ता मौके पर



# टनल इंजीनियरिंग कर अपने भविष्य को दें दिशा

**अगर टनल इंजीनियर शब्द आपके लिए नया है, तो बता दें हम आपको इस फील्ड से संबंधित सारी जानकारी देने जा रहे हैं। टनल इंजीनियरिंग का कोर्स कर आप महीने के लाखों रुपए कमा सकते हैं।**

दिल्ली मेट्रो में यात्रा करने वाले लोगों का टनल से तो वास्ता जरूर होता होगा। टनल ट्रांसपोटेशन इन्फास्ट्रक्चर का हमेशा से एक अभिन्न अंग रहा है। इंजीनियर और एक्सपर्ट्स मिलकर टनल को तैयार करते हैं। सिविल इंजीनियरिंग का ही एक पार्ट टनल इंजीनियरिंग है। यह जियोटेक्निकल और स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग का एक कॉम्बिनेशन होता है। बता दें कि टनल इंजीनियर को चट्टानों व मिट्टी की काफी अच्छी समझ होती है। आपको बता दें कि आप टनल इंजीनियरिंग कर अपने भविष्य को एक दिशा दे सकते हैं। अगर टनल इंजीनियर शब्द आपके लिए नया है, तो बता दें कि यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि टनल इंजीनियर कैसे बनते रहैं, इसके लिए कौन सा कोर्स करना चाहिए और इसमें जॉब की क्या संभावनाएं होती हैं।

## योग्यता

यदि कोई युवा इस क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहता है, तो उसको सबसे पहले सिविल इंजीनियरिंग में बैचलर डिग्री प्राप्त करनी होगी। इसके बाद वह टनल कंस्ट्रक्शन में स्पेशलाइजेशन कर सकते हैं। वहीं सिविल इंजीनियरिंग में बीटेक या एमटेक करने के बाद आप टनल बोरिंग की तकनीकों में जानकारी हासिल कर सकते हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया समेत कई देशों के विश्वविद्यालय टनल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा और सर्टिफिकेशन कोर्स ऑफर करते हैं। इसके अलावा बीटेक-एमटेक करने के बाद भी आप टनल इंजीनियर बनने के लिए सर्टिफिकेट कोर्स कर सकते हैं।

## सैलरी

भारत देश में एक टनल इंजीनियर की एवरेज सैलरी करीब 1,73,615 रुपए के महीने के आसपास होती है। हांलाकि नॉलेज, स्किन और एक्सपीरियंस के हिसाब से ग्रोथ मिलती रहती है। ऐसे में युवा इस फील्ड में अपना शानदार करियर बना सकते हैं।





# ई-मेल मार्केटिंग में बना सकते हैं शानदार कॅरियर

**आज के समय में कंपनियां बड़ी संख्या में डिजिटल कंटेट राइटर, ईमेल मार्केटिंग मैनेजर और लीड ईमेल कंटेंट मार्केटर हायर करती हैं। ऐसे में आप भी इस क्षेत्र में अपना शानदार कॅरियर बना सकते हैं।**

वर्तमान समय में ईमेल के जरिए हर कंपनी मार्केटिंग अभियानों को कस्टमर तक पहुंचाने का काम कर रही हैं। आपको बता दें कि ग्राहकों के लिए ई-मेल मार्केटर ऐसी कॉपी लिखते हैं। जो कस्टमर को कंपनी के साथ इंगेज कर सके। इसके लिए ईमेल मार्केटर हर ईमेलर के लिए स्ट्रैटली तैयार करते हैं। वह कंटेट से लेकर ग्राफिक्स तक तैयार करवाते हैं। इस काम के लिए कंपनियां बड़ी संख्या में डिजिटल कंटेट राइटर, ईमेल मार्केटिंग मैनेजर और लीड ईमेल कंटेंट मार्केटर हायर करती हैं।

ऐसे में आप भी इस क्षेत्र में अपना कॅरियर बनाकर घर बैठे काम सीख सकते हैं। इसके जरिए कंपनियां हफ्ते भर में होने वाली गतिविधियां न्यूजलेटर के जरिये ग्राहकों को हर हफ्ते भेजती रहती हैं। जिस कारण ईमेल मार्केटिंग आज एक बड़ी फील्ड के तौर पर उभरा है। ऐसे में अगर आप भी ईमेल मार्केटिंग करना जानते हैं, तो आप इस फील्ड में आसानी से लाखों का पैकेज उठा सकते हैं। इस फील्ड में कॅरियर बनाने के लिए आप डिजिटल मार्केटिंग कोर्स कर सकते हैं। आज इस आर्टिकल में हम आपको इस फील्ड से संबंधित सारी जानकारी देने का प्रयास कर रहे हैं।

## क्या होती है ई-मेल मार्केटिंग

आपको बता दें कि यह एक कमर्शियल मैसेज की तरह होता है, जिसके इस्तेमाल से कंपनी सीधे तौर पर कस्टमर को टारगेट करती है। इसकी मदद से कंपनी कस्टमर को अपने उत्पाद के बारे में जानकारी देने के साथ उसकी उपयोगिता और विश्वसनीयता को बढ़ाने का काम करती है। यही कारण है कि ई मेल मार्केटिंग का कन्वर्जन रेट बाकी मार्केटिंग तरीकों की तुलना में ज्यादा होता है। वहीं कुछ टूल्स और सॉफ्टवेयर की मदद से आप इस काम को घर बैठे भी कर सकते हैं। ई-मेल मार्केटिंग में आप एक साथ सैकड़ों लोगों को कंपनी का मेल भेज सकते हैं।

## ई-मेल मार्केटिंग का लक्ष्य

- अपने बिजनेस वेबसाइट को प्रमोट करना
- नए ऑफर्स की जानकारी कस्टमर्स को देना
- अपने उत्पादों को उपभोक्ता तक पहुंचाना
- अपने वेबसाइट का ट्रैफिक बढ़ाना

## कैसे करें ई-मेल मार्केटिंग

अगर आप भी इस फील्ड में अपना कॅरियर बनाना चाहते हैं, तो आपके पास ई-मेल अकाउंट होना चाहिए। वर्तमान समय में तमाम कंपनियां ई-मेल के जरिए अपने मार्केटिंग अभियान को चलाती हैं। इस फील्ड में जाने के लिए आपके पास ई-मेल लिस्ट, मार्केटिंग टूल्स सेटअप होने के साथ ई मेल टेम्प्लेट भी होना भी जरूरी है।

## ई-मेल मार्केटिंग कोर्स के लाभ

- ई-मेल मार्केटिंग के जरिए आप अपने बिजनेस या उत्पाद को प्रमोट कर सकते हैं।
- एक ही समय में आप कई लोगों को ई-मेल भेजने का काम कर सकते हैं।
- साथ ही आपके मेल को किसने देखा और किसने स्पैम किया, आप इसकी भी जानकारी ले सकते हैं।
- बता दें कि इसका कनवर्जन रेट काफी ज्यादा है।
- आप बेहद कम बजट के साथ यह मार्केटिंग कर सकते हैं।
- इसमें कस्टमर डायरेक्ट कंपनी से संवाद कर सकते हैं।

## सैलरी

आपको बता दें कि इस फील्ड में कॅरियर बनाने वाले युवाओं को सालाना 6 लाख रुपए तक का पैकेज मिलता है। वहीं एक्सपीरियंस बढ़ने के साथ ही सैलरी में इंक्रिमेन्ट होता रहता है।



## कोर्स की खासियत

- गूगल सर्टिफाइड अनुभवी फैकल्टी द्वारा प्रशिक्षण
- साप्ताहिक डाउट क्लीयरिंग सेशन
- 100 घंटे लाइव इंटरेक्टिव क्लासेस
- एक्सपर्ट्स के साथ मास्टर क्लास
- 100 फीसद प्लेसमेंट असिस्टेंस
- 20 से ज्यादा लर्निंग टूल्स
- 8+ लाइव प्रोजेक्ट्स
- कम्प्लीमेंट्री कोर्स-सॉफ्ट स्किल्स

## कॅरियर को मिलेगी नई दिशा

युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए कई स्किल ओरिएंटेड शॉर्ट, प्रोफेशनल और और लॉन्ग टर्म कोर्सेज की शुरुआत की गई है। बता दें कि डिजिटल मार्केटिंग के अलावा कई ऐसे कोर्स हैं, जिनको करके युवा अपने कॅरियर को नई दिशा दे सकते हैं।




# कंटेंट मार्केटिंग के जरिए हर कंपनी बन रही बेस्ट युवाओं के लिए हैं कई अवसर

**कोई भी कंपनी अपने प्रोडक्ट का प्रचार करने के लिए कंटेंट का सहारा लेती है। कंपनी द्वारा अपने प्रोडक्ट के लिए प्रचार करने का एक हिस्सा होता है। जिसे कंपनी के लिए काम करने वाले कंटेंट राइटर्स द्वारा किया जाता है।**

अगर आप भी हर रोज अपने मोबाइल में तमाम विभिन्न कंपनियों द्वारा भेजे गए दर्जनों मैसेज, नोटिफिकेशन्स और व्हाट्सअप मैसेज और ईमेल्स को देखते होंगे। यह कंपनी द्वारा अपने प्रोडक्ट के लिए प्रचार करने का एक हिस्सा होता है। जिसे कंपनी के लिए काम करने वाले कंटेंट राइटर्स द्वारा किया जाता है। एक सर्वे के मुताबिक किसी भी कंपनी को तेजी से ग्रोथ पाने के लिए कंटेंट की जरूरत होती है। कंटेंट के जरिए ही बिजनेस लोगों के बीच पहचाना जाता है, जो धीरे-धीरे ब्रांड बन जाता है। यही कारण है कि साल 2026 तक कंटेंट मार्केटिंग का सेक्टर अपने वार्षिक रिवेन्यू को डबल करने जा रहा है। वहीं अगर साल 2023 के कंटेंट मार्केटिंग रिवेन्यू की बात की जाए, तो सिर्फ कंटेंट मार्केटिंग कंपनियों ने 66 बिलियन यूएस डॉलर गेन करने का काम किया है। ऐसे में अगर आप भी ग्रेजुएट हैं और अपने के लिए एक अच्छी नौकरी की तलाश में हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है।

## कंटेंट मार्केटिंग में स्कोप

- वर्तमान समय में कंटेंट ही किंग है।
- हर फील्ड की कंपनियां अपने कस्टमर से कनेक्ट करने के लिए कंटेंट का सहारा लिया जाता है।
- साल 2019 से 80% कंपनियां कंटेंट के जरिए मार्केटिंग कर रही हैं।
- साल 2021 में 97% कंपनियां कंटेंट के माध्यम से मार्केटिंग करना शुरू कर चुकी हैं।
- वहीं 40% मार्केटर्स ने साल 2022 में कंटेंट मार्केटिंग का बजट बढ़ाया है।
- जो युवा इस फील्ड में कॅरियर बनाना चाहते हैं, उनको आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। एक्सपीरियंस के साथ ही सैलरी बढ़ती रहती है।
- बता दें कि कंटेंट मार्केटर की शुरूआती सैलरी 25,000 रुपए महीना होती है।

## कस्टमर को कैसे दें प्रोडक्ट की जानकारी

हर फील्ड में कंपनी या प्रोडक्ट के बारे में ग्राहकों को कई तरीके से जानकारी दी जाती है। आप वीडियो, जीआईएफ, ब्लॉग पोस्ट, इंफोग्रॉफिक, ईमेल न्यूजलेटर के जरिए कस्टमर को प्रोडक्ट की जानकारी दे सकते हैं। वहीं कस्टमर को जागरुक करने का सबसे प्रभावी तरीका प्रोडक्ट के बारे में तैयार किया गया ऑडियो विजुअल फॉर्मेट है। जोकि सबसे ज्यादा प्रचलन में है।


## डिजिटल मार्केटिंग प्रोग्राम की खूबी

डिजिटल मार्केटिंग कोर्स बाकी संस्थानों की अपेक्षा कम कीमत में मिलता है। इस फील्ड में आपको 40 से अधिक टूल्स और मॉड्यूल्स के बारे में सिखाया जाता है। इसके अलावा आप सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन, कंटेंट राइटिंग, गूगल एड, ई-मेल मार्केटिंग, फेसबुक एड, सोशल मीडिया मार्केटिंग, ग्रॉफ़िक्स डिजाइन, एंटरप्रेंन्योरशिप स्किल भी सिखाई जाती हैं। इसमें कैंडिडेट को स्पोकन इंग्लिश की ट्रेनिंग दी जाती है। साथ ही कैंडिडेट को 2 महीने की ऑन जॉब ट्रेनिंग भी दी जाती है।

## जॉब

- पे पर क्लिक एक्सपर्ट्स
- सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन
- सोशल मीडिया मैनेजर
- एफिलिएट मार्केटिंग
- गूगल एड एक्सपर्ट्स
- ई-मेल मार्केटिंग

# मेधावी छात्रों को कोलगेट दे रहा बंपर स्कॉलरशिप




**कोलगेट सीएसआर यानी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सबिलिटी के तहत खेल, शिक्षा व अन्य कई क्षेत्रों में योगदान के लिए स्कॉलरशिप प्रोग्राम ऑफर करता है। इन स्कॉलरशिप के लिए चयनित उम्मीदवारों को 2 से 3 साल की अवधि तक हर साल 75,000 रुपए प्रदान किए जाएंगे।**

कोलगेट देश की सबसे बड़ी दंत मंजन कपनियों में से एक है। यह कंपनी सीएसआर यानी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सबिलिटी के तहत खेल, शिक्षा व अन्य कई क्षेत्रों में योगदान के लिए स्कॉलरशिप प्रोग्राम ऑफर करता है। इस प्रोग्राम का नाम कोलगेट कीप इंडिया स्माइलिंग स्कॉलरशिप प्रोग्राम है। इस योजना के तहत मेधावी छात्रों को अपने सपने को पूरा करने की दिशा में प्रोत्साहित करना है। इसके अलावा मेधावी छात्रों को उचित मेंटरशिप भी प्रदान करता है।

आपको बता दें कि कोलगेट कीप इंडिया स्माइलिंग फाउंडेशन के तहत उम्मीदवारों का चयन विभिन्न स्कॉलरशिप के लिए किया जाता है। इन स्कॉलरशिप के लिए चयनित उम्मीदवारों को 2 से 3 साल की अवधि तक हर साल 75,000 रुपए प्रदान किए जाएंगे। इस योजना का लाभ लेने के लिए 11वीं कक्षा से लेकर ग्रेजुएशन तक के छात्र आवेदन कर सकते हैं। हांलाकि अलग-अलग क्लास के लिए अनिवार्य शैक्षिक योग्यताएं हैं।

## क्वालिफिकेशन

- इस स्कॉलरशिप का लाभ वर्तमान में बीडीएस पाठ्यक्रम के किसी भी वर्ष में नामांकित छात्र ले सकते हैं।
- छात्रों को न्यूनतम 60% अंकों के साथ कक्षा 12 की परीक्षा पास होना अनिवार्य है।
- आवेदन के इच्छुक उम्मीदवारों का किसी भी मान्यता प्राप्त सरकारी या प्राइवेट स्नातक बीडीएस संस्थान में नामांकित होना चाहिए।
- छात्र के परिवार की सालान वार्षिक आय 8 लाख से कम होनी चाहिए।
- यह स्कॉलरशिप प्रोग्राम का लाभ सिर्फ भारतीय नागरिकों के लिए है।

## डॉक्यूमेंट्स

- आवेदक का पासपोर्ट आकार का फोटो
- आय प्रमाण (फॉर्म 16ए/सरकारी प्राधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र/बीपीएल प्रमाण पत्र/वेतन पर्ची, आदि)
- छात्रवृत्ति आवेदक का बैंक खाता विवरण (रद्द चेक/पासबुक कॉपी)
- प्रवेश का प्रमाण (कॉलेज आईडी कार्ड/बोनाफाइड प्रमाणपत्र, आदि)
- पिछली कक्षा की मार्कशीट या ग्रेड कार्ड
- वर्तमान शैक्षणिक वर्ष की शुल्क रसीद
- फोटो पहचान प्रमाण (आधार कार्ड)
- विकलांगता प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)

## स्कॉलरशिप का लाभ

इस स्कॉलरशिप प्रोग्राम के तहत 11वीं के छात्रों को 2 साल तक 20,000 रुपए, ग्रेजुएशन व डिप्लोमा धारक छात्रों को तीन सालों तक 30,000 रुपए, अंडरग्रैजुएट/इंजिनियरिंग के स्टूडेंट्स को 4 सालों तक 30,000 रुपए, वोकेशनल कोर्स कर रहे छात्रों को 1 साल तक 20,000 रुपए और स्पोर्ट्सपर्सन को 3 सालों तक 75-75 हजार रुपये मिलेगा।

# 'भूत बंगला में अक्षय कुमार के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी मिथिला पालकर, बहन के किरदार में आएंगी नजर



भूत बंगला 2026 की उन फिल्मों में से है जिसका दर्शकों को सबसे ज्यादा इंतजार है. इसकी सबसे बड़ी वजह है बॉलीवुड की ओजी जोड़ी अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की 16 साल बाद हो रही धमाकेदार वापसी. बालाजी मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बन रही इस फिल्म ने उन फैंस के बीच जबरदस्त एक्साइटमेंट पैदा कर दी है, जो इस जोड़ी की आइकॉनिक कॉमेडी फिल्में देख-देखकर बड़े हुए हैं. हर कोई उस सिग्नेचर ह्यूमर और हंसी के जादू को दोबारा पर्दे पर देखने के लिए बेताब है जिसने पिछली कई फिल्मों को यादगार बनाया था. इस इंतजार को और बढ़ाते हुए अक्षय कुमार ने हाल ही में फिल्म की कास्ट में एक नया नाम जोड़ा है, मिथिला पालकर. अक्षय ने बताया कि मिथिला फिल्म में उनकी बहन का किरदार निभाती नजर आएंगी. इस फ्रेश कास्टिंग ने कहानी में




एक नया एंगल जोड़ दिया है, और अब फैंस बस इस जोड़ी के ऑन-स्क्रीन मैजिक का इंतजार कर रहे हैं. अक्षय कुमार ने ख़ुद इस बारे में बताते हुए कहा, मिथिला ने अपना सफर इंटरनेट से शुरू किया था और आज वह कई फिल्मों में काम कर रही हैं. और जल्द ही, वह एक ऐसे एक्टर के साथ नजर आएंगी जिसे मैं बहुत अच्छी तरह जानता हूं, गेस कीजिए कौन? मैं खुद! भूत बंगला में मिथिला भूत का नहीं, बल्कि मेरी बहन का किरदार निभाती दिखेंगी. फैंस भूत बंगला के लिए बेहद एक्साइटेड हैं. यह फिल्म न केवल अक्षय और प्रियदर्शन की ओजी जोड़ी को 16 साल बाद वापस ला रही है, बल्कि यह एक कम्पलीट फैमिली एंटरटेनर होने वाली है. इसमें भरपूर कॉमेडी, मजेदार अफरा-तफरी और दिल को छू लेने वाले पल देखने को मिलेंगे. दर्शक अक्षय कुमार को उनके पुराने अंदाज और जबरदस्त कॉमिक टाइमिंग में देखने की उम्मीद कर रहे हैं, वहीं प्रियदर्शन वही पुराना जादू और कहानियों का वो देसी तड़का वापस ला रहे हैं जिसने उनकी पिछली फिल्मों को यादगार बनाया था. बालाजी मोशन पिक्चर्स और केप ऑफ गुड फिल्म्स के बैनर तले बन रही इस फिल्म में अक्षय कुमार के साथ वामिका गब्बी, परेश रावल, तब्बू और राजपाल यादव जैसे दिग्गज कलाकार नजर आएंगे. फिल्म के प्रोड्यूसर अक्षय कुमार, शोभा कपूर और एकता आर कपूर हैं. तैयार हो जाइए, भूत बंगला 10 अप्रैल, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है.

## निखिल सिद्धार्थ अभिनीत पैन-इंडिया ऐतिहासिक महाकाव्य स्वयंभू का दमदार टीज़र जारी

निखिल सिद्धार्थ अपने करियर के सबसे बड़े चैप्टर में स्वयंभू के साथ कदम रख रहे हैं। यह एक बड़ी पैन-वर्ल्ड फिल्म है जिसे भरत कृष्णमाचारी ने डायरेक्ट किया है और पिक्सल स्टूडियोज़ के भुवन और श्रीकर ने प्रोड्यूस किया है, जिसे टैगोर मधु प्रेजेंट कर रहे हैं। एक एपिक पीरियड एक्शन सागा के तौर पर सोची गई यह फिल्म बड़े लेवल पर, हाई-वोल्टेज ड्रामा और निखिल के एक ज़बरदस्त, पहले कभी न देखे गए अवतार का वादा करती है। मेकर्स ने एक दमदार टीज़र के साथ प्रमोशन शुरू कर दिया है। टीज़र सेंगोल की पौराणिक कथाओं के साथ टोन सेट करता है - भगवान शिव द्वारा श्री राम को दिया गया दिव्य राजदंड। यहाँ तक कि इस पवित्र प्रतीक को भी वनवास का सामना करना पड़ता है, इसे वापस पाने के लिए क्रूर युद्ध छिड़ जाते हैं। राज्य गिर सकते हैं, लेकिन सेंगोल अजेय रहता है। इस महत्वपूर्ण मोड़ पर नायक एक निडर योद्धा के रूप में उभरता है जो केवल ताकत पर नहीं, बल्कि अटूट वीरता पर भरोसा करता है। धर्म के पुनरुत्थान के लिए युद्ध उसकी नियति बन जाता है। डायरेक्टर भरत कृष्णमाचारी सेंगोल की प्राचीन उत्पत्ति की खोज करके इतिहास के एक कम ज्ञात अध्याय को खोदते हैं। वह भारतीय इतिहास और पौराणिक कथाओं को 985 एडी की पृष्ठभूमि में एक मनोरंजक युद्ध महाकाव्य में मिलाते हैं। उनकी बारीक डिटेलिंग, पैमाना और दुनिया-निर्माण हर फ्रेम में चमकता है। निखिल सिद्धार्थ अपने अब तक के सबसे क्रूर और आधिकारिक अवतार में दिखाई देते हैं। लंबे योद्धा बाल, घुंघराले मूंछें, खुरदरी दाढ़ी और तराशी हुई काया के साथ, वह एक युद्ध-प्रशिक्षित नायक की भूमिका में फिट बैठते हैं। टीज़र में उन्हें ज़बरदस्त लड़ाई में दिखाया गया है, जिसमें वे रॉ फिज़िकल और स्क्रीन प्रेजेंस के साथ खतरनाक स्टंट करते हैं। संयुक्ता और नाभा नतेश पारंपरिक महिला रोल से हटकर, मज़बूत और असरदार किरदारों में दिख रही हैं। टीज़र में सुब्बाराजू, सुनील और दूसरों की झलक भी दिखती है - हर कोई कहानी के लिए बहुत ज़रूरी लगता है। टेक्निकली, फ़िल्म एक बड़े कैनवस पर बनी है। प्रोडक्शन डिज़ाइनर एम प्रभाहरन और रवींद्र ने राजाओं के असली दौर को फिर से बनाया है, जबकि केके सेंथिल कुमार की सिनेमैटोग्राफी ज़बरदस्त विज़ुअल वज़न देती है। हर फ्रेम में स्केल और असलीपन झलकता है। रवि बसरूर का बैकग्राउंड स्कोर ड्रामा को और बढ़ाता है, और टॉप इंडियन स्टूडियोज़ द्वारा हैंडल किया गया वीएफ़एक्स, हॉलीवुड स्टैंडर्ड तक पहुँचता है। विजय कामिसेट्टी के डायलॉग दमदार हैं, जबकि किंग सोलोमन और स्टन शिवा की एक्शन कोरियोग्राफी, तम्मीराजू की कसी हुई एडिटिंग के साथ मिलकर, फ़िल्म को इंटरनेशनल एक्शन बेंचमार्क तक ले जाती है। प्रोडक्शन वैल्यूज़ बिना किसी शक के टॉप-टियर हैं। कुल मिलाकर, स्वयंभू का टीज़र उम्मीदों को काफी बढ़ा देता है। इसे हैदराबाद में प्रसाद के पीसीएक्स थिएटर में 3डी फ़ॉर्मेट में दिखाया गया था, और जिन्होंने इसे देखा, वे इसकी शानदार विज़ुअल्स, गहरी गहराई और ज़बरदस्त स्केल देखकर हैरान रह गए। मेकर्स के गर्मियों में रिलीज़ की ऑफिशियली पुष्टि करने के साथ, अब उत्साह चरम पर पहुँच गया है। जैसे-जैसे हर नए खुलासे के साथ चर्चा बढ़ती है, दर्शक एक ज़बरदस्त सिनेमाई मैग्नम ओपस देखने के लिए तैयार हो सकते हैं—एक ऐसी फ़िल्म जो पीरियड एक्शन जॉनर को फिर से परिभाषित करने का वादा करती है। यह फ़िल्म तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम, हिंदी, चीनी, स्पेनिश और अरबी भाषाओं में पैन वर्ल्ड रिलीज़ के लिए तैयार है।





## सेयोन का टीजर हुआ रिलीज, कमल हासन की फिल्म में नए अंदाज में नजर आए शिवकार्तिकेयन


कमल हासन की फिल्म सेयोन का दमदार टीजर रिलीज हो चुका है। टीजर में शिवकार्तिकेयन भगवान विरुमंदी के रूप में नजर आए। इस फिल्म के निर्देशक शिवकुमार मुरुगेसन हैं और फिल्म का निर्माण कमल हासन ने किया है। शिवकार्तिकेयन का 41वां जन्मदिन के मौके पर निर्माताओं ने उनकी नई फिल्म सेयोन का पहला टीजर रिलीज किया है। यह टीजर काफी दमदार है और शिवकार्तिकेयन के फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। टीजर में शिवकार्तिकेयन एक बहुत ताकतवर और लगभग भगवान जैसे किरदार में नजर आ रहे हैं, जिसे लोग भगवान विरुमंडी कहकर बुलाते हैं। कहानी एक गांव के मंदिर उत्सव (मासी कलारी) के दौरान शुरू होती है, जहां पुलिस एक झगड़े की जांच कर रही है। लोग एक रहस्यमयी व्यक्ति के बारे में बात करते हैं। जब शिवकार्तिकेयन का किरदार थाने पहुंचता है, तो लोग उनके पैर छूते हैं और बहुत सम्मान से स्वागत करते हैं। एक पुलिस इंस्पेक्टर कहता है, ये भगवान विरुमंडी हैं। एक बुजुर्ग महिला चिल्लाती है, ओजी वापस आ गया है। इसके बाद एक झड़प होती है, जिसमें उनका किरदार किसी से हाथापाई करता है। देखते ही देखते यह पूरा सीन जोरदार एक्शन में बदल जाता है। फिल्म का नाम सेयोन है और इसमें विरुमंडी का जिक्र कमल हासन की पुरानी फिल्म विरुमंडी (2004) से जोड़ा गया है, जिसमें उन्होंने मुख्य भूमिका निभाई थी। टीजर में एक व्यक्ति बताता है कि शिवकार्तिकेयन का किरदार पहले सेना में था और बाद में गांव के संघर्ष में शामिल हो गया। यह फिल्म शिवकार्तिकेयन और निर्देशक शिवकुमार मुरुगेसन की साथ में पहली फिल्म है। कमल हासन की कंपनी राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल इसे बना रही है। फिल्म में संगीत संतोष नारायणन का है। यह फिल्म अक्तूबर 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।




## अनिल कपूर की एक्शन ड्रामा फिल्म सूबेदार का धमाकेदार टीजर रिलीज, 5 मार्च को प्राइम वीडियो पर होगा प्रीमियर

प्राइम वीडियो ने अपनी आने वाली प्राइम ऑरिजिनल एक्शन-ड्रामा मूवी सूबेदार के वर्ल्डवाइड प्रीमियर की घोषणा कर दी है। यह फिल्म 5 मार्च को प्रीमियर के लिए तैयार है। सुरेश त्रिवेणी ने फिल्म सूबेदार का निर्देशन किया हैं और इसे विक्रम मल्होत्रा, अनिल कपूर, और सुरेश त्रिवेणी ने साथ मिलकर प्रोड्यूस किया है। ओपनिंग इमेज फिल्म्स प्रोडक्शन द्वारा अनिल कपूर फिल्म एंड कम्युनिकेशन नेटवर्क के साथ मिलकर तैयार की गई ये फिल्म बेहद दमदार और जज्बातों से भरी एक्शन-ड्रामा है। सूबेदार की कहानी सुरेश त्रिवेणी और प्रज्वल चंद्रशेखर ने लिखी है जिसमें अनिल कपूर और राधिका मदान मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं, साथ ही सौरभ शुक्ला, आदित्य रावल, फैजल मलिक और मोना सिंह ने भी अहम किरदार निभाए हैं। सूबेदार फिल्म में एक रिटायर्ड फौजी, सूबेदार अर्जुन मौर्या की जिंदगी के उतार-चढ़ाव भरे सफ़र को दिखाया गया है, जो आज की बदलती दुनिया में सुकून पाने की तलाश में है, जहाँ उसके उन उसूलों पर सवाल उठाए जा रहे हैं जिसके सहारे उसने जिंदगी बिताई है। फिल्म में अनिल कपूर ने ज़बरदस्त अभिनय किया है, जो अपराध और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ते हैं, साथ ही अपने बिखरे हुए परिवार को जोड़ने की कोशिश करते हुए हमेशा सही का साथ देते हैं। भारत का हृदयस्थल में बसी, इस फिल्म में समाज के गिरते स्तर के बीच सम्मान तलाशने की दमदार कहानी को बड़ी संजीदगी से पर्दे पर दिखाया गया है। प्राइम वीडियो इंडिया के डायरेक्टर और ऑरिजिनल्स के हेड, निखिल मधोक ने कहा, सूबेदार एक ज़बरदस्त एक्शन फिल्म होने के साथ-साथ बाप-बेटी की दिल को छू लेने वाली कहानी भी है। इस फिल्म में अनिल



कपूर का अभिनय शानदार है, जो एक एक्शन हीरो के तौर पर शुरू से ही दर्शकों का दिल जीत लेंगे। सुरेश त्रिवेणी, अनिल कपूर, विक्रम मल्होत्रा और सूबेदार की पूरी टीम के साथ मिलकर काम करना हमारे लिए गौरव की बात है। प्रोड्यूसर विक्रम मल्होत्रा ने बताया, सूबेदार सही मायने में जबरदस्त फिल्म है, और इस तरह के मुख्य किरदार को शायद दर्शकों ने पहले कभी नहीं देखा होगा, जो देश सेवा, अनुशासन और बलिदान की मूरत है। शुरुआत से ही, मुझे यह कहानी पसंद आई, जो धमाकेदार होने के साथ-साथ दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने वाली है। रिश्तों को करीब से दिखाने वाली इस फिल्म का सिनेमाई स्तर भी अव्वल दर्जे का है।

## वन पीस में दिशा पाटनी ने दिए लाजवाब पोज

बॉलीवुड की सबसे खूबसूरत अदाकाराओं के बारे में जिक्र किया जाए तो उसमें दिशा पाटनी का नाम जरूर शामिल होगा। दिशा पाटनी वो बी टाउन एक्ट्रेस हैं, जो आए दिन अपनी शानदार तस्वीरों के जरिए महफिल लूटती हुईं नजर आती हैं। अभिनेत्री दिशा पाटनी सोशल मीडिया पर अपनी खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरों में देखा जा सकता हैं कि उन्होंने वन पीस में कई पोज दिए हैं। तस्वीरें शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा है मेरी सबसे प्यारी तस्वीर। दिशा की तस्वीरों को फैंस पसंद कर रहे हैं और उस पर कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा आप हमेशा से खूबसूरत हैं। एक दूसरे यूजर ने उन्हें एशिया क्वीन बताया हैं। हाल ही में दिशा तमिल फिल्म कंगुवा में नजर आई थी। अगली बार वह फिल्म आवारपन 2 और वेलकम टू द जंगल में आने वाली हैं। वह तमिल-अंगे्रजी फिल्म हिलेरियस गाइर्स सांगा का भी हिस्सा होंगी। अक्सर देखा गया है कि दिशा पाटनी जब भी सोशल मीडिया पर कोई तस्वीर शेयर करती हैं, वो चंद मिनटों में फैंस के बीच चर्चा का विषय बन जाती है। आलम ये है कि हमेशा की तरह इस बार भी दिशा की ये लेटेस्ट तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं। दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की फिल्म एमएस धोनी-द अनटोल्ड स्टोरी से हिंदी सिनेमा में डेब्यू करने वालीं दिशा पाटनी ने अब तक अपनी कमाल की अदाकारी से हर किसी को प्रभावित किया है।



## मेगास्टार चिरंजीवी की विश्वम्भरा सबसे ज़्यादा बजट वाली फ़िल्म

विश्वम्भरा चिरंजीवी की सबसे महंगी फिल्म बन गई है, जिसका बजट 250 करोड़ से ज़्यादा है, जिससे यह एक ऐसी रिलीज़ बन गई है जिसका बेसब्री से इंतज़ार था। फिल्म का शुरुआती बजट 150 - 200 करोड़ था, जिसमें अकेले चिरंजीवी का मेहनताना लगभग 75 करोड़ था। बजट में बढ़ोतरी की वजह देरी और बड़े पैमाने पर सीजी रीवर्क है, जो फिल्म के बड़े स्केल और शानदार विज़ुअल्स को दिखाता है। फिल्म की रिलीज़ डेट अभी ऑफिशियली अनाउंस नहीं हुई है, लेकिन इंडस्ट्री की चर्चा है कि यह जुलाई में रिलीज़ होगी। बड़े इन्वेस्टमेंट को रिकवर करने के लिए, विश्वम्भरा को अच्छा बिज़नेस करने और बड़ी डिस्ट्रीब्यूशन डील्स करने की ज़रूरत है। आने वाले प्रमोशनल कंटेंट से उम्मीद है कि फिल्म का बड़ा स्केल दिखाया जाएगा, जिससे ऑडियंस इम्प्रेस होगी। विश्वम्भरा एक सोशियो फैंटेसी ड्रामा फिल्म है जिसे वशिष्ठ ने डायरेक्ट किया है, जिसमें चिरंजीवी, त्रिशा कृष्णन और आशिका रंगनाथ हैं। म्यूजिक एमएम कीरवानी ने दिया है, और सिनेमैटोग्राफी छोटा के नायडू ने की है। फिल्म का



वीएफएक्स बजट खबर है कि 75 करोड़ है, जिसमें पोस्ट प्रोडक्शन क्वालिटी को बेहतर बनाने के लिए इंटरनेशनल आर्टिस्ट को लाया गया है। इतनी ज़्यादा उम्मीदों के साथ, विश्वम्भरा को अपने बड़े इन्वेस्टमेंट को रिकवर करने के लिए चिरंजीवी की लेटेस्ट ब्लॉकबस्टर, माना शंकर वर प्रसाद गारू से भी बेहतर परफॉर्म करना होगा। फिल्म की सफलता इसके रिकॉर्ड तोड़ने वाले बजट को सही ठहराने के लिए ज़रूरी है।

## श्रीनिवास मंगपुरम से जया कृष्णा का फर्स्ट लुक जारी

श्रीनिवास मंगलापुरम से जया कृष्णा का फर्स्ट लुक रिलीज़ हो गया है। सुपरस्टार कृष्णा के पोते, जया कृष्णा आरएक्स100 और मंगलावरम फेम के अजय भूपति के डायरेक्शन में ऑन-स्क्रीन डेब्यू कर रहे हैं। फिल्म का नाम श्रीनिवास मंगलापुरम है और आज मेकर्स ने फर्स्ट लुक रिलीज़ किया। महेश बाबू ने फिल्म से जया कृष्णा का फर्स्ट लुक रिलीज़ किया और मेकर्स को शुभकामनाएं दीं। फर्स्ट लुक में जया कृष्णा एक स्टाइलिश अवतार में बाइक चलाते हुए और अपनी बंदूक से अपने दुश्मनों पर फायर करने के लिए तैयार दिख रहे हैं। अपने घुंघराले बालों के साथ वह हैंडसम लग रहा था



और हालात के हिसाब से उसके इंटेंस एक्सप्रेशन खतरनाक हो जाते थे। उसने रिस्ट बैंड और ब्लैक टी-शर्ट पहनी हुई थी। इस फिल्म में पुरानी एक्ट्रेस रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी फीमेल लीड रोल में हैं। यह राशा की टॉलीवुड में पहली फिल्म है। जीवी. प्रकाश कुमार म्यूज़िक डायरेक्टर हैं और फिल्म को पी. किरण ने अपने चंदमामा कथालू बैनर तले प्रोड्यूस किया है। अश्विनी दत्त फिल्म को प्रेजेंट कर रहे हैं।

# जिम्बाब्वे पर बड़ी जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

» मैच शाम सात बजे शुरू होगा

एजेंसी, चेन्नई




भारतीय क्रिकेट टीम गुरुवार को यहां सुपर-8 के अपने दूसरे मैच में जिम्बाब्वे पर बड़ी जीत के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम को पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका के हाथों 76 रनों की करारी हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में उसे सेमीफाइलन की उम्मीदें बनाये रखने के लिए इस मैच में बड़े अंतर से जीत चाहिये। भारतीय टीम के लिए हालांकि ये आसान नहीं है क्योंकि उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ असफल रहे थे। वहीं गेंदबाजी भी खास नहीं रही है। इसके अलावा जिम्बाब्वे का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है उसने लीग स्तर में ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका को हराया है। ऐसे में उसे कमजोर मानना भूल होगी। दक्षिण अफ्रीका से मिली हार के बाद भारतीय टीका का रन रेट भी माइनस 3.80 हो गया है। इससे उससे सेमीफाइनल की उम्मीद बनाए रखने के लिए इस मुकाबले में बड़ी जीत चाहिये। इसके लिए पारी की शुरुआत और तीसरे नंबर की असफलता से उसे उबरना होगा। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा फार्म में नहीं है। वहीं नंबर तीन पर तिलक वर्मा भी अब तक बड़ी पारी नहीं खेल पाये हैं। केवल ईशान किशन ने ही अब रन बनाये हैं। ऑफ स्पिनरों के सामने अभिषेक रन नहीं बना पा रहे हैं जिससे भी भारतीय टीम को भारत को नुकसान हो रहा है। इस टूर्नामेंट में चार मैचों में वह केवल 15 रन ही बना सके हैं जबकि उनका स्ट्राइक रेट 75 और औसत 3.75 रहा। ऐसे में उनकी जगह पर इस मैच में संजू सैमसन को उतारने की मांग हो रही है। वहीं तिलक को भी अपने प्रदर्शन को बेहतर करना होगा। अब तक केवल ईशान ने ही 193 के स्ट्राइक रेट से रन बनाये हैं। वहीं कप्तान सूर्यकुमार यादव का स्ट्राइक रेट 127 रहा है जो उनके टी20 करियर के 161 के स्ट्राइक रेट से काफी कम है जिससे ईशान पर काफी दबाव बन गया है। शिवम दुबे और हार्दिक पांड्या ने अब तक अच्छा खेला है और निचले क्रम पर इन दोनो से आगे भी बेहतर बल्लेबाजी की उम्मीदें हैं। बायें हाथ के तीन बल्लेबाजों ईशान, अभिषेक और तिलक के सामने विरोधी टीमों ने पावरप्ले में आफ स्पिनरों का उपयोग कर इनपर अंकुश लगाने का प्रयास किया है जिसमें वे सफल भी हुई हैं। इस मैच में ऑफ स्पिनरों की रणनीति को विफल करने के लिए संजू सैमसन को अवसर मिल सकता है। उनके आने से दाये और बाएं हाथ की सलामी जोड़ी बेहतर रहेगी। ऐसे में टीम प्रबंधन सूर्यकुमार को तीसरे और तिलक को चौथे नंबर पर उतार सकता है। वैसे चेपॉक की पिच से उन्हें काफी मदद मिल सकती है। जिम्बाब्वे के पास उतना खतरनाक स्पिन आक्रमण भी नहीं है। तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी , रिचर्ड एनगारावा और ब्राड इवांस को हालांकि कम नहीं आंका जा सकता है। गेंदबाजी में भी भारतीय टीम को वरुण चक्रवर्ती , जसप्रीत बुमराह से और बेहतर गेंदबाज की उम्मीद करनी होगी। पिछले मैच में भारतीय गेंदबाजों ने दक्षिण अफ्रीका के तीन विकेट 20 रन पर गिरा दिये थे पर बीच के दौर में कमजोर गेंदबाजी के कारण अफ्रीकी टीम 187 रन बनाने में सफल रही। जिससे भारतीय बल्लेबाज दबाव में आ गयी।


### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**भारतः** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, संजू सैमसन (विकेटकीपर), मोहम्मद सिराज, वॉशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह।

**जिम्बाब्वेः** सिकंदर रजा (कप्तान), ब्रायन बेनेट, रयान बर्ल, ग्रीम क्रेमर, बेन कुरेन, ब्रैड इवांस, क्लाइव मदांडे, टिनोटेंडा मापोसा, तदिवानाशे मारुमनी, वेलिंगटन मसाकाद्ज़ा, टोनी मुनयोंगा, ताशिंगा मुसेकिवा, ब्लेसिंग मुजाराबानी, डायोन मायर्स, रिचर्ड एनगारवा।

### शास्त्री ने टीम को सही रणनीति और संयोजन से उतरने की सलाह दी

एजेंसी, नई दिल्ली



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का कहना है कि अब टीम को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सुपर-8 में मिली करारी हार से सबक लेते हुए आगे के मैचों में सही संयोजन से उतरना होगा। इस मैच में मिली हार के बाद प्रबंधन के कई फैसलों पर भी सवाल उठे हैं। ऐसे में अब टीम के ऊपर बचे हुए दोनो मैचों को बड़े अंतर से जीतने का दबाब है। शास्त्री का कहना है कि अब टीम को अपने संयोजन पर फिर से विचार करना होगा। शास्त्री ने कहा, "आप लगातार 12 मैच जीतते हैं, तो एक खराब दिन आना तय है। शायद यही वह बदलाव है जिसकी भारत को जरूरत थी। यह टीम को अपनी रणनीति और संयोजन पर फिर से सोचने के लिए मजबूर कर सकता है। इस हार से उन्होंने यह सीख लिया होगा कि अब चीजों को हल्के में नहीं लिया जा सकता है क्योंकि सुपर 8 में अगर एक और मैच हारते हैं तो बाहर हो जाएंगे।" दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अक्षर पटेल की जगह पर टीम ने वाशिंगटन सुंदर को अवसर दिया पर सुंदर असफल रहे। अब अक्षर को वापस टीम में लाने की मांग बढ़ रही है। वहीं शास्त्री चाहते हैं कि सुंदर को भी टीम से बाहर न किया जाए। उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि उन्हें अक्षर को वापस लाना चाहिए। आपको उनका अनुभव चाहिए। मैं कहूंगा कि दोनों को खिलाएं। स्वयं को एक अतिरिक्त विकल्प दें। किसी भी दिन एक गेंदबाज का खराब दिन हो सकता है, जैसे रविवार को वरुण चक्रवर्ती का हुआ था। वह अपने सर्वश्रेष्ठ पर नहीं थे और इसका नुकसान टीम को हुआ। ""अगर अक्षर पटेल खेल रहे हैं, तो वह नंबर 8 पर बल्लेबाजी कर सकते हैं।,"

## तिलक को कोहली जैसी भूमिका निभानी चाहिये : कैफ

एजेंसी, मुम्बई



पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने बल्लेबाज तिलक वर्मा से कहा है कि वह विराट कोहली की तरह पारी को संवारने की भूमिका निभाऐं। कैफ का मानना है कि तिलक को तेजी से खेलने की जगह अपना स्वाभाविक खेल खेलना चाहिये। वहीं टीम प्रबंधन को भी ये स्पष्ट रूप से बताना चाहिए कि उनकी भूमिका कैसी होगी है। कैफ ने कहा कि हर टीम को एक ऐसे बल्लेबाज की जरूरत होती है जो पारी को संभाले और अंत तक लेकर जाए। उनका मानना है कि तिलक में वह क्षमता है और उन्हें उसी जिम्मेदारी पर ध्यान देनी की बात कही जानी चाहिए। एशिया कप में शानदार प्रदर्शन कर भारतीय टीम को जीत दिलाकर तिलक ने दिखाया था कि वह दबाव में लंबी पारी खेल सकते हैं पर टी20 विश्वकप में अपने कमजोर प्रदर्शन के कारण वह आलोचकों के निशाने पर हैं। तिलक इस बार पांच मैचों में 118 के स्ट्राइक रेट से 107 रन ही बना पाये है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सुपर-8 मैच में तेजी से खेलने के प्रयास में उन्होंने शुरुआत में ही विकेट गंवा दिया। इसी को देखते हुए कैफ का मानना है कि उन्हें आक्रामक रुख अपनाने की जरुरत नहीं है। इसके लिए टीम में कई अन्य बल्लेबाज हैं। कैफ ने तिलक को विराट की भूमिका अपनाने की सलाह दी। कोहली टी20 क्रिकेट में आम तौर पर एक छोर संभले रहते थे। वह पारी को संभलते हुए जरूरत पड़ने पर शॉट भी लगा देते थे। तिलक अगर इसी भूमिका पर बरकरार रहते हैं, तो वे टीम के लिए अधिक उपयोगी साबित हो सकते हैं। स्ट्राइक रेट का दबाव हर खिलाड़ी पर होता है, लेकिन अपनी शैली से समझौता करना हमेशा सही रणनीति नहीं होती।कैफ के अनुसार, अगर पूरी टीम ही आक्रमाक तेज खेलने की कोशिश करेगी तो विकेट जल्दी गिर सकते हैं। इसलिए संतुलन बनाना जरूरी है।

## बाबर आजम विश्वकप में सबसे धीमी बल्लेबाजी करने वाले खिलाड़ी बने

एजेंसी, कोलंबो




पाकिस्तान क्रिकेट टीम के बल्लेबाज बाबर आजम ने टी20 विश्वकप के दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 24 गेंदों पर 25 रनों रन ही बनाये। इस दौरान बाबर केवल दो चौके ही लगा पाये और उनका स्ट्राइक रेट 104.17 का था। इसके साथ ही उनके नाम सबसे धीमी बल्लेबाजी का अनचाह रिकार्ड दर्ज हो गया है। यह पहली बार नहीं है जब बाबर ने इतनी धीमी बल्लेबाजी की है। विश्वकप में अगर धीमी बल्लेबाजी करने वाले खिलाड़ियों की सूची पर नजर डालें तो उनमें सबसे खराब स्ट्राइक रेट बाबर का ही है। शीर्ष-5 बल्लेबाजों की इस सूची में दो और पाकिस्तानी भी मौजूद हैं। बाबर ने साल 2021 में इस टूर्नामेंट में डेब्यू किया था। तब से लेकर वह अभी तक 23 पारियां में उन्होंनें 640 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट मात्र 111.5 का रहा है, जो कम से कम टी20 वर्ल्ड कप में 500 रन बनाने वाले खिलाड़ियों में सबस कम है। बाबर आजम ने इस सूची मे अपने ही देश के मोहम्मद हफीज को ही पीछे छोड़ दिया है। हफीज का टी20 वर्ल्ड कप में स्ट्राइक रेट 111.8 का था। सूची में तीसरे नंबर पर पाकिस्तान के ही मोहम्मद रिजवान है। उन्होंने टी20 वर्ल्ड कप में 113 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। वहीं श्रीलंका के कुमार संगकारा ने 112.2 - जबकि न्यूजीलैंड के केन विलियमसन ने 112.5 के स्ट्राइक रेट से रन बनाये।

## दयानंद सिंह स्मृति महिला क्रिकेट टूर्नामेंट का ट्रायल सफलतापूर्वक संपन्न



**पटना।** मीठापुर क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में दयानंद सिंह स्मृति राज्य स्तरीय महिला क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे संस्करण का ट्रायल संपन्न हुआ। ट्रायल का उद्घाटन मुख्य संरक्षक डॉ अभिषेक कुमार ने किया उन्होंने बताया कि पूरे बिहार से लगभग ढाई सौ प्रतिभावान महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया खिलाड़ियों ने बल्लेबाजी गेंदबाजी और फील्डिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चरणकतार्ओं को प्रभावित किया। चयन समिति के सदस्य में सुशील कुमार सिन्हा, राम भगत, दिलीप कुमार चयन समिति ने खिलाड़ियों का निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से मूल्यांकन किया। इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष लक्ष्मण चौधरी, उपाध्यक्ष रिंकू गुप्ता, सचिव रणजीत सिंह, सहसचिव मीडिया प्रभारी पूजा ऋतुराज, संयोजक रजनीकांत, और विकास कुमार उपस्थित थे। आयोजन समिति ने बताया कि इस टूर्नामेंट का आयोजन स्थानीय जगजीवन स्टेडियम में होगा और इसमें कुल 6 टीम होगी, खिलाड़ियों को रंगीन पोशाक आयोजन समिति की तरफ से दिया जाएगा, पटना से बाहर के खिलाड़ियों के रहने और भोजन की व्यवस्था आयोजन समिति करेगी। आयोजन समिति ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे मंच बिहार में उभरते हुए क्रिकेट प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं आयोजन समिति ने बताया की मैच के दौरान अनुशासन एवं व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाएगा उन्होंने कहा कि मैच के दौरान किसी भी खिलाड़ी के लिए बाहरी हस्तक्षेप अयोग्यता की श्रेणी में आएगा। टूर्नामेंट को पीडीसीए से मान्यता मिल चुकी है और बीसीए से अनुमति लेने का प्रयास जारी है।

व्यापार

## भारतीय सोलर पैनल पर अमेरिका ने 126% ड्यूटी लगाईःकहा- चीन भारत के जरिए भेज रहा सस्ते प्रोडक्ट; लाओस और इंडोनेशिया पर भी टैक्स

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने भारत से आने वाले सोलर पैनलों और सेल पर 126% की शुरुआती ड्यूटी लगा दी है। अमेरिकी वाणिज्य विभाग का कहना है कि भारत अपने मैन्युफैक्चरर्स को गलत तरीके से सब्सिडी दे रहा है, जिससे अमेरिकी घरेलू कंपनियों को नुकसान हो रहा है। भारत के अलावा लाओस और इंडोनेशिया पर भी 81% से 143% तक की लेवी लगाई गई है। शुरुआती जांच के आधार पर यह फैसला लिया गया है। जांच पर अंतिम फैसला 6 जुलाई को आएगा। यानी सब्सिडी की बात साबित हो जाती है, तो यह टैक्स स्थायी हो जाएगा।

**महंगे होंगे सोलर पैनल, अब अमेरिकी मार्केट में टिकना मुश्किल-** इस फैसले से भारतीय सोलर एक्सपोर्टर्स के लिए अमेरिकी बाजार में टिकना मुश्किल हो सकता है। 126% ड्यूटी लगने का मतलब है कि इन पैनलों की कीमत अमेरिका में दोगुनी से भी ज्यादा हो जाएगी। ऐसे में अमेरिकी खरीदार भारतीय माल के बजाय लोकल कंपनियों या अन्य देशों से पैनल खरीदना पसंद करेंगे क्योंकि भारतीय प्रोडक्ट अब कॉम्पिटिशन से बाहर हो जाएंगे।

**ट्रम्प के 10% ग्लोबल टैरिफ से अलग है यह ड्यूटी-** यह टैक्स उन 10% ग्लोबल टैरिफ से अलग है, जिसकी घोषणा ट्रम्प ने हाल ही में की थी। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने पिछले हफ्ते ट्रम्प के पुराने टैरिफ प्लान को रद्द कर दिया था जिसके बाद उन्होंने नए सिरे से टैरिफ लगाए थे। अब इस नए फैसले ने इंडस्ट्री की चिंता बढ़ा दी है।

**अमेरिकी बाजार में 57% हिस्सेदारी इन तीन देशों की-** ब्लूमबर्ग एनईएफ के के मुताबिक, 2025 की पहली छमाही में अमेरिका में होने वाले कुल सोलर मॉड्यूल आयात का 57% हिस्सा भारत, इंडोनेशिया और लाओस से आया था।

भारतीय एक्सपोर्ट की बात करें तो 2024 में अमेरिका को 792.6 मिलियन डॉलर ( करीब 7,200 करोड़ रुपए) के सोलर उत्पाद भेजे गए थे, जो 2022 की तुलना में 9 गुना ज्यादा है।



**चीनी प्रोडक्ट को भारत-इंडोनेशिया के जरिए भेजने का आरोप-** अमेरिकी सोलर मैन्युफैक्चरर्स का आरोप है कि चीनी कंपनियां अमेरिकी टैरिफ से बचने के लिए भारत, इंडोनेशिया और लाओस जैसे देशों के रास्ते अपना माल भेज रही हैं। पहले चीन ने वियतनाम, मलेशिया और थाईलैंड का इस्तेमाल किया था, लेकिन जब वहां सख्ती हुई तो उन्होंने भारत और अन्य एशियाई देशों में प्रोडक्शन शिफ्ट कर दिया।

**एक्सपर्ट बोले- भारतीय कंपनियों के लिए रास्ता बंद-** सिटीग्रुप इंक के एनालिस्ट विक्रम बागरी का कहना है कि इतनी ऊंचे टैरिफ लगने के बाद अमेरिकी बाजार अब भारतीय सोलर मैन्युफैक्चरर्स के लिए लगभग बंद हो जाएगा।

**अमेरिकी कंपनियों का आरोप- सस्ते विदेशी माल से मार्केट को नुकसान-** अमेरिकी सोलर ग्रुप 'अलायंस फॉर अमेरिकन सोलर मैन्युफैक्चरिंग एंड ट्रेड' ने वाणिज्य विभाग से सब्सिडी की जांच करने की अपील की थी। ग्रुप का कहना था कि अमेरिकी मैन्युफैक्चरिंग को बचाने के लिए यह जांच जरूरी है। उन्होंने अब टैरिफ के इस फैसले का स्वागत किया है। अलायंस के मुख्य वकील टिम ब्राइटबिल ने कहा कि आज का फैसला अमेरिकी सोलर मार्केट में निष्पक्ष कॉम्पिटिशन को फिर से बहाल करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने ये भीकहा कि अमेरिकी मैन्युफैक्चरर्स देश की क्षमता बढ़ाने और अच्छी नौकरियां पैदा करने के लिए अरबों डॉलर का निवेश कर रहे हैं। अगर गलत तरीके से आयात किए गए माल को मार्केट बिगाड़ने की अनुमति दी गई, तो यह निवेश कभी सफल नहीं हो पाएगा।

## सोने और चांदी की कीमतों में तेजी



**नई दिल्ली।** घरेलू बाजार में बुधवार को सोने चांदी की कीमतों में तेजी रही। इनके वायदा भाव भी ऊपर आये। घरेलू बाजार में सोने के वायदा भाव 1,60,800 रुपये, जबकि चांदी के भाव 2,66,200 रुपये पर रहे। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोना चांदी के कारोबार में बढ़त रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत आज उछाल के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल अनुबंध आज 1,008 रुपये बढ़कर 1,60,977 रुपये के भाव पर खुला। वहीं इसका पिछला बंद भाव 1,59,969 रुपये पर था। वहीं एक समय यह अनुबंध 864 रुपये बढ़कर 1,60,833 रुपये के भाव पर कामकाज कर रहा था। ये 1,61,072 रुपये के भाव पर दिन के उच्च और 1,60,611 रुपये के भाव पर दिन के निचले स्तर पर पहुंचा। सोने के वायदा भाव 1,80,779 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर पर पहुंचे। दूसरी ओर चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी बढ़त के साथ हुई। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च अनुबंध आज 5,200 रुपये बढ़कर 2,65,944 रुपये पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 2,60,744 रुपये था। चांदी के वायदा भाव ने इस साल 4,20,048 रुपये किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत कमजोर रही। कॉमेक्स पर सोना आज 5,160 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 5,176.30 डॉलर प्रति औंस था। सोने के भाव इस साल 5,586.20 डॉलर के भाव पर सर्वोच्च स्तर पर पहुंचे। वहीं कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 87.16 डॉलर के भाव पर खुले। इसका पिछला बंद भाव 87.50 डॉलर था। एक समय ये 1.75 डॉलर की तेजी के साथ 89.25 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

## हरे निशान पर खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स 505 अंक चढ़ा, निफ्टी 25,500 के पार



**नई दिल्ली।** हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को शेयर बाजार हरे निशान पर खुला। बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी का कायम है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 504.90 अंक यानी 0.61 फीसदी की उछाल के साथ 82,730.82 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 155.20 अंक यानी 0.61 फीसदी की बढ़त के साथ 25,579.85 के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है। शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार में टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टीसीएस, इंफोसिस और एनटीपीसी जैसे शेयरों ने इंडेक्स निफ्टी में बढ़त दर्ज की है। वहीं, आयशर मोटर्स, मारुति सुजुकी, डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और कोल इंडिया के शेयरों में गिरावट देखी गई। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले मंगलवार को सेंसेक्स 1,068.74 अंक यानी 1.28 फीसदी टूटकर 82,225.92 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई का निफ्टी 228.35 अंक यानी 1.12 फीसदी लुढ़ककर 25,424.65 अंक पर बंद हुआ था।

## पीएम गतिशक्तिः एनपीजी की बैठक में रेल, मेट्रो और एयरपोर्ट प्रोजेक्ट्स की हुई समीक्षा

नई दिल्ली, 25 फरवरी (हि.स)। पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान को लेकर हुई एक बैठक में मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक्स दक्षता बढ़ाने पर जोर दिया गया। बैठक में दो रेलवे परियोजनाओं, एक मेट्रो परियोजना और एक हवाई अड्डा परियोजना का मूल्यांकन किया गया। इन परियोजनाओं से लॉजिस्टिक्स लागत कम होने, यात्रा समय घटने और परियोजना क्षेत्रों में सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि नेटवर्क योजना समूह (एनपीजी) की 109वीं बैठक उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) में हुई। यह बैठक अवसंरचना परियोजनाओं के मूल्यांकन के लिए बुलाई गई थी। इस बैठक में प्रमुख अवसंरचना परियोजनाओं का मूल्यांकन किया गया। इसमें बताया गया कि रेल मंत्रालय ने पंजाब, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर राज्यों से होकर गुजरने वाली 210.750 किलोमीटर लंबी तीसरी रेल लाइन का निर्माण प्रस्तावित किया है। प्रस्तावित मार्ग में 27 स्टेशन होंगे। यह जालंधर, होशियारपुर, कांगड़ा, पठानकोट, कठुआ और सांबा जैसे प्रमुख जिलों से होकर गुजरेगी।




इस परियोजना का उद्देश्य इस रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण कॉरिडोर पर रेल क्षमता को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाना और कनेक्टिविटी को मजबूत करना है। इसके अलावा रेल मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश राज्यों में मानिकपुर और इटारसी के बीच 518.532 किलोमीटर की तीसरी रेल लाइन के निर्माण का प्रस्ताव रखा है। प्रस्तावित मार्ग चित्रकूट, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर और नर्मदापुरम जैसे प्रमुख जिलों से होकर गुजरता है, जिससे उत्तरी और मध्य भारत को जोड़ने वाले एक महत्वपूर्ण गलियारे पर रेल संपर्क मजबूत होता है। प्रस्तावित तीसरी रेल लाइन से परिचालन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होने, नेटवर्क की मजबूती में सुधार होने और बढ़ती यातायात मांग को पूरा करने तथा भीड़भाड़ को कम करने के लिए अतिरिक्त रेल सेवाओं की शुरुआत होने की उम्मीद है।

## मार्च में बैंक 18 दिन बंद रहेंगेः5 रविवार और 2 शनिवार के अलावा अलग-अलग जगहों पर 11 दिन कामकाज नहीं होगा




**नई दिल्ली।** अगले महीने यानी मार्च में देश के अलग-अलग राज्यों में कुल 18 दिन बैंकों में कामकाज नहीं होगा। RBI की ओर से जारी कैलेंडर के अनुसार, अगले महीने 5 रविवार और दूसरे-चौथे शनिवार के अलावा 11 दिन अलग-अलग जगहों पर बैंक बंद रहेंगे। ऐसे में अगर आपको अगले महीने बैंक से जुड़ा कोई जरूरी काम हो तो इन छुट्टियों को ध्यान में रखना होगा। यहां देखें मार्च 2026 में आपके राज्य या लोकेशन में बैंक कब-कब बंद रहेंगे...

**ऑनलाइन बैंकिंग के जरिए निपटा सकेंगे काम-** आप बैंकों की छुट्टी के बावजूद ऑनलाइन बैंकिंग और ATM के जरिए पैसे का लेनदेन या अन्य काम कर सकते हैं। इन सुविधाओं पर बैंकों की छुट्टियों का कोई असर नहीं पड़ेगा।

**मार्च में शेयर बाजार में 12 दिन कारोबार नहीं-** मार्च 2026 में शेयर बाजार में 12 दिन कारोबार नहीं होगा। इसमें 9 दिन शनिवार और रविवार को कारोबार नहीं होगा। इसके अलावा शेयर बाजार 3 मार्च को होली, 26 मार्च को श्री रामनवमी और 31 मार्च को श्री महावीर जयंती पर भी बंद रहेगा।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोनः 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।